ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 19 जून 2024
वर्ष 2, अंक 299, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



हम तैयार, कुछ खास करने की उत्सुकता 2
जूनियर एनटीआर-जाह्नवी थाईलैंड में शूटिंग करेंगे 14

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी, सेंसेक्स-निफ्टी का नया रिकॉर्ड

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच घरेलू स्तर पर बैंक और आईटी सेक्टर के शेयरों में लिवाली से मंगलवार को दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए।

कारोबारियों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की तरफ से भारतीय बाजार में नए सिरे से निवेश प्रवाह बढ़ने से भी निवेशकों की धारणा को बल मिला। यह बाजार में तेजी का लगातार चौथा सत्र रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 308.37 अंक यानी 0.40 प्रतिशत



- सेंसेक्स ने 77,366.77 अंक के नए उच्चतम स्तर को छुआ

चढ़कर 77,301.14 अंक के नए शिखर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स ने 374 अंक उछलकर 77,366.77 अंक के नए उच्चतम स्तर को छू लिया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 92.30 अंक यानी 0.39 प्रतिशत बढ़कर 23,557.90 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 113.45 अंक चढ़कर 23,579.05 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

### चुनावी नतीजों के बाद बढ़त बना रहा बाजार

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा भारतीय बाजारों ने एक बार फिर नया रिकॉर्ड बनाया। चुनावी नतीजों के बाद हासिल बढ़त को बाजार धीरे-धीरे बढ़ा रहा है। आगामी बजट को लेकर भी बाजार सकारात्मक प्रतिक्रिया दर्शा रहा है। उम्मीद है कि बजट में वृद्धि और लुभावने कदमों के बीच संतुलन रहेगा।

# एकेटीयू के बैंक खाते से उड़ाए 120 करोड़, सात गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

## बैंक अधिकारी बन एकेटीयू के अधिकारियों को 7.72 प्रतिशत ब्याज का दिया ऑफर

- एकेटीयू के अकाउंट अफिसर बन बैंक को एफडी का दिया लालच
- फर्जी मेल आईडी बनाकर दोनों जगह भेजा ऑफर लेटर

अमृत विचार : जालसाजों ने अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) के बैंक खाते में सेंध लगाते हुए 120 करोड़ रुपये उड़ा लिए। साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने इसका खुलासा करते हुए यूपी और गुजरात के सात जालसाजों को गिरफ्तार किया और विवि के खाते में 99 करोड़ रुपये वापस कराए। गिरोह के मास्टरमाइंड समेत पांच अन्य की तलाश की जा रही है। गिरोह का तार अहमदाबाद और सूरत से जुड़े हैं।

डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक, एक जालसाज फर्जी बैंक अधिकारी बनकर एकेटीयू के अधिकारियों को 7.72 प्रतिशत ब्याज दिलाने का झांसा दिया। फिर बैंक में एकेटीयू का अफसर बनकर पहुंचा और एक साथ 300 करोड़ रुपये की एफडी कराने की बात कही। दोनों तरफ से रजामंदी होने के बाद यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की बापू भवन शाखा में एकेटीयू का खाता खोलकर 120 करोड़ जमा करा दिए। रकम खाते में आने के बाद से 100 करोड़ रुपये गुजरात के अहमदाबाद के एक ट्रस्ट में ट्रांसफर कर दिए। इस रकम में 1.20 करोड़ जालसाजों ने निकाल भी लिये।

**ये हुए गिरफ्तार :** उन्नाव हसनगंज के पानापुर खुर्द मलकादीन का राजेश बाबू, मानसरोवर योजना कानपुर रोड निवासी गिरीश चंद्र, अमेठी के मुसाफिसरखाना सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### असली कागज पर खेला फर्जीवाड़े का खेल

जालसाजों ने बैंक और एकेटीयू के असली कागजों का सहारा था। एकेटीयू से 120 करोड़ की एफडी कराने के लिए असली पत्र हासिल किया। वहीं, एकेटीयू में बैंक अधिकारी बनकर अधिक ब्याज देने का असली पत्र हासिल किया। इतना ही नहीं, खाते के संचालन के लिए एक व्यक्ति को नामित भी कराया।

### बनाए दो फर्जी ई-मेल

फर्जीवाड़े के लिए जालसाजों ने दो ई-मेल बनाए। एकेटीयू को मेल करने के लिए बैंक का फर्जी मेल आईडी ubin0803448@unionbanks.co.in बनाया और एकेटीयू के मेल आईडी fo@aktu.ac.in पर ऑफर लेटर भेजा। वहीं, एकेटीयू की फर्जी मेल आईडी fo@aktufinance.in बनाकर बैंक की आईडी ubin0803448@unionbankofindia.bank पर मेल किया।

## एक नजर

### गुवाहाटी उच्च न्यायालय को दो और स्थायी न्यायाधीश मिले

**गुवाहाटी।** न्यायमूर्ति सुष्मिता फूकन खौंड और न्यायमूर्ति मिताली ठाकुरिया ने मंगलवार को गुवाहाटी उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश विजय बिश्नोई ने दोनों न्यायाधीशों को शपथ दिलाई। ये दोनों पहले अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थे, तथा पिछले सप्ताह ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इन्हें स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया था। उच्च न्यायालय में अब 24 स्थायी न्यायाधीश हैं।

### अयोध्या एयरपोर्ट को मिला साढ़े चार साल का लाइसेंस

**अयोध्या।** डीजीसीए ने अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को साढ़े चार साल का लाइसेंस दिया है। डायरेक्टर विनोद गर्ग ने बताया कि अभी तक एयरपोर्ट के पास छह महीने का ही लाइसेंस था, जिसकी समयावधि 13 जून तक ही थी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने 30 दिसंबर को एयरपोर्ट का लोकार्पण किया था। अयोध्या-हैदराबाद बंद हुई स्पाइस जेट फ्लाइट की जगह अब अकासा ने उड़ान शुरू कर दी है।

### डोडा में आतंकी हमले के संबंध में तीन हिरासत में

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में हुए हमलों में शामिल आतंकियों की गतिविधियों के सिलसिले में सुरक्षाबलों ने एक युगल समेत तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। अधिकारियों का मानना है कि ऊंचाई वाले इलाकों में तीन से चार आतंकियों का समूह मौजूद है। भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर चत्तरगला के ऊपरी इलाकों में संयुक्त जांच चौकी पर 11 जून की रात को आतंकियों के हमले में राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी घायल हो गए थे।

### बिहार में नवनिर्मित पुल का हिस्सा ढहा

**अररिया (बिहार)।** बिहार के अररिया जिले के परारिया गांव में बकरा नदी पर नवनिर्मित पुल का एक हिस्सा मंगलवार को ढह गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। राज्य सरकार की ओर से निर्मित इस पुल को जनता के लिए अभी नहीं खोला गया था, क्योंकि पुल के संपर्क मार्ग का निर्माण नहीं हुआ है।

# 60 साल में पहली बार हैट्रिक

## वाराणसी में किसान सम्मेलन में बोले मोदी- मां गंगा ने मुझे गोद लिया

### किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त की जारी

- प्रधानमंत्री मोदी ने हर-हर महादेव से की भाषण की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ एजेंसी

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनावों के बाद मंगलवार को पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। इस दौरान आयोजित किसान सम्मान सम्मेलन में नरेन्द्र मोदी ने बटन दबाकर सम्मान निधि की 17वीं किस्त को सीधे देश भर के किसानों के खाते में भेज दी। देश भर से आईं कृषि दीदियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किया।

अपने संबोधन में मोदी ने वाराणसी की जनता का यह कहते हुए आभार जताया कि अब तो मां गंगा ने भी जैसे मुझे गोद लिया है, मैं यहीं का हो गया हूं और आपका ऋणी हूं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव ने एक नया इतिहास रचा है। दुनिया के लोकतांत्रिक देशों में ऐसा बहुत कम ही देखा गया है कि कोई चुनी हुई सरकार लगातार तीसरी बार वापसी करे। ऐसा भारत में 60 साल पहले हुआ था और अब आपने ये सौभाग्य अपने सेवक मोदी को दिया। इससे पहले मोदी ने हर-हर महादेव से अपने संबोधन की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस चुनाव में देश के 64 करोड़ से ज्यादा लोगों ने मतदान किया है। पूरी दुनिया में इससे बड़ा चुनाव कहीं और नहीं होता है। वाराणसी के राजातालाब के पास मेहंदीगंज मड़ई में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भगीरथ चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, विधान परिषद के सदस्य और भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, अन्य मंत्री और जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।



बनारस में किसान सम्मान सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रतीक चिह्न देते मुख्यमंत्री।

### दुनिया भर में स्वदेशी फूड प्रोडक्ट पहुंचाने का है सपना

प्रधानमंत्री के मुताबिक, 21वीं सदी के भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने में पूरी कृषि व्यवस्था की बडी भूमिका है। हमें ग्लोबल मार्केट को ध्यान में रखना होगा। दलहन और तिलहन में हमें आत्मनिर्भर बनना है और कृषि निर्यात में अग्रणी बनना है। बनारस का लंगड़ा आम, जौनपुर की मूली, गाजीपुर की भिंडी, ऐसे अनेक उत्पाद आज विदेशी मार्केट में पहुंच रहे हैं। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और जिला स्तर पर एक्सपोर्ट हब बनने से एक्सपोर्ट बढ़ रहा है। अब हमें पैकेज्ड फूड के ग्लोबल मार्केट में देश को नई ऊंचाई पर ले जाना है।

### मैं दिन रात मेहनत करूंगा

प्रधानमंत्री ने कहा, जब सही नीयत होती है, सेवा की भावना होती है। मैं दिन रात ऐसे ही मेहनत करूंगा। आपके सपनों, संकल्पों को पूरा करने के लिए मैं हर प्रयास करूंगा। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि अभी तक देश के करोड़ों किसान परिवारों के बैंक खाते में सवा तीन लाख करोड़ रुपए जमा हो चुके हैं। यहां वाराणसी जिले के किसानों के खाते में 700 करोड़ रुपए जमा हुए हैं।

### नई दिशा देंगी कृषि सखियां

नमो ड्रोन दीदी, आशा कार्यकर्ता और बैंक सखियों की सफलता का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, अब हम कृषि सखी के रूप में खेती को नई ताकत मिलते हुए देखेंगे। आज 30 हजार से अधिक सहायता समूहों को कृषि सखी के रूप में प्रमाणपत्र दिए गए हैं। अभी 12 राज्यों में ये योजना शुरू हुई है और आने वाले समय में पूरे देश में हजारों महिला समूहों को इससे जोड़ा जाएगा।

# नीट में 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई हो, तो उचित कार्रवाई करे सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी 2024 को रद्द कर इसे दोबारा कराने की मांग वाली याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि वह छात्रों की तकलीफ समझती है। इसलिए केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से कहा कि भले ही किसी की ओर से 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई हो, उसे स्वीकार करें और विद्यार्थियों में आत्मविश्वास जगाने के लिए उचित समय पर उचित कार्रवाई कर इस मामले को पूरी तरह निपटाया जाए। कोर्ट ने मामले में केंद्र और एनटीए को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने को कहा।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने ये टिप्पणियां करते हुए केंद्र और एनटीए के अधिवक्ता से कहा ऐसी स्थिति की कल्पना करें, अगर धोखाधड़ी करने वाला कोई व्यक्ति डॉक्टर बन जाए तो वह समाज के लिए और अधिक हानिकारक होगा। हम जानते हैं कि ऐसी परीक्षाओं की तैयारी में कितनी मेहनत लगती है। हम समय पर कार्रवाई चाहते हैं। शीर्ष अदालत ने 5 मई 2024 को परीक्षा आयोजित कर 4 जून 2024 को परिणाम घोषित करने वाली एनटीए को नसीहत देते हुए कहा एक एजेंसी के रूप में आपको निष्पक्षता से काम करना चाहिए। यदि कोई गलती हुई है तो हां कहें, यह एक गलती है और हम यह कार्रवाई करने जा रहे हैं। कम से कम यह आपके काम में विश्वास जगाता है।



- नीट यूजी 2024 मामले में याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने की सुनवाई
- कहा- धोखाधड़ी से डॉक्टर बना व्यक्ति खतरनाक, केंद्र व एनटीए को नोटिस

### 24 लाख ने दी थी परीक्षा

नीट में करीब 24 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। सफल घोषित कई विद्यार्थियों के अंकों में बढ़ोतरी के आरोप लगाते हुए कई याचिकाओं में कहा गया था कि अनियमितता की वजह से रिकॉर्ड 67 उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक हासिल की है। इनमें एक ही परीक्षा केंद्र के छह उम्मीदवार शामिल हैं।

# एयरपोर्ट और निजी कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

जयपुर, एजेंसी

- जयपुर में मिली धमकी, पुलिस टीम व बम निरोधक दस्ते ने की छानबीन

राजस्थान में जयपुर हवाईअड्डे को मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों ने परिसर की जांच की। पुलिस के अनुसार यह धमकी हवाई अड्डा प्रबंधन को ईमेल के जरिए दी गई। इसके बाद परिसर में तलाशी अभियान शुरू किया गया।

पुलिस ने बताया कि हवाई अड्डे पर बम की धमकी मिलने के बाद छानबीन की गई है लेकिन कहीं कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। जयपुर के एसएसजी पारीक पीजी कॉलेज को मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल से मिली।

### दुबई जाने वाली उड़ान को भी मिली धमकी

**चेन्नई।** चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा से 286 यात्रियों के साथ दुबई जाने वाले विमान में बम होने की अफवाह के चलते इसके उड़ान भरने में देरी हुई। पुलिस ने बताया कि विमान में बम की धमकी देने वाला ईमेल मिलने के बाद, सुरक्षा एजेंसियों ने उड़ान की गहन जांच की, जो मंगलवार को पूर्वाह्न 10.30 बजे रवाना होने वाली थी।

# मां की हत्या कर बेटे ने खेत में दफनाया शव

**एटा।** बेटे ने मां की गला दबाकर हत्या कर दी और लाश को खेत में दफना दिया। सौतेले बेटे ने पुलिस से शिकायत की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने हत्यारोपी पुत्र को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर खेत से शव बरामद कर लिया। उसने मां के चरित्र पर शक होने के चलते हत्या की बात कही है। गांव धर्मपुर निवासी गंगा सिंह ने तीन शादियां की थीं। पहली शादी श्रीदेवी से की, जिससे एक बेटा हरपाल सिंह हुआ। श्रीदेवी की मृत्यु के बाद गंगा सिंह ने दूसरी शादी सुधा के साथ की। सुधा की मृत्यु के बाद तीसरी शादी सीमा देवी (40) के साथ की थी। सीमा का बेटा रमाशंकर मां के चरित्र पर शक करता था जिससे उसने मौत के घाट उतार दिया।

# प्रदेश में लू का कहर, दरोगा समेत 50 की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर/ अयोध्या।

- कन्नौज और कानपुर में सैकड़ों चमगादड़ भी मरे
- अयोध्या में भीषण गर्मी से सिपाही समेत छह की मौत

अमृत विचार : लू की चपेट में आने से मंगलवार को कानपुर, बुंदेलखंड और अयोध्या में 50 और लोगों की मौत हो गई। इनमें बांदा के 12, महोबा के 6, कानपुर देहात के 4, हमीरपुर के 3, उरई, फतेहपुर, कन्नौज में 1-1 और कानपुर में 16, अयोध्या में 6 लोगों की मौत हो गई।

मरने वालों में एक दरोगा और एक हेड कांस्टेबल भी है। कानपुर में झांसी के समथर थाना निवासी और पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल बृज किशोर सिंह और झांसी के पुंछ थाने में तैनात कानपुर देहात के ग्राम सिंगरसीपुर निवासी दरोगा मानेंद्र सिंह की लू लगने से जान चली गई। गर्मी का ये प्रकोप रहा कि कन्नौज के गुरसहायगंज और कानपुर के नानाराव पार्क में सैकड़ों चमगादड़ों की मौत हो गई।

वहीं, रामनगरी में दो महिला समेत पांच लोगों का अलग-अलग स्थानों पर शव मिला है, जबकि पुलिस लाइन में तैनात सिपाही कुलदीप सिंह (40) की बैरक में मौत हो गई। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्टअटैक से मौत की बात कही जा रही है। इसके अलावा नयाघाट पुलिस चौकी सहित अलग-अलग जगहों पर दो महिला समेत पांच लोगों के शव मिले हैं।

### इन शहरों में दिन का अधिक रहा तापमान

| | | | |
|---|---|---|---|
| उरई | 46.4 | आगरा | 45.2 |
| कानपुर देहात | 46.3 | फतेहगढ़ | 45.1 |
| अलीगढ़ | 45.4 | बस्ती | 44.5 |
| लखनऊ | 45.3 | प्रयागराज | 42.5 |

### तीन दिन तक राहत के आसार नहीं

- 46.4 डिग्री के साथ प्रदेश में सबसे गर्म रहा उरई, कानपुर देहात दूसरे नंबर पर

**लखनऊ।** 30-35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही लू की चपेट में पूरा प्रदेश मंगलवार को भी झुलसता रहा। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अगले तीन दिन तक राहत के आसार नहीं हैं। मंगलवार को प्रदेश में सबसे अधिक गर्म उरई रहा जहां अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं पिछले दो दिन से 47 डिग्री से अधिक तामपान से झुलस रहे प्रयागराज में बीते दिन के मुकाबले 5 डिग्री कम 42.5 डिग्री अधिकतम तापमान रिकार्ड किया गया। अलबत्ता प्रदेश में सबसे गर्म रात प्रयागराज की ही रही। दूसरा सबसे गर्म जनपद कानपुर देहात रहा, जहां तापमान 46.3 डिग्री सेल्सियस रहा। लखनऊ का अधिकतम तापमान 45.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के तीन दिन बाद तापमान में कमी आने के आसार हैं।

# एफपीओ को मजबूत करने को चलेगा अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप्र. में कृषक उत्पादक सेल का होगा गठन
- राज्य में क्रियाशील हैं 3240 किसान उत्पादक संगठन

**अमृत विचार :** राज्य सरकार उत्तर प्रदेश में किसानों की आय को बढ़ाने और राज्य को फूड बास्केट ऑफ इंडिया बनाने के उद्देश्य से एफपीओ सेल गठित करेगी। इसे अभियान के तौर पर आगे बढ़ाकर राज्य में सक्रिय किसानों के किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) को वित्तीय ताकत दी जाएगी। ताकि उन्हें ओपन नेटवर्क फॉर डिजीटल कॉमर्स यानी ओएनडीसी और ई-नाम से जोड़ने की प्रक्रिया को गति प्रदान की जा सकेगी।

इसके लिए सरकार ने विस्तृत कार्ययोजना बना ली है। अगले तीन माह में अभियान के रूप में लागू कर दिया जाएगा।

शासन से मिली जानकारी के अनुसार अभियान के तहत एफपीओ को इक्विटी ग्रांट के अलावा इनपुट लाइसेंस, बीज लाइसेंस, एनएससी सीड डीलरशिप समेत तमाम लाइसेंसिंग प्रक्रिया से जोड़ने में मदद मिलेगी। उप्र. में इस समय आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना के अंतर्गत 3,240 एफपीओ यूपी शक्ति पोर्टल पर पंजीकृत हैं।

# 56 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर खरीदेगा रक्षा मंत्रालय

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सरकारी एयरोस्पेस कंपनी एचएएल से 156 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर खरीदने की प्रक्रिया निविदा जारी कर दी है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि खरीद परियोजना के तहत मंत्रालय की ओर से रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) या प्रारंभिक निविदा जारी कर दी गई है। एचएएल ने बीएसई लिमिटेड को सूचित किया है कि मंत्रालय की ओर से 156 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर की खरीद के लिए आरएफपी जारी की गई है। पिछले साल नवंबर में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने 156 प्रचंड नामक लड़ाकू हेलीकॉप्टर की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

## योजना

विधायक डिजिटल करेंगे विकास कार्यों की अनुशंसा, लापरवाही पर देंगे जवाब

# अब एमएलए पोर्टल से होंगे विधायक निधि के कार्य

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : जल्द विधायक अपनी निधि के कार्य पत्राचार की बजाय डिजिटल करेंगे। ग्राम्य विकास विभाग ने एमएलए एलएडीएस (मेंबर ऑफ लेजिस्लेटिव असेंबली लोकल एरिया डेवलपमेंट स्कीम) पोर्टल बनाया है।

इस पर विधायक विकास कार्यों के प्रस्ताव की अनुशंसा करेंगे, जो अब तक पत्राचार द्वारा किया जाता है। पोर्टल से समय की बचत के साथ पारदर्शिता आएगी। साथ ही विधायक, कार्यदायी संस्था व जिला ग्राम्य विकास अभिकरण की जवाबदेही होगी। क्योंकि अनुंशसा से लेकर कार्य पूर्ण होने तक की पूरी प्रक्रिया पोर्टल से होगी।

इसमें अधिकारी, कार्यदायी संस्था के साथ माननीय अनदेखा या प्रक्रिया लंबित रखते हैं तो जवाब देना होगा। इस पोर्टल से जनता भी कार्यों की स्थिति जान सकेगी। इतना ही नहीं, यह भी पता नहीं चल पाता कि कौन-सी एजेंसी या ठेकेदार काम करवा रहा है, लेकिन नई वेबसाइट पर इसकी भी जानकारी होगी पोर्टल से समय की बचत के साथ पारदर्शिता आएगी। पोर्टल से प्रक्रिया होने पर एक-दूसरे विभाग से सूचना नहीं लेनी पड़ेगी। न ही विकास भवन के चक्कर लगाने पड़ेंगे।

**विशेष**



- पोर्टल का प्रशिक्षण और परीक्षण शुरू, दो माह बाद होगा लागू

### मिलेगी लॉगिन आईडी, पीडी करेंगे फारवर्ड

पोर्टल पर काम करने के लिए विधायक, परियोजना निदेशक (पीडी) जिला ग्राम्य विकास अभिकरण व कार्यदायी संस्था को एक-एक लॉगिन आईडी मिलेगी। इससे विधायक अनुशंसा कर प्रस्ताव पीडी की लॉगिन पर भेजेंगे जो मुख्य विकास अधिकारी को स्वीकृति के लिए फारवर्ड करेंगे और स्वीकृति मिलने पर पीडी कार्यदायी संस्था को भेजेंगे। स्वीकृति, इस्टीमेट, भुगतान संबंधित सभी काम इसी तरह होंगे।

> विधायक निधि के जो भी कार्य हैं वह पोर्टल से हेंगे। अनुशंसा, स्वीकृति, इस्टीमेट, खरीद, भुगतान संबंधित अन्य कार्यों की प्रगति पोर्टल पर दिखेगी। इससे समय बचेगा और पारदर्शिता आएगी। करीब दो माह में पोर्टल लागू हो जाएगा।
> – राजेश त्रिपाठी, उपायुक्त, ग्राम्य विकास मुख्यालय

### पहला राज्य होगा यूपी

पत्राचार की बजाय ऑनलाइन विधायक निधि के कार्यों वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य होगा। दो माह में पोर्टल लांच कर कामकाज होने लगेंगे। मंगलवार को ग्राम्य विकास मुख्यालय में परियोजना निदेशक को पोर्टल का प्रशिक्षण दिया गया। जो कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे। इसी तरह विधायकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।



# हम तैयार, कुछ खास करने की उत्सुकता

## रोहित बोले: सुपर आठ में हर मैच खास, कोहली समेत टीम के हर खिलाड़ी ने सामान्य से अधिक समय नेट पर बिताया

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकारा कि टी20 विश्व कप का सुपर आठ चरण थोड़ा व्यस्त होने वाला है, लेकिन उनके खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं क्योंकि उनमें कुछ खास करने को लेकर वास्तविक उत्सुकता है। भारत अपने सुपर आठ अभियान की शुरुआत 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा। टीम इसके बाद बांग्लादेश (22 जून को एंटीगा) और ऑस्ट्रेलिया (24 जून को सेंट लूसिया) के खिलाफ खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से अपलोड किए गए वीडियो में रोहित ने कहा कि पहला मैच खेलने के बाद हम अगले दो मैच तीन या चार दिन के अंतराल में खेलेंगे। भारतीय कप्तान ने कहा कि यह थोड़ा व्यस्त होने वाला है, लेकिन हम इन सभी चीजों के आदी हो चुके हैं। हम बहुत यात्रा करते हैं और बहुत खेलते हैं इसलिए यह कभी बहाना नहीं बनने वाला। भारतीय टीम ने सोमवार को लंबे अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया जिसमें विराट कोहली और रोहित जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने सामान्य से अधिक समय नेट पर बिताया। रोहित ने कहा कि टीम में कुछ खास करने को लेकर बहुत उत्सुकता है। यह दूसरे चरण की शुरुआत करने का एक अच्छा तरीका है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि हर कोई अंतर पैदा करना चाहता है और हम अपने कौशल सत्रों को काफी गंभीरता से लेते हैं।

**20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ होगी भारत की सुपर आठ की शुरुआत**

उन्होंने कहा कि हर कौशल सत्र में हासिल करने के लिए कुछ होता है। आयोजकों द्वारा इस्तेमाल की गई ड्रॉप इन पिचों (दूसरे स्थान पर तैयार करके लाई गई पिच) के कारण भारतीय टीम को अमेरिकी चरण के दौरान प्रतिकूल बल्लेबाजी परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। रोहित ने कहा कि सुपर आठ में हर मैच हमारे लिए बहुत ही खास है। कैरेबियाई चरण अपने साथ परिस्थितियों से पहचान की भावना लेकर आता है और उनकी टीम इसका अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि हमने यहां बहुत सारे मैच देखे हैं, हमने यहां बहुत सारे मैच खेले हैं। इसलिए, हर कोई समझता है कि परिणाम को अपने पक्ष में करने के लिए क्या करना है। भारतीय टीम ने लीग चरण में आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को हराया जबकि कनाडा के खिलाफ उनका अंतिम ग्रुप मैच फ्लोरिडा में गीली आउटफील्ड के कारण रद्द हो गया।

## महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं कुलदीप यादव : फ्लेमिंग



नई दिल्ली, एजेंसी

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि टी20 विश्व कप के सुपर 8 में वेस्टइंडीज की पिचों से टर्न मिलने की संभावना है और ऐसे में विकेट लेने की क्षमता के कारण बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। भारत अभी तक टूर्नामेंट में तीन तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह तथा दो स्पिनरों रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल के साथ मैदान में उतरा है। फ्लेमिंग ने कहा कि अगर विकेटों से टर्न मिलता है जैसा कि टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के साथ उम्मीद की जा रही है, तो फिर कुलदीप इसमें विकेट लेने की अतिरिक्त क्षमता जोड़ सकते हैं। उनके पास अभी दोनों तरह के संयोजन आजमाने का मौका है जो कि अच्छा है लेकिन खेल में आप लकीर का फकीर बनकर नहीं रह सकते जिससे कि आप परिस्थितियों का फायदा उठाने से चूक जाओ। भारत को सुपर 8 में अपना पहला मैच गुरुवार को बारबाडोस में अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना है। भारत अभी तक बाएं हाथ के दो स्पिनर के साथ उतरा है। इनमें अक्षर को सफलता मिली, लेकिन जडेजा तीन मैच में तीन ओवर ही करें। वे एक ही तरह के कौशल वाले गेंदबाज हैं लेकिन उनमें भिन्नता भी है।

## सुपर-8 का पहला मुकाबला आज
# दक्षिण अफ्रीका को मिल सकती है कड़ी टक्कर

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के विश्व स्तरीय बल्लेबाज बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के अपने शुरुआती सुपर आठ मैच में आत्मविश्वास से भरे अमेरिका के खिलाफ अपनी ताकत दिखाने उतरेंगे तो टीम के पास गलती करने की कोई गुंजाइश नहीं होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम अब तक टूर्नामेंट में अजेय रही है और उसके गेंदबाजों ने सभी चार मैच में शानदार प्रदर्शन किया है। न्यूयॉर्क के चुनौतीपूर्ण विकेट पर तीन मैच और किंग्सटाउन में एक मैच खेलते हुए अफ्रीका ने एक बार भी 120 रन के आंकड़े को पार नहीं किया है।

उनका बल्लेबाजी प्रदर्शन उस टीम की छवि पेश नहीं करता जिसमें क्विंटन डिकॉक, हेनरिक क्लासेन, ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर जैसे कुछ बड़े हिटर हैं। लेकिन फिर भी डिकॉक, रीजा हेंड्रिक्स और कप्तान एडेन मार्कराम की मौजूदगी वाले शीर्ष क्रम पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होगा। दक्षिण अफ्रीका अपने पिछले मैच में नेपाल के खिलाफ सिर्फ एक रन से जीता था और गत चैंपियन इंग्लैंड तथा मेजबान वेस्टइंडीज की मौजूदगी वाले ग्रुप दो में होने के कारण वह अमेरिका को हल्के में नहीं ले सकता। टीम सुपर आठ चरण में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ करना चाहेगी। विश्व कप से पहले अफ्रीका की सबसे बड़ी चिंता एनरिच नोर्किया की खराब फॉर्म थी लेकिन इस स्टार तेज गेंदबाज ने ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन किया और अभी नौ विकेट लेकर टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से दूसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं।

**टीमें इस प्रकार हैं:**

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्ज़ी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिच नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

**अमेरिका :** मोनांक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रवलकर, शैडली वान शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर। **समय :** मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होगा।

## टी20 विश्व कप के बाद संन्यास लेंगे डेविड वार्नर

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि वे टी20 विश्व कप के बाद संन्यास ले लेंगे। उन्हें उम्मीद है कि वास्तविक क्रिकेट प्रेमी उन्हें ऐसे खिलाड़ी के रूप में देखेंगे, जिसने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से खेल को बदलने की कोशिश की जबकि वह एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिसे आलोचनाओं से जूझना पड़ा। इस साल की शुरुआत में टेस्ट और एकदिवसीय प्रारूप से संन्यास लेने वाले वार्नर अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे विश्व कप के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे।

सैंतीस साल के वार्नर को 2018 के सैंडपेपर गेट प्रकरण में शामिल होने के कारण क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक साल के लिए प्रतिबंधित किया था, लेकिन राष्ट्रीय टीम में वापसी के बाद से उन्हें काफी सफलता मिली। वार्नर ने कहा कि वापसी करते हुए 2018 से मैं शायद अकेला ऐसा खिलाड़ी रहा हूं जिसने बहुत आलोचना झेली है। उन्होंने कहा कि जब मैं वापस आया तो मेरे लिए चीजें आसान नहीं थी और मुझे यह पता था। मैंने अपने करियर में काफी कुछ झेला है। मैं शायद अकेला ऐसा खिलाड़ी रहा हूं जिसने बहुत आलोचना झेली है, चाहे वे लोग हों जो ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को पसंद नहीं करते या मुझे पसंद नहीं करते। वार्नर ने सभी प्रारूपों में 49 शतक और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 19000 रन बनाए हैं। वह यहां बांग्लादेश के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के सुपर आठ मुकाबले से पहले बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा से ही ऐसा महसूस करता रहा हूं जिसने इसका सामना किया है। मुझे हमेशा ऐसा लगता है कि मैंने बहुत से लोगों से बहुत दबाव कम किया है और मुझे लगता है कि मैं इसे झेलने में सक्षम रहा हूं।

# पूरन की धमाकेदार पारी से वेस्टइंडीज जीता

ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया), एजेंसी

निकोलस पूरन ने छक्के जड़ने के अपने कौशल का नमूना पेश किया, जिससे वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के अपने अंतिम मैच में अफगानिस्तान को 104 रन से करारी शिकस्त दी। दोनों टीम पहले ही सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर चुकी थी और इस मैच से ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम का निर्धारण होना था।

दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज ने पांच विकेट पर 218 रन बनाए, जिसमें पूरन ने 53 गेंद पर 98 रन का योगदान दिया। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और आठ छक्के लगाए। अफगानिस्तान की टीम इसके जवाब में 16.2 ओवर में 114 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से इब्राहिम जादरान ने सर्वाधिक 38 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए ओबेद मैकॉय ने 14 रन देकर तीन, अकील हुसैन ने 21 रन देकर दो और गुडाकेश मोती ने 28 रन देकर दो विकेट लिए। वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने मैच के बाद कहा कि हम जानते थे कि यहां का विकेट अच्छा है। गयाना और त्रिनिदाद के बाद बल्लेबाज यहां आकर रन बनाना चाहते थे। पूरन ने कड़ी मेहनत की है और पिछले 12 महीने में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह देखकर अच्छा लगा कि वह फ्रेंचाइजी क्रिकेट ही नहीं वेस्टइंडीज की तरफ से भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। अफगानिस्तान ने तीन मैच में विरोधी टीमों को 100 रन तक नहीं पहुंचने दिया था, लेकिन इस मैच में




कप्तान राशिद खान का पहले गेंदबाजी करने का फैसला पूरन ने गलत साबित कर दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से पूरन के अलावा सलामी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स (43), शाई होप (25) और पॉवेल (26) ने भी योगदान दिया। अफगानिस्तान के गुलबदीन नैब सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने दो ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लिए। अफगानिस्तान की तरफ से सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान (38), अजमतुल्लाह उमरजई (23) और करीम जनत (14) ने रन बनाने की कोशिश की लेकिन लक्ष्य बड़ा था। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस हार का हम पर प्रभाव पड़ेगा। हम जो चाहते थे हमने उसे हासिल किया। हम सुपर आठ में जगह बनाने में सफल रहे। मैच अलग-अलग पिचों पर हो रहे हैं और हमें उनसे सामंजस्य बिठाना होगा। इस स्तर पर पराजय एक अच्छा सबक है। यह हमारे लिए करो या मरो वाला मैच नहीं था। हम इसके सकारात्मक पहलुओं पर गौर करेंगे जैसे की फील्डिंग और बीच के ओवरों की गेंदबाजी। पूरन ने अपनी पारी के दौरान अजमतुल्लाह उमरजई के एक ओवर में तीन छक्के और एक चौका लगाया।

**टी-20 विश्वकप अंक तालिका**

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 4 | 3 | 0 | 7 | 1.137 | 1 |
| अमेरिका (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 0.127 | 1 |
| पाकिस्तान (बा) | 4 | 2 | 2 | 4 | 0.294 | 0 |
| कनाडा (बा) | 4 | 1 | 2 | 3 | -0.493 | 1 |
| आयरलैंड (बा) | 4 | 0 | 3 | 1 | -1.293 | 1 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 2.791 | 0 |
| इंग्लैंड (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 3.611 | 1 |
| स्कॉटलैंड (बा) | 4 | 2 | 0 | 5 | 1.255 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -2.585 | 0 |
| ओमान (बा) | 4 | 0 | 4 | 0 | -3.062 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| वेस्टइंडीज (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 3.257 | 0 |
| अफगानिस्तान (क्वा) | 4 | 3 | 1 | 6 | 1.835 | 0 |
| न्यूजीलैंड (बा) | 4 | 2 | 2 | 4 | 0.415 | 0 |
| युगांडा (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -4.510 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी (बा) | 4 | 0 | 4 | 0 | -1.268 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 0.470 | 0 |
| बांग्लादेश (क्वा) | 4 | 3 | 1 | 6 | 0.616 | 0 |
| श्रीलंका (बा) | 4 | 1 | 2 | 3 | 0.863 | 1 |
| नीदरलैंड (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.358 | 0 |
| नेपाल (बा) | 4 | 0 | 3 | 1 | -0.542 | 1 |

## पेरिस ओलंपिक में नहीं खेलेंगी सबालेंका और ओन्स जाबूर

**बर्लिन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका और दो बार की विंबलडन फाइनलिस्ट ओन्स जाबूर पेरिस ओलंपिक से हट गई हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने कहा कि वे घास के कोर्ट पर होने वाले विंबलडन के तुरंत बाद क्लेकोर्ट पर नहीं खेलना चाहतीं। बेलारूस की विश्व में तीसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका ने कहा कि वह पेरिस ओलंपिक में खेलने के बजाय आराम करना चाहेंगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम बहुत व्यस्त है और मैंने अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर यह फैसला किया। मैं अगली प्रतियोगिताओं के लिए शारीरिक और स्वास्थ्य स्तर पर तैयार होने के लिए आराम करने को प्राथमिकता दूंगी। ट्यूनीशिया की विश्व में 10वें नंबर की खिलाड़ी जाबूर ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि लगातार चौथे ओलंपिक में नहीं खेल पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। हमने फैसला किया कि कोर्ट में अचानक बदलाव और शरीर का भिन्न परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने से मेरे घुटने को लेकर जोखिम बढ़ सकता है। मुझे किसी भी प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करना पसंद है लेकिन मुझे अपने शरीर का ध्यान रखना होगा और चिकित्सा टीम की सलाह माननी होगी।

# फ्रांस ने ऑस्ट्रिया को 1-0 से हराया

डसेलडोर्फ, एजेंसी

मैक्सिमिलियन वोबर के आत्मघाती गोल की मदद से फ्रांस ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में ऑस्ट्रिया को 1-0 से पराजित किया लेकिन इस मैच में उसके स्टार स्ट्राइकर काइलिन एमबाप्पे की नाक में चोट लग गई और उनका टूर्नामेंट में आगे खेलना संदिग्ध है। एमबाप्पे ग्रुप डी के इस मैच के अंतिम क्षणों में गेंद पर नियंत्रण बनाने के प्रयास में ऑस्ट्रिया के केविन डांसो से टकरा गए। इससे उनकी नाक से खून बहने लगा और वह सूज गई। एमबाप्पे को इस कारण मैदान छोड़ना पड़ा।




फ्रांस के कोच डिडियर डेसचैम्प्स ने एमबाप्पे के आगे के मैचों में खेलने के संबंध में कहा कि अभी हमारे हाथ में कुछ नहीं है। अभी हमें यह पता नहीं है कि उनकी चोट कितनी गंभीर है। वह टूर्नामेंट में आगे खेल पाएंगे या नहीं अभी इसका जवाब मेरे पास नहीं है। फ्रांस के मिडफील्डर एनगोलो कांटे ने कहा कि एमबाप्पे के चोटिल हो जाने से हम सभी चिंतित हैं। हमें पता नहीं है कि स्थिति अभी कैसी है। हम यही उम्मीद कर रहे हैं कि चोट गंभीर न हो और वह बाकी टूर्नामेंट के लिए टीम में बने रहें। चोटिल होने से पहले एमबाप्पे पर सभी की निगाह टिकी थी।

ऑस्ट्रिया ने उन्हें खुलकर नहीं खेलने दिया, लेकिन टीम को जीत दिलाने में उन्होंने अपनी भूमिका निभाई। वोबर ने 38वें मिनट में एमबाप्पे का शॉट रोकने के प्रयास में ही आत्मघाती गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे डेसचैम्प्स ने फ्रांस का कोच रहते हुए जीत का शतक भी पूरा किया। फ्रांस ने अभी तक दो बार यूरोपीय चैंपियनशिप जीती है लेकिन उसे 2000 के बाद अपने पहले खिताब का इंतजार है। रोमानिया इस ग्रुप में शीर्ष पर है। उसने एक अन्य मैच में यूक्रेन को 3-0 से हराया जो उसकी यूरोपीय चैंपियनशिप में पिछले 24 वर्षों में पहली जीत है।

## सीएसी ने गंभीर का साक्षात्कार लिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मंगलवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए साक्षात्कार लिया। यह साक्षात्कार 'जूम कॉल' पर हुआ, जिसमें गंभीर और अशोक मल्होत्रा दोनों ऑनलाइन शामिल हुए। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि हां, गंभीर सीएसी के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए। माना जा रहा है कि गंभीर एकमात्र उम्मीदवार हैं जो दावेदारी में हैं और उनके नाम की घोषणा महज औपचारिकता है जो अगले 48 घंटों में हो सकती है। सीएसी के अध्यक्ष मल्होत्रा और उनके सहयोगियों जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक के साथ गंभीर की बातचीत के बारे में तुरंत पता नहीं चल पाया है। परांजपे और सुलक्षणा दोनों मुंबई में रहते हैं। माना जा रहा है कि चर्चा अगले तीन वर्षों के लिए गंभीर की रणनीति पर केंद्रित थी जिस दौरान विभिन्न प्रारूपों में तीन आईसीसी टूर्नामेंट होने हैं।

# अजेय बढ़त बनाने उतरेगी भारतीय टीम

बेंगलुरु, एजेंसी

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने की कोशिश करेगी। भारत ने पहले मैच में 143 रन से जीत दर्ज की लेकिन टीम कुछ खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर चिंतित होगी। भारत ने पहला मैच स्मृति मंधाना के शतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जीता। बल्लेबाजी में उसकी कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आई।

भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का वनडे में खराब प्रदर्शन है। उन्होंने वनडे में अपना आखिरी अर्धशतक 2022 में लगाया था। पिछले छह मैच में वह दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाई। उन्हें टीम में जगह बनाए रखने के लिए बड़ी पारी खेलने की जरूरत है। कप्तान हरमनप्रीत कौर का बल्ला भी नहीं चल रहा है। 5 मैच में उन्होंने 14, 9, 5, 3 और 10 रन बनाए। चोट से उबर कर वापसी करने वाली शीर्ष क्रम की एक अन्य बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स भी प्रभावित करने में नाकाम रही।

इन सभी को मंधाना से सीख लेने की जरूरत है जिन्होंने वनडे में छठा शतक लगाया। उन्होंने फरवरी 2022 के बाद वनडे में सात अर्धशतक और दो शतक लगाए हैं। टीम को उनसे एक और बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। गेंदबाजों में अपना पहला मैच खेल रही लेग स्पिनर आशा शोभना ने 21 रन देकर चार विकेट लिए लेकिन टीम प्रबंधन तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर की फिटनेस को लेकर चिंतित होगा जो अफ्रीका की पारी के दौरान 18वें ओवर में मैदान छोड़कर चली गई थी। उनके नहीं खेलने पर अरुंधति रेड्डी को टीम में लिया जा सकता है। जहां तक अफ्रीका का सवाल है तो अगर उसे श्रृंखला जीवंत रखती है तो उसके बल्लेबाजों को भारतीय स्पिनरों का सामना करना होगा। पिछले मैच में भारतीय स्पिनरों आशा, दीप्ति शर्मा और राधा यादव ने मिलकर सात विकेट लिए थे।

**टीम इस प्रकार हैं:**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेट कीपर), उमा छेत्री (विकेट कीपर), दयालन हेमलता, राधा यादव, आशा शोभना, श्रेयंका पाटिल, साइका इशाक, पूजा वस्त्रकार, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, प्रिया पुनिया।

**दक्षिण अफ्रीका :** लॉरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), एनेके बॉश, तजमिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्कसेन, मिके डी रिडर, सिनालो जाफ्ता, मारिजाने काप, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, सुने लुस, एलिज-मारी मार्ज, नॉनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुकुने, नोंडुमिसो शंगासे, डेलमी टकर। **मैच दोपहर 1.30 बजे शुरू होगा।**

### मंधाना बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर

**दुबई।** भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज मंधाना ने घरेलू मैदान पर अपना पहला शतक जड़ते हुए 117 रन की मैच विजयी पारी खेली और तीन मैचों की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका पर भारत की 143 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। मंधना के 715 अंक हैं और वह श्रीलंका की चामरी अटापट्टू से पीछे हैं जिन्होंने इंग्लैंड की नताली स्काइवर-ब्रंट को अपनी नंबर एक रैंकिंग गंवा दी थी। इंग्लैंड की ऑलराउंडर स्काइवर-ब्रंट ने पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 124 रन की शानदार पारी खेलकर अपना नंबर एक स्थान फिर हासिल किया। भारत की सीनियर ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तीन पायदान ऊपर चढ़कर 20वें स्थान पर पहुंच गई है जबकि पूजा वस्त्राकर तीन पायदान ऊपर 38वें स्थान पर हैं। ऑलराउंडरों की सूची में वस्त्राकर ने सबसे लंबी छलांग लगाई है। यह 24 वर्षीय खिलाड़ी चार पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी खिलाड़ी मारिजाने कैप एकदिवसीय ऑलराउंडर की रैंकिंग में नंबर एक पर बनी हुई हैं। एकदिवसीय गेंदबाजी सूची में दीप्ति ने श्रृंखला के पहले मैच में 10 रन पर दो विकेट चटकाकर एक स्थान का सुधार करते हुए चौथा स्थान हासिल किया। इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन ने शीर्ष पर अपनी मजबूत बढ़त बनाए रखी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

धूप के बीच बादल छाएंगे। उमस रहेगी। बारिश की भी संभावना।

44.8° अधिकतम तापमान | 34.6° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 06:59

## एक नजर

### ऋण के लिए आवेदन करें

**चित्रकूट।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि दुकान निर्माण / संचालन ऋण योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को ऋण एवं अनुदान देने का प्राविधान है। इच्छुक दिव्यांगजन विभागीय वेब पोर्टल पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना से संबंधित जानकारी कार्यालय से ली जा सकती है।

### एक सप्ताह में करें आवेदन

**चित्रकूट।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार अनुदान योजना के अंतर्गत धनराशि दी जाती है। आवेदक पोर्टल पर आवेदन कर अभिलेखों की हार्डकापी कार्यालय में एक सप्ताह के अंदर जमा करें। योजना की जानकारी के लिए कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# कागज पर खोदे तालाब, फर्जी फोटो भी एप पर डाल दी


अभिनव राज त्रिपाठी,मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत गांव-मजरों में कराए जाने वाले कामों में जमकर अनियमितता की शिकायत आ रही हैं। गांवदारी की वजह से लोग मुंह खोलने को तैयार नहीं होते। ऐसा ही मामला मऊ ब्लॉक के नींबी ग्राम पंचायत में सामने आया है। गांववालों की मानें तो यहां जिम्मेदार अधिकारियों की शह पर लूट मची है। मऊ ब्लॉक के एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस तरह का गड़बड़झाला आम बात है।

**कैसे की जाती है गड़बड़ी:** ग्रामीण नाम छिपाते हुए बताते हैं कि मनरेगा के तहत कार्यस्थल पर श्रमिकों की ऑनलाइन उपस्थिति लेने के लिए नरेगा मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम एनएमएमएस नाम से एप जारी किया गया है। इसमें मनरेगा कार्यस्थल पर कार्य में उपस्थित मजदूरों की उपस्थिति लगानी होती है।


एप में अपलोड की गई फोटो। अमृत विचार


मौके पर न काम हुआ था और न थे मजदूर। अमृत विचार



नींबी गांव की तालाब खोदाई का मस्टर रोल। अमृत विचार

- मनरेगा के नाम पर भुगतान के गड़बड़झाले का आरोप

### फर्जी फोटो की जाती है अपलोड

मऊ ब्लॉक की कई ग्राम पंचायतों में फर्जी फोटो अपलोड करके मनरेगा में जमकर धांधली की जा रही है। सूत्रों के हवाले जानकारी मिली कि पुरानी फोटो को दूसरे फोन से अपलोड करके भ्रष्टाचार के इस खेल को खेला जा रहा है।

इस एप में उपस्थिति लगाने के बाद ही श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान मिल पाता है। खेल यहीं पर शुरू होता है। ऑनलाइन उपस्थिति में अनियमितता बरती जाती है। काम होता नहीं और मजदूरी भुगतान हो जाता है। अब देखना है कि भ्रष्टाचार के इस खेल की तह तक पहुंचा जाता है या मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

### तो 90 श्रमिक क्या कागजों में करते हैं खोदाई

यह जांच का विषय है कि एनएमएमएस में फर्जी फोटो डालकर सरकारी धन का बंटरबांट किया जा रहा है कि नहीं। हालांकि जानकारी करने पर पता चला कि नींबी गांव के रामसागर तालाब के नौ मस्टररोलों में प्रत्येक मस्टर रोल में 10 श्रमिकों की हाज़िरी होती है। मंगलवार को इसे अपडेट किया गया था। लेकिन जब मौके पर जाकर देखा गया तो वहां कोई नहीं था और न किसी भी प्रकार से वहां पर काम किए जाने के सबूत ही मिले।

### जांच कराई जाएगी : बीडीओ

इस बाबत जब बीडीओ मऊ रामजी मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने भी इसे गंभीर बात माना। बीडीओ ने पूरे काम की जांच टीम गठित कर करवाने की बात कही है। अगर अनियमितता पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### नींबी में तालाब की खोदाई कागजों में

नींबी ग्राम पंचायत में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रामसागर तालाब में खोदाई का काम कागजों में किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, विगत 28 से 30 दिन में दो लाख 46 हजार 480 रुपये की धन निकासी की जा चुकी है। मौके पर जाकर देखने पर काम नजर ही नहीं आता।

### तकरीबन 10 लाख है खोदाई का एस्टीमेट

नींबी गांव के रामसागर तालाब की खुदाई का कार्य 9 .95088 लाख रुपये है। एक तालाब की खुदाई की इतनी भारी भरकम धनराशि सवालों के घेरे में है। ग्रामीण आरोप लगाते हैं कि जब मौके पर कार्य ही नहीं किया जा रहा है तो धनराशि की निकासी कैसे की जा रही है। ऐसी स्थिति में जिम्मेदारों की भूमिका सवालों के घेरे में जरूर है।

## गैर इरादतन हत्या में नामजद दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

**चित्रकूट।** पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। एक आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर है।

12 जून को बड़कू कोल निवासी हनुमानगंज लौरी ने थाना रैपुरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गांव के सुनील सिंह पुत्र हरिनारायण सिंह, वीरेंद्र सिंह पुत्र श्यामलाल सिंह, शैलेंद्र सिंह उर्फ शीलू अभिलाष ने उसे लाठी-डंडों से मारापीटा व जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। 14 जून को बड़कू की प्रयागराज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। 18 जून को प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्याम प्रताप पटेल तथा उनकी टीम ने आरोपियों सुनील व वीरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। इनसे आलाकत्ल डंडा बरामद किया गया। शैलेंद्र की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि इस मामले में पुलिस पर शिथिलता का आरोप लगाते हुए आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शनिवार को लालता रोड में हाईवे पर जाम भी लगाया था। गिरफ्तारी करने वाली टीम में मुख्य आरक्षी राजकुमार आदि शामिल रहे।

# पानी का रंग पीला होने की वजह जानें शुद्ध पानी ही लोगों को उपलब्ध कराएं

## प्रदूषित जलापूर्ति की शिकायतों के मद्देनजर डीएम ने किया जलशोधन प्लांट का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** मुख्यालय में प्रदूषित जलापूर्ति और पीला पानी आने की बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर मंगलवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने पाठा जलकल पेयजल योजना के जलशोधन प्लांट का निरीक्षण किया। डीएम ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता डीके सत्संगी को हिदायत दी कि लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जाए।

डीएम ने पाठा जलकल पेयजल योजना के पुरानी बाजार स्थित प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने नदी से आने वाले पानी को देखा तथा ट्रीटमेंट प्लांट के शोधित जल को भी जांचा। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल संस्थान श्री डी के सत्संगी को निर्देश दिए कि अवर अभियंता एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर पानी को साफ कराएं और पीलापन आने की वजह जानें। लोगों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए। एक्सईएन ने बताया कि लोगों को सुबह शाम चार घंटे की जलापूर्ति की जा रही है। अवर अभियंता जल संस्थान मुलायम सिंह मौजूद रहे।


सड़क चौड़ीकरण कार्य का मुआयना करते डीएम अभिषेक आनंद। अमृत विचार


पानी की गुणवत्ता जांचते जिलाधिकारी।

### खंभे हटवाएं, जिससे शुरू हो चौड़ीकरण

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को पटेल तिराहे से देवांगना एयरपोर्ट तक सड़क चौड़ीकरण कार्य का मुआयना किया। उन्होंने एक्सईएन विद्युत दीपक सिंह को निर्देश दिए कि लोक निर्माण विभाग द्वारा चिह्नित स्थानों के पोलों को तत्काल शिफ्ट कराएं, जिससे काम शीघ्र पूरा कराया जा सके। उन्होंने एक्सईएन पीडब्लूडी प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ को निर्देशित किया कि जहां पर मिट्टी का काम हो गया है, वहां पर सामग्री डलवाकर काम शुरू कराएं।

### बरसात के बाद नहीं रहेगा पीलापन

अधिशासी अभियंता ने डीएम को बताया कि पानी में हल्का पीलापन की समस्या बरसात के बाद नहीं रहेगी। वर्ष 2018 में ऐसी समस्या आई थी। इसकी वजह से पेयजल में कोई अशुद्धि नहीं है। प्रयास करके जो हल्का पीलापन पानी में आ रहा है उसको भी साफ किया जाएगा।

## भूमि संरक्षण अधिकारी, अवर अभियंताओं को मिलेगा नोटिस

चित्रकूट कार्यालय

- खेत तालाब योजना में प्रगति न होने पर डीएम के निर्देश

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने खेत तालाब योजना के तहत जिले में अपेक्षित प्रगति न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने भूमि संरक्षण अधिकारी द्वितीय व उनके अधीनस्थ सभी अवर अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

डीएम ने मंगलवार को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की। डीएम ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य बुंदेलखंड क्षेत्र में वर्षा जल का खेत तालाब के माध्यम से संचयन करना है। इससे भूगर्भ जलस्तर में वृद्धि होगी और संचित जल से अधिक से अधिक क्षेत्र की सिंचाई हो सकेगी।

डीएम ने भूमि संरक्षण अधिकारी द्वितीय व उनके अधीनस्थ सभी जेई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए और आगाह किया कि सुधार न हुआ तो कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने खेत तालाब के आसपास पौधरोपण कराने को भी निर्देशित किया। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को स्प्रिंक्लर के लिए आने वाले किसानों का खेत तालाब के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन कराने के लिए प्रेरित करने और इस संबंध में टोकन बुकिंग जुलाई तक पूरी कराने के निर्देश दिए। डीएम ने पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत चयनित हर गांव में 10 ऐसे स्थान चिह्नित करने को कहा जहां बरसाती नाला तालाब से जोड़ा जा सके।

ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद कुमार मिश्रा ने जिले में पानी की समस्या उठाई और सलाह दी कि तालाबों में पानी भरने के लिए काम किया जाना चाहिए। उन्होंने सलाह दी कि एक-एक तालाब पर काम किया जाए तो पानी की समस्या नहीं हो पाएगी। डीएम ने अटल भूजल योजना, बहुउद्देशीय आजीविका सरोवर आदि की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम राकेश कुमार पाठक, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी इकाई प्रथम देवेंद्र सिंह निरंजन, चित्रकूट इकाई तुलसीराम, इकाई द्वितीय राजकुमार यादव, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी सुनहरी लाल, सुशील वर्मा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


हनुमान मंदिर में पूजा करते मलय और इशान। अमृत विचार

### हनुमान मंदिर में मानस पाठ का आयोजन

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** श्री दक्षिणीमुखी वरदायनी हनुमान मंदिर बरगढ़ मोड़ पर सोमवार से शुरू हुए श्री रामचरितमानस पाठ का मंगलवार को समापन हुआ। इस मौके पर भंडारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन चित्रकूट ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मलय द्विवेदी ने किया। हनुमान मंदिर की पूजा आरती मलय व पुत्र इशान ने की। भंडारे में प्रसाद का वितरण मलय की धर्मपत्नी व अन्य लोगों ने किया। कार्यक्रम की जिम्मेदारी हरीशंकर मिश्रा, राहुल तिवारी व राकेश चौबे ने देखी।

### डीएम ने जानीं समस्याएं, समाधान के दिए निर्देश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारी से दूरभाष से संबंधित अधिकारी इनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव-मजरों में पानी की बढ़ती समस्या के मद्देनजर डीपीआरओ को निर्देशित किया कि प्रधान व सचिवों के साथ मौके का निरीक्षण कर समस्या का निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि समस्या समाधान से लोगों को संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। इस अवसर पर एडीएम राजेश प्रसाद मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री रोजगार योजना की अंतिम तिथि 29 जुलाई

**चित्रकूट।** सहायक आयुक्त उद्योग ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना के अंतर्गत विनिर्माण क्षेत्र की अनुमन्य परियोजना के आवेदन ऑनलाइन किए जा सकते हैं। अभ्यर्थी को आवेदन संबंधित वेबसाइट पर करना होगा। अधिक जानकारी के लिए अजय प्रसाद सहायक प्रबंधक के मोबाइल नंबर 8574060505 पर संपर्क किया जा सकता है। आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई है।

## एसडीएम की अपील, निजी ट्यूबवेल से भरवाएं तालाब-पोखर

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

- भाकियू पदाधिकारियों के साथ बैठक की

**अमृत विचार।** तहसील सभागार में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों के साथ उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने बैठक की। इसमें भीषण गर्मी के मद्देनजर पेयजल उपलब्धता पर चर्चा की गई। एसडीएम ने अपील की कि लोग अपने ट्यूबवेलों से तालाब-पोखरों को भरवाएं, जिससे कुछ हद तक समस्या का निदान हो सके।

भाकियू के तहसील अध्यक्ष राज किशोर सिंह ने बताया कि राजापुर तहसील क्षेत्र के गांव-मजरों में हैंडपंपों व कुओं का जलस्तर नीचे चला गया है। जल जीवन मिशन के तहत जलापूर्ति शुरू नहीं की गई है। तालाबों में भी पानी सूख गया है। ऐसे में सबसे ज्यादा दिक्कत मवेशियों और अन्य जीव-जंतुओं को हो रही है। तहसील क्षेत्र की छोटी-छोटी नदियां भी सूख गई हैं, जिससे समस्या बढ़ी है। एसडीएम ने किसानों से अपील की कि भीषण गर्मी को देखते हुए राजनीतिक भेदभाव को भुला कर निजी नलकूपों से तालाब-पोखरों को भरवा दें, जिससे पानी की व्यवस्था हो सके। जसवंत सिंह चौहान, शिवदयाल सिंह, उदय नारायण सिंह, ओम नारायण गर्ग, योगेंद्र सिंह, अजीत सिंह आदि किसान नेता मौजूद रहे।


किसान नेताओं के साथ बैठक करते एसडीएम प्रमोद झा। अमृत विचार

## सास ने दर्ज कराई रिपोर्ट, पति की हत्यारोपी बहू गिरफ्तार

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)


पति धर्मपाल व अंकिता।



'अमृत विचार' में प्रकाशित समाचार।

- तीर्थक्षेत्र में व्यवसायी की मौत का चर्चित मामला

**अमृत विचार।** चौकी पुलिस ने पति की गैर इरादतन हत्या के आरोप में महिला को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में महिला की सास ने अपनी बहू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

30 मई को सीतापुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रैन बसेरा के पास रहने वाले व्यवसायी धर्मपाल साहू (40) पुत्र स्व. संतोष साहू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उसका शव उसके कमरे में अस्तव्यस्त अवस्था में मिला था। इस संबंध में धर्मपाल की मां मुन्नी देवी ने अपनी बहू अंकिता पर बेटे की हत्या का आरोप लगाया था। उसने रिपोर्ट दर्ज कराकर पुलिस को बताया था कि उसका बड़ा बेटा धर्मपाल पत्नी के साथ ऊपर वाले कमरे में रहता था। दूसरा बेटा विकास प्रयागराज में रहकर तैयारी करता है। बहू और बेटे में अक्सर लड़ाई झगड़ा होता था।

उसने बताया था कि 30 मई को भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था और फिर सुबह पांच बजे के आसपास उसकी बहू नहाने चली गई। जब उसका बेटा देर तक नहीं उठा तो उसने कमरे में जाकर देखा तो वह मृत पड़ा था और शरीर में चोटें थीं। उसने आरोप लगाया कि उसकी बहू अंकिता साहू ने नहीं उसके बेटे को मारा है। सीतापुर एसओ गौरव तिवारी ने मंगलवार को पति की गैर इरादतन हत्या की आरोपी अंकिता को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में आरक्षी अभिषेक प्रताप, नागेश और पल्लवी शामिल रहीं।

### संतान न होना बनी वजह

जानकारी के मुताबिक दंपति के बीच शादी के कई साल बाद भी संतान न होना विवाद की वजह थी। इस बात को लेकर अक्सर पति-पत्नी के बीच झगड़ा होता था और बात मारपीट तक पहुंच जाती थी। माना जा रहा है कि उस दिन भी ऐसा ही हुआ होगा और मारपीट में युवक की जान चली गई होगी।

**मुहिम** 21 जून को महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में होगा सामूहिक योग का कार्यक्रम

# शिविर लगा करा रहे योगाभ्यास, बता रहे फायदे

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिले में योग दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। शहरों ही नहीं बल्कि गांव-मजरों में भी योगाभ्यास जारी है। यहां शिविर लगाकर लोगों को योग का महत्व बताया जा रहा है।

तीर्थक्षेत्र में 100 से अधिक स्थानों पर से योगाभ्यास कराया जा रहा है। प्रमुख मंदिरों, आश्रमों, शैक्षणिक संस्थाओं आदि जगहों पर आरोग्यधाम में प्रशिक्षित प्रशिक्षक योग सिखा रहे हैं।

दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा ग्रामीण स्वावलंबन केंद्रों पर समाजशिल्पी दंपति कार्यकर्ताओं के सहयोग से योग की सभी क्रियाओं एवं आसनों की जानकारी दी जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम सुबह छह से सात बजे तक होगा। डीआरआई के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने बताया कि भारत रत्न नानाजी देशमुख आजीवन स्वास्थ्य के लिए योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पर विशेष जोर देते थे। नानाजी ने आरोग्यधाम में अलग से योग प्रकल्प तैयार किया था। महाजन ने लोगों से 21 जून को ज्यादा से ज्यादा संख्या में ग्रामोदय विवि पहुंचने का अनुरोध किया। ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।


गांवों में भी कराया जा रहा योगाभ्यास। अमृत विचार


गणेश बाग में योग करते साधक। अमृत विचार

### गणेश बाग में भी हुआ कार्यक्रम

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. निरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि गणेश बाग में मंगलवार को आयुष विभाग एवं पतंजलि योग संस्थान के तत्वाधान में विशेष योग कार्यक्रम हुआ। इसकी शुरुआत भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। कार्यक्रम में जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा. राजेश कुमार, नोडल अधिकारी आयुर्वेद डा. आशुतोष तिवारी, मंजू केशरवानी, मीरा श्रीवास्तव, अरविंद शिवहरे आदि मौजूद रहे।

### राजकीय संप्रेक्षण गृह में कराया जा रहा योग

सहायक अधीक्षक वीर सिंह ने बताया कि राजकीय संप्रेषण गृह (किशोर) में योग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आवासित संवासियों को योगाभ्यास कराया जा रहा है। योगाचार्य संजय कुमार एवं अरविंद सिंह योग की जानकारी दे रहे हैं।

### दहेज उत्पीड़न से संबंधित शिकायत करें

**चित्रकूट।** जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्र ने बताया कि दहेज समाज की कुरीतियों को बढ़ावा देता है, जिससे अप्रिय घटनाएं होती रहती हैं। दहेज से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए उनके कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टाप सेंटर में भी शिकायती पत्र दिए जा सकते हैं। इसके साथ केंद्र प्रबंधक के दूरभाष नंबर 895785 5731 एवं महिला हेल्पलाइन नंबर 181 पर संपर्क किया जा सकता है।

### अग्निपीड़ितों को बंधाया ढांढस

**चित्रकूट।** ग्राम पंचायत छीबो की अनुसूचित जाति की बस्ती में बीते दिनों आग लग जाने से कई परिवार बर्बाद हो गए। शिक्षक नेता कमलेश पांडेय ने मंगलवार को इन परिवारों को ढांढस बंधाया और प्रशासन से मांग की कि इनको घर मुहैया कराया जाए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत टिटिहरा विकास खंड कर्वी, चित्रकूट**

**निविदा सूचना**

विकास खंड कर्वी अन्तर्गत ग्राम पंचायत टिटिहरा में राज्य वित्त योजना अन्तर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के तीन दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी । दिनांक 19/6/2024से 22/6/2024तक

| क्र0 | कार्य | लागत | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | ग्राम पंचायत टिटिहरा में रामभवन के पुरवा में मेन रोड से राजेन्द्र के घर तक इंटर लॉकिंग रोड निर्माण | 365573 | 7250 | 500/ |

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत अधिकारी**

ग्राम पंचायत टिटिहरा, विकास खंड– कर्वी, चित्रकूट

# इंडियन बैंक का जोनल कार्यालय खुला

संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने इंडियन बैंक के नए जोनल कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में यह बात कहीं। उन्होंने कहा कि जनपद हमीरपुर से बांदा जनपद में जोनल कार्यालय स्थानांतरित होकर स्थापित होना बहुत बड़ी उपलब्धि है। इससे निश्चित ही जनपद के लोगों को लाभ प्राप्त होगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि बैंक द्वारा वित्तीय समावेश बढ़ाने के साथ उपभेक्ताओं को नए बैंक खाते खोलने एवं अन्य बैंकिंग सुविधाएं भी आसानी के साथ प्राप्त हो सकेंगी। उन्होंने बताया कि इंडियन बैंक द्वारा सीएसआर में बेहतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बैंक द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों के लिए एसेंबली सेड के निर्माण कार्य के लिए दस लाख रुपए की सहायता प्रदान की जा चुकी है। बैंक के अंचल प्रमुख घनश्याम गुप्ता एवं सुधीर कुमार गुप्ता फील्ड मैनेजर लखनऊ ने संयुक्त रूप से बताया कि इंडियन बैंक की बुंदेलखंड के चारों जिलों में 75 शाखाएं संचालित है, जिनमें से बांदा में 27 शाखाएं हैं। इसके साथ ही 262 बीसी शाखाएं है। उन्होंने यह भी बताया कि ग्राहकों को वित्तीय आवश्यकता के अनुसार केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के अनुदान का वित्तीय लाभ पात्र लाभार्थियों को पहुंचाने तथा एमएसएमई उद्यमियों को ऋण आदि प्रदान करने का काम किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, उप अंचल प्रमुख इडियन बैंक अप्रीतम अवस्थी, आयुशी तिवारी सहित विनोद त्रिपाठी एवं बैंक अधिकारीगण मौजूद रहे।



जोनल कार्यालय का उद्घाटन करतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल। अमृत विचार

# कांशीराम कालोनी के बाशिंदों ने पानी के लिए किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- विगत चार माह से पीने के पानी के लिए मशक्कत कर रही 10 हजार की आबादी

**अमृत विचार।** जहां एक ओर बिजली किल्लत से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त है, वहीं कांशीराम कालोनी के बाशिंदों के सामने बीते चार महीने से पीने के पानी का संकट मुंह बाये खड़ा है। अभी तक यहां के निवासियों को हैंडपंपों का सहारा था, लेकिन भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच अब हैंडपंपों ने भी जवाब दे दिया है। ऐसे में अब यहां रहने वाले करीब दस हजार लोगों के सामने पेयजल का तगड़ा संकट उत्पन्न हो गया है। लोगों ने जिलाधिकारी से पीने के पानी समुचित व्यवस्था करने को लेकर गुहार लगाई है।

मंगलवार को शहर के हरदौली रोड स्थित कांशीराम कालोनी के सैकड़ों लोगों का हुजूम कलेक्ट्रेट पहुंच गया, जहां महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सीमा खान की अगुवाई लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित भीड़ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और अपनी व्यथा सुनाई। ज्ञापन के माध्यम से कांशीराम कालोनी के वाशिंदों ने बताया कि विगत चार-पांच माह से उनके यहां पेयजल की आपूर्ति बाधित चल रही है, लेकिन कालोनी में लगे हैंडपंपों के जरिए उनका काम किसी तरह से चल रहा था। अब भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच भूगर्भ जल स्तर नीचे पहुंच गया है और हैंडपंपों ने पानी देना बंद कर दिया है। ऐसे में अब कांशीराम कालोनी में रहने वाले हजारों लोगों के सामने पीने के पानी का संकट गहरा हो गया है। वहां रह रहे परिवारों के बच्चे प्यास से बिलबिला रहे हैं। लोगों का कहना है कि कई बार नगर पालिका सभासद से लेकर विभागीय अफसरों के यहां गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो सकी। कालोनी के निवासियों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पेयजल संकट से निजात दिलाने की गुहार लगाई है। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि जल्द ही पेयजल किल्लत से निजात दिलाने की कोई ठोस व्यवस्था न की गई तो महिला कांग्रेस आंदोलन करने को बाध्य होगी।

प्रदर्शनकारियों में आरबी वर्मा, सुमन वर्मा, भरा महराज, झंडू सिंह, पूजा गुप्ता, अर्चना गुप्ता, अशोक कुमार , रोशनी, जगराम, सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, राजेश, विशाल, गोरेलाल, कुसम गुप्ता, सावित्री, रेखा, मुन्नी देवी, कन्हैया, विक्रम सिंह, किरन, गोमती वर्मा, मीरा, लक्ष्मी आदि रहे।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते कांशीराम कालोनी के बाशिंदे। अमृत विचार

# लू की चपेट में आने से एक दर्जन लोगों ने दम तोड़ा

## प्रचंड गर्मी और लू के थपेड़ों से लोग हो रहे बेहाल, बहुत जरूरी होने पर ही घरों से निकल रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**42** डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान

**32** डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा

**अमृत विचार।** प्रचंड गर्मी और लू से लोग बेहाल हैं। लोग जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। लू की चपेट में आने से मरने वालों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कोई खेत में तो कोई ट्रक में ही सदा के लिए सो गया। जिले में मंगलवार को लू की चपेट में आने से 12 लोगों की मौत हो गई।

बबेरू कोतवाली क्षेत्र के पतवन गांव निवासी 50 वर्षीय चद्रभान पुत्र साधव प्रसाद प्राइवेट बस में परिचालक था। वह सोमवार को बबेरू आया था। चालक के न होने से वह वापस गांव जा रहा था। तभी बरौली गांव के पास वह रास्ते में लू लग जाने से गिर पड़ा उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी। मृतक के भाई उदयभान ने बताया कि चद्रभान के तीन बेटे एक पुत्री है। दूसरी घटना में बबेरू कोतवाली क्षेत्र के बंशीपुरवा हरदौली गांव निवासी 78 वर्षीय टहलू पुत्र जौहरी सोमवार को बस से अपनी बेटी चंदा की ससुराल फुफुदी गांव जा रहा था। तभी रास्ते में लू ने अपनी चपेट में ले लिया। किसी तरह वह बेटी की ससुराल पहुंच गया। परिजन उसे लेकर सीएचसी आए जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चिल्ला थाना क्षेत्र के चकला गांव निवासी 49 वर्षीय शिवपूजन पुत्र चंदन सोमवार की दोपहर खेतों की तरफ गया था। तभी लू ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मटौंध थाना क्षेत्र के भूरागढ के मजरा पहड़िया गांव निवासी 65 वर्षीय राममनोहर पुत्र छोटा सोमवार की दोपहर खेतों की तरफ से घर आ रहा था। तभी रास्ते में लू लग गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के सिमौनी गांव निवासी 65 वर्षीय रामदीन पुत्र जंग्गा सोमवार की शाम बकरी चराने खेत गया था। तभी लू लग जाने से खेत पर ही उसकी मौत हो गई। पैलानी थाना क्षेत्र के बगइचा डेरा सड़ी गांव निवासी 55 वर्षीय सहादेव पुत्र झल्लू सोमवार को मवेशी चराने खेत गया था। तभी खेत में ही लू ने अपनी चपेट में ले लिया। वह खेत में ही बेहोश हो गया। मौके पर पहुंचे परिजन उसे उठाकर जिला अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते मे उसने दम तोड़ दिया। शहर के कटरा निवासी 42 वर्षीय सोहन लाल पुत्र चमेली प्रसाद सोमवार की दोपहर घर जा रहा था। तभी अर्दली बाजार के पास स्थित एक मैरिज हाल के सामने लू की चपेट में आकर गिर पड़ा। उसकी मौके पर मौत हो गई। महोबा जिला के कुलपहाड़ निवासी 35 वर्षीय चुन्ना लाल पुत्र हरप्रसाद ट्रक चालक था। वह सोमवार की दोपहर भरतकूप से खाली ट्रक लेकर कबरई जा रहा था। तभी रास्ते में लू लग गई। उसने ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। वह ट्रक में ही सो गया। सुबह देर तक ट्रक न हटने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे पीएचसी बिसंडा में भर्ती कराया जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी तरह पैलानी थाना क्षेत्र के सिंधन कला गांव निवासी 55 वर्षीय मुनुवा पुत्र कमतू सोमवार की दोपहर बकरी चराने खेत गया था। लू लगने से खेत में ही गिर पड़ा जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मृतक किसानी करता था। मटौध थाना क्षेत्र के त्रिवेणी गांव निवासी 32 वर्षीय सुरेश तिवारी पुत्र बाबू तिवारी किसी काम से बांदा आया था। तभी रास्ते में लू लगने से वह गिर पड़ा जिससे उसकी मौत हो गई। वह दिल्ली में रहता था। डेढ़ माह पहले ही गांव आया था। गिरवां थाना क्षेत्र के फदालीपुरवा निवासी 22 वर्षीय राधेश्याम पुत्र महादेव रविवार को बिटरिया ताला भंडारा में शामिल होने गया था। तभी लू लगने से उसकी मौत हो गई। मृतक दिव्यांग था किसानी करता था। जसपुरा थाना क्षेत्र के बरेहटा गांव के मजरा बल्कूडेरा गांव निवासी 40 वर्षीय रामकरन पुत्र सुखदेव रविवार की दोपहर बकरी चराने खेत गया था। तभी खेत में ही उसे लू लग गई। वह खेत में ही गिर कर अचेत हो गया। मौके पर पहुंचे परिजन उसे उठा कर घर ले आए जहां उसकी मौत हो गई।



तेज धूप से बचने को तौलिया डालकर निकलते लोग। अमृत विचार

### तेज आंधी और बारिश से मिली थोड़ी राहत

**बांदा।** वर्तमान समय में तापमान का चढ़ रहा पारा व भीषण लू तपन प्रतिदिन जानलेवा साबित होती रही है। आज अधिकतम 42 डिग्री और न्यूनतम 32 डिग्री तापमान रहा। हालांकि शाम होते होते मौसम ने करवट ले ली। तेज आंधी के साथ हुई हल्की बारिश ने इस गर्मी में थोड़ी राहत महसूस करवाई। आम आदमी के शरीर का तापमान बढ़ना , सिर दर्द होना, त्वचा सूखना, उल्टी दस्त, बेहोश होना, मांसपेशियों आदि से होने वाले रोगों सहित लोगो को जागरूक किया जाता रहा है। एक पखवारे पहले ही अतर्रा कस्बे के नहर कोठी में सैकड़ों की तादाद में चमगादड़ों की मौत और शहर से निकली केन नदी में मछलियों की मौत हो चुकी है।लेकिन यह जानलेवा गर्मी ने अब पशु पक्षियों की मौत के बाद अब आम आदमी को भी अपनी आगोश में लेना शुरू कर दिया है।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

# हड़ताली अधिवक्ताओं ने बोला हल्ला

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- राष्ट्रपति को नामित ज्ञापन डीएम को सौंपा
- लागू होने वाले तीन नए कानून पर रोक की मांग

**अमृत विचार।** जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे।

तीन नए कानूनों के खिलाफ हल्ला बोलते हुए हड़ताली अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। राष्ट्रपति से पहली जुलाई से लागू होने वाले तीन कानूनों पर रोक लगाने की मांग की।

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार दीक्षित, महासचिव रामप्रकाश शिवहरे राजा के आह्वान पर मंगलवार को अधिवक्ता पहली जुलाई से लागू होने वाले तीन नए कानूनों के खिलाफ हड़ताल पर रहे। अधिवक्ताओं की हड़ताल से अदालतें सूनी रहीं। वादकारियों को अगली तारीख देकर लौटा दिया गया। संघ अध्यक्ष व महासचिव की अगुवाई में हड़ताली अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे।

यहां राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को सौंपा। इसमें कहा है कि केंद्र सरकार तीन नए कानून भारतीय दंड संहिता के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व साक्ष्य विधि के स्थान पर साक्ष्य अधिनियम संहिता पहली जुलाई से लागू करने जा रही है। बताया गया कि लागू किए जाने वाले तीन नए कानून पूरी तरह से अनुचित और न्याय हित मे नहीं है। उन्होंने कहा कि तीनों कानूनों में व्यवहारिक विसंतियां पैदा है इसलिए इस नए कानून को स्थगित किया जाए। उन्होंने चेतावनी भी दी है कि यदि इन नए कानूनों में विसंतियों में बदलाव नहीं किया जाता और पूर्व की भांति इन्हें नही किया जाता तो अधिवक्ता इन नए कानूनों के विरोध में राष्ट्रीय स्तर पर वृहद आंदोलन चलाने के लिए विवश होगे। इस मौके पर राममिलन पटेल, सीमा खान, अशोक त्रिपाठी जीतू, रोहन सिन्हा, द्वारिकेश यादव, अवधेश गुप्ता, भूपत यादव, राजेश दुबे, सत्यप्रकाश द्विवेदी समेत तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# 53 लोगों ने ली विश्व हिंदू महासंघ की सदस्यता

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** विश्व हिंदू महासंघ के तत्वाधान में आयोजित गौपूजन समारोह के दौरान आधा सैकड़ा से ज्यादा ग्रामीणों ने सदस्यता ग्रहण की। महासंघ पदाधिकारियों ने गौवशों की विशेष पूजा-अर्चना करते हुए आरती उतारी और तरबूज खिलाया

पैलानी क्षेत्र के अमलोर गांव में विश्व हिंदू महासंघ प्रदेश मंत्री राजेश शुक्ला के निर्देश पर महासंघ जिलाध्यक्ष निलेश सिंह की अगुवाई में गोसेवा व गौपूजन कार्यक्रम हुआ। जिलाध्यक्ष समेत तमाम पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गौवंश के माथे पर टीका लगाकर विशेष पूजा-अर्चना करते हुए आरती उतारी। बाद में गर्मी से राहत दिलाने को गौवंशों को तरबूज खिलाया। इस दौरान 53 लोगों ने महासंघ की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों का बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष नीरज निगम, बुंदेलखंड क्षेत्रीय महामंत्री संतोष श्रीवास्त, बुंदेलखंड क्षेत्रीय प्रभारी डा.चंद्रपाल ने गर्मजोशी से स्वागतकिया। इस मौके पर विक्रम सिंह, हरी कृष्ण त्रिपाठी, राकेश दुबे, शैलेंद्र गुप्ता, विकास गुप्ता दद्दा, महाप्रसाद गुप्ता, नंदू आदि उपस्थित रहे।



विश्व हिंदू महासंघ की सदस्यता लेते लोग। अमृत विचार

# ससुराल में युवती की संदिग्ध हालात में मौत

**बांदा।** चिल्ला थाना के पलरा गांव निवासी 20 वर्षीय निधि पत्नी अश्वनी कुमार की सोमवार की शाम अचानक हालत खराब हो गई। घरवालो ने उसे जिला अस्पताल मे भर्ती कराया । जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के देवर धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि शाम को निधि की अचानक हालत खराब हुई थी। उधर मृतका के भाई जतिन कुमार निवासी गल्ला मंडी समाधी कानपुर ने बताया कि निधि की शादी 8 मई 2023 को हुई थी। उसके पिता कैंसर से पीड़ित है। ससुरालीजन उसका उत्पीड़न करते थे। एक माह पहले ही निधि अपने मायके से ससुराल आई थी।

# उदयभान जिलाध्यक्ष व संजीत मंत्री निर्वाचित

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन का हुआ चुनाव
- नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

**अमृत विचार।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन जिला इकाई शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। अधिवेशन के दौरान एसोसिएशन का चुनाव भी संपन्न हुआ। पदाधिकारियों में सहमति न बन पाने से हुए मतदान कराना पड़ा। इस दौरान हुए चुनाव में उदयभान सिंह अध्यक्ष व संजीत सचान मंत्री निर्वाचित घोषित किए गए। प्रांतीय पर्यवेक्षक ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए संगठन की मजबूती पर जोर दिया।

जिला अस्पताल परिसर स्थित मंडलीय चिकित्सालय भवन में मंगलवार को एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन डिप्लोमा फार्मेसिस्ट राजपत्रित एसोसिएशन जिलाध्यक्ष पीएन सचान व मंत्री जेएल राजपूत मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

पहले चरण में दो साल का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए संगठन मजबूत करने पर जोर दिया गया। दूसरे चरण में डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन प्रांतीय संयुक्त मंत्री देवेंद्र कटारा और निर्वाचन अधिकारी संजीव शर्मा व पूर्व मंडलीय सचिव जागेश्वर सिंह, जिला चिकित्सालय सीएमएस डा.आरके गुप्ता, जिला महिला चिकित्सालय के डा.एके सिंह, पीएमएस संघ सचिव डा.विनीत सचान की देखरेख में चुनाव शुरू हुआ। संगठन पदाधिकारियों में सहमति न बन पाने पर निर्वाचन प्रक्रिया शुरू हुई।

निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर उदयभान सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अनिल सिंह को शिकस्त दी। उदयभान अध्यक्ष चुने गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर चंद्र किशोर यादव विजयी रहे। अनंद सिंह निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने गए। दिलीप गुप्ता को हराकर संजीत सचान मंत्री निर्वाचित हुए। जबकि विकास सिंह गौतम निर्विरोध संयुक्त मंत्री व अरविंद सिंह कोषाध्यक्ष, चंद्रकांत संप्रेक्षक चुने गए। प्रांतीय पर्यवेक्षक ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस मौके पर आगरा मंडलीय सचिव रजनीश गौतम, पूर्व मंडलीय सचिव बलराम सिंह, चित्रकूट डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन जिलाध्यक्ष कमल सिंह, डिप्लोमा फर्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन मंडलीय सचिव सुरेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। संचालन अवधेश सिंह ने किया।

**श्रद्धा और विश्वास** देर रात तक श्रद्धालुओं से गुलजार रहे हनुमान मंदिर, किए गए विशेष अनुष्ठान

# बुढ़वा मंगल पर राहगीरों को पिलाया शर्बत, जगह-जगह भंडारा

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- आस्थावानों ने विशेष पूजा-अर्चना के साथ किए दर्शन

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार (बुढ़वा मंगल) पर जिले भर के हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। देर रात तक ज्यादातर हनुमान मंदिर श्रद्धालुओं से गुलजार रहे। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना करते हुए दर्शन किए। सपा युवजन सभा राष्ट्रीय सचिव की ओर से बड़े मंगल को बीएसए कार्यालय के नजदीक स्थित हनुमान मंदिर में शर्बत व प्रसाद का वितरण किया गया। हजारों श्रद्धालुओं के साथ राहगीरों ने शर्बत पीकर गर्मी से राहत पाई।

ज्येष्ठ माह के आखिरी मंगलवार के अवसर पर जनपद में जगह-जगह भंडारों का आयोजन हुआ। दो कदम पर पूरी सब्जी तो चार कदम पर शर्बत एवं बूंदी प्रसाद वितरण हुआ। सुबह से ही मंदिरों में पूजन-अर्चन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। इसी कड़ी में बीएसए कार्यालय के नजदीक स्थित हनुमान मंदिर में हनुमत सेवक सपा युवजन सभा राष्ट्रीय सचिव ओमनारायण त्रिपाठी की ओर से शर्बत व प्रसाद वितरित किया गया। इसके पूर्व मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजन हुआ। महाबली हनुमान को प्रसाद अर्पित किया। मंदिर परिसर जय हनुमान-जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। शर्बत वितरण स्थल पर भी महाबली के जयकारे गूंजते रहे। हजारों श्रद्धालुओं के साथ राहगीरों ने शर्बत का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता हसानुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय करण यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष इमरान अली राजू, नगर पालिका पूर्व चेयरमैन संजय गुप्ता, सपा मजदूर सभा जिलाध्यक्ष नासिर खान, सपा अनुसूचित प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष निलेश श्रीवास समेत दिनेश यादव, प्रदीप परिहार ,पिंटू सिंह, विक्की तिवारी, मोहित, मानस, अबरार फारुकी, सपा युवजन सभा जिलाध्यक्ष आमिर खान मनी, पूर्व कोषाध्यक्ष वृंदावन वैश्य, श्रीकांत यादव, जन्मेजय सिंह, दीपक गुप्ता आदि उपस्थित रहे। उधर, छोटी बाजार स्थित दक्षिणमुखी प्राचीन हनुमान मंदिर में बजरंग नवयुवक समाज के तत्वाधान में शर्बत वितरित किया गया। आरती के बाद शुरू हुए शर्बत वितरण में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण करते हुए दर्शन किए और विश्व कल्याण के लिए विशेष प्रार्थना की। इस मौके पर विनीत राजे टीटू, राहुल ओमर, अभिनव गुप्ता, सीताराम गुप्ता, डा.संजीव गुप्ता, अमन जैन, प्रदीप गुप्ता, यश वाजपेयी समेत अन्य स्वयंसेवियों ने भंडारा की व्यवस्था संभाली। इसी तरह जीजीआईसी स्कूल के सामने स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ी।



राहगीरों को शर्बत वितरित करते सपा नेता। अमृत विचार



गुढ़ा स्थित हनुमान मंदिर में लगी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

### पूजा-अर्चना के साथ की मंगल कामना

ज्येष्ठ माह के आखिरी मंगलवार को नरैनी तहसील क्षेत्र के गुढ़ा गांव स्थित ऐतिहासिक हनुमान मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रही। तड़के से ही मंदिर के कपाट दर्शन को खोल दिए गए। आखिरी मंगलवार होने से मंदिर परिसर आस्थावानों से खचाखच भरा रहा। श्रद्धालुओं ने पूजन-अर्चन कर मंगल कामना की। दूसरी ओर मंदिर परिसर के बाहर प्रसाद के रूप मे पूड़ी-सब्जी के भंडारे का भी आयोजन चलता रहा। पेयजल समस्या से श्रद्धालुओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मान्यता है कि सीत हरण के बाद खोज में जुटे भगवान श्रीराम की मुलाकात ज्येष्ठ माह के मंगलवार को हुई थी। ज्येष्ठ माह के हर मंगलवार को बुढ़वा मंगल के नाम से भी जाना जाता है। मंगलवार और शनिवार को हनुमान मंदिरों में पूजा का विशेष महत्व है।

# पीड़िता ने जताया खुद की जानमाल का खतरा

संवाददाता,बांदा

- महिला ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर दिया शिकायती पत्र
- कहा, पुलिस ने उल्टा उसके पति पर कर दिया फर्जी केस

**अमृत विचार।** अतर्रा थाना क्षेत्र के बरेंहडा गांव निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर दबंगों से परिवार की हत्या की आशंका जताई है। आरोप है कि पुलिस दबंगों पर कार्रवाई नहीं कर रही। उल्टा उसके पति के खिलाफ पुलिस ने फर्जी मुकदमा दर्ज कर लिया।

पीड़िता सुकेता पत्नी राजाराम ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि गांव का दबंग अश्लील वीडियो बना रहा था। विरोध करने पर दबंग और उसके पुत्र ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बचाने आई नाबालिग पुत्री को दबंगों ने मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। आरोप है कि पुत्री के साथ दबंगों ने अभद्रता की। पति के आने पर दबंग पिता-पुत्र मौके से फरार हो गए। दबंगों की पिटाई से उसका कान का पर्दा फट गया। पति ने तत्काल यूपी-112 को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मी बंटवारे का विवाद बताकर बैरंग लौट गई। अगले दिन अतर्रा थाने में तहरीर देने के बाद उसे कई घंटे तक बैठाए रखने के बाद उसकी रिपोर्ट नहीं दर्ज की। उल्टा दबंगों की तहरीर पर पुलिस ने पति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली। बताया कि कुछ दिनों पहले दबंगों ने उसकी निजी बोलेरो में भी तोड़फोड़ की। पुलिस को लगातार सूचना देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। आशंका जताई कि दबंग पूरे परिवार की हत्या की फिराक में हैं। एसपी से जानमाल सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# सर्वर फेल रहने से कार्डधारकों को नि:शुल्क खाद्यान्न के लाले

## कोटेदारों को भी उपभोक्ताओं के गुस्से का रोज करना पड़ता है सामना

संवाददाता, जैतपुर-महोबा

**अमृत विचार।** विकासखंड जैतपुर की सरकारी राशन की दुकानों की ई-पॉस मशीनों का आएदिन सर्वर डाउन होने के चलते राशन कार्डधारकों को निःशुल्क खाद्यान्न मिल पाना जी का जंजाल बन गया है। माह जून में अभी तक कई बार सर्वर फेल होने की समस्या से राशन कार्डधारकों को बिना राशन के बैरंग वापस लौटना पड़ा है, जिससे खाद्यान्न वितरण का समय भी निकलता जा रहा है। कार्डधारकों को माह खत्म होने के बाद राशन न मिलने का डर सता रहा है। साथ ही शासन की यह व्यवस्था रास न आने से कार्ड उपभोक्ताओं में असंतोष पनप रहा है। इस समस्या का हरजाना कोटेदारों को कार्डधारकों के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है।


खाद्यान्न मिलने का इंतजार करते राशन कार्डधारक। अमृत विचार

कस्बा जैतपुर सहित ब्लाक क्षेत्र की 70 से अधिक सरकारी राशन वितरण की दुकानों में नेटवर्क फेल होने की समस्या के चलते खाद्यान्न वितरण कार्य विधिवत तरीके से नहीं हो पाता है। सर्वर डाउन की समस्या वितरण कार्य शुरू होने से माह के अंतिम तरीख तक बनी होने से कोटेदारो के साथ साथ राशन कार्डधारकों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। कोटेदार पंद्रह दिन तक ई-पॉस मशीन खोलकर बैठ जाते हैं, लेकिन कनेक्टीविटी न होने से मशीन भी शोपीस बनी रहती है। कोटेदार प्रताप, नर्गिस, गोवर्द्धन, मुस्ताक, खेमचंद्र, रानू गुप्ता आदि का कहना है कि जिस दिन से ईपास मशीन व्यवस्था को जोड़ा गया है, तब से इस समस्या से दो चार होना पड़ रहा है। पंद्रह दिन तक पूरा खाद्यान्न वितरण करने में दिक्कत का सामना करना पड़ा है।

राशन कार्डधारक मोहम्मद यूसुफ, दिलजीत, सुमन देवी, लाड़कुंवर सहित ग्राम जैतपुर, खिरियाकला, कसला, थुरट, पचारा सहित तमाम ग्राम के राशन कार्ड धारकों का कहना है कि नेटवर्क की समस्या के चलते उन्हें अभी तक राशन प्राप्त नहीं हुआ है। बताया कि जून माह के राशन वितरण की का समय निकलता जा रहा है। यदि शेष दिनों में भी नेट की समस्या बनी रही तो ग्रामीणों का इस माह का कोटों से मिलने वाले निःशुल्क खाद्यान्न से हाथ धोना पड़ सकता है। खाद्यान्न लेने के लिए प्रतिदिन राशन की दुकानों में ग्रामीण पहुंचकर सर्वर आने के इंतजार में कामकाज छोड़कर बैठे रहते हैं, जिससे न तो ग्रामीण मजदूरी के लिए जा पा रहा है और न ही खाद्यान्न मिल पा रहा है।

## बेहोश मिली वृद्धा की उपचार के दौरान मौत

**महोबा।** बीज गोदाम कबरई के समीप एक 70 वर्षीय अज्ञात वृद्धा बेहोश हालत में मिली। महिला को डायल 112 पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई में भर्ती कराया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया, जहां वृद्धा की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस मृतका की शिनाख्त में जुट गई, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका।

गौरतलब है कि सोमवार की देर शाम कस्बा कबरई के बीज गोदाम के समीप एक सत्तर वर्षीय अज्ञात वृद्धा गम्भीर हालत में बेहोश मिलने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस टीम ने वृद्धा को सीएचसी कबरई में भर्ती कराया, लेकिन हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां पर उसी मौत हो गई।

पुलिस अज्ञात वृद्धा की शिनाख्त करने में जुटी हुई साथ ही लोगों ने मृतका का पता लगने पर थाना कबरई पुलिस को सूचना देने की अपील भी की गई है।

# कुएं से चरवाहे को दमकल टीम ने निकाला

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कोतवाली कुलपहाड़ थाना क्षेत्र के ग्राम अंडवारा निवासी एक चरवाहा जंगल में बकरी चरा रहा था, तभी एक बकरी पास बने खाली कुएं में जा गिरी, जिसे बचाने के चक्कर में ग्रामीण भी कुएं में गिरकर गया। आसपास के चरवाहो ने कुएं में जाकर देखा तो वह घायल होकर बेहोश पड़ा था। लोगों ने कुलपहाड़ पुलिस को सूचना दी, लेकिन वह भी घायल को कुएं से निकालने का सहास नहीं जुटा सकी। सूचना पर टीम के साथ पहुंचे प्रभारी अग्निशमन अधिकारी ने घायल चरवाहे को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

ग्राम अंडवारा निवासी मलखान (52) पेशे से चरवाहा है। मंगलवार को वह जंगल में बकरी चरा रहा था, तभी एक बकरी चरती हुई पास बने कुएं में गिर गई। चरवाहा ने खाना खाने के बाद बकरियों की गिरती की तो एक बकरी कम मिलने पर बकरी की तलाश करते हुए कुएं के पास पहुंचा और बकरी को कुएं में देख उसे बचाने की कोशिश की। उसके बाहर न निकालने पर वह रस्सी की मदद से कुएं में जाने की कोशिश


कुएं से चरवाहे को बाहर निकालती टीम। अमृत विचार

- पुलिस और ग्रामीण तमाशबीन बने रहे

करने लगा। तभी वह भी खाली कुएं में गिर गया और घायल हो गया। उसके साथ आए अन्य चरवाहे भी जानवर चरा रहे थे, उसको काफी देर न देखकर उसकी तलाश करते हुए कुएं के पास जाते हैं, जहां पर वह बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था।

ग्रामीणों द्वारा कुलपहाड़ पुलिस को सूचना दी जाती है, जिस पर पुलिस मौके पर पहुचकर अन्य ग्रामीणों की तरह वह भी तमाशबीन बनकर घायल को देखने लगते है, लेकिन किसी ने भी घायल को कुएं से बाहर निकालने का प्रयास तक नहीं किया।

सूचना मिलते ही प्रभारी अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी टीम के साथ मौके पर पहुंचते हैं और कुंए में उतरने से पहले जहरीली गैस का पता लगाने के लिए कुएं में पानी का छिड़काव करते हैं और इसके बाद रस्सी की मदद से घायल ग्रामीण के साथ साथ बकरी को भी बाहर निकाला जाता है। घायल चरवाहा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जाता है।

अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा चरवाहा को कुएं से सकुशल बाहर निकालने की ग्रामीणों द्वारा सराहना की जा रही है।

# गर्मी और लू से आधा दर्जन लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में लू और गर्मी से मरने वालों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को भीषण गर्मी और गर्म हवाओं की चपेट में आने से आधा दर्जन लोगों की मौत हो गई।

जिला अस्पताल में गर्मी, लू और उल्टी-दस्त से पीड़ित मरीज भारी संख्या में अस्पताल पहुंचे जिसमें कई लोगों की मौत हो गई। लू से मारने वालों मे सुरेश (70) पुत्र रामाधार निवासी नयापुरा नैकाना महोबा, उत्तम सिंह (68) पुत्र शिवराम ग्राम परसाहा, मुरली पुत्र चुनुवाद निवासी बेलाताल, बल्लू (60) पुत्र चिताइयां निवासी गंज, परम लाल (62) निवासी बेलाताल व भाना (70) पुत्र बुध गेउड़ी कबरई सहित आधा दर्जन

- जिलाधिकारी ने बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

लोगों की मौत हो गई। मंगलवार को सुबह से ही गर्मी की जोरदार तपिश के चलते लोगों का बुरा हाल रहा। सड़कों पर दोपहर 12 बजे से सन्नाटा छा गया लोग गर्मी से बचाव के लिए घरों और दुकानों में बैठे रहे जिला पठान में प्रतिदिन लू से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। गौरतलब है कि इस साल की गर्मी ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। लगातार एक माह से ज्यादा समय से पड़ रही गर्मी और गर्म हवाएं जानलेवा साबित हो रही है। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने एडवाइजरी जारी कर लोगों को गर्मी से बचाव के तरीके बताए। साथ ही गर्मी के मौसम में एहतियात बरतने की सलाह दी।

# जलभराव की समस्या पर सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** थाना चरखारी के ग्राम बम्हौरी बेलदारन से निकली नहर पर सिंचाई विभाग द्वारा एक साल पहले पुल बनाए जाने से नहर का पानी ग्राम में भर रहा है, जिससे गांव की सड़कों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। ग्रामीणों को सबसे ज्यादा दिक्कत बारिश में होती है, बारिश में सड़कों के साथ साथ आसपास बने मकानों और खेतों में भी पानी भर जाता है, जिससे लोगों को आवागमन के साथ साथ पानी से फसल व सामान खराब हो जाने से भारी नुकसान उठाना पड़ता है। एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने जलभराव की समस्या को लेकर नाराजगी जताते हुए अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार व मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह को ज्ञापन सौंपकर बारिश से पूर्व इस समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई है।


अधिकारियों को ज्ञापन देने जाते ग्रामीण। अमृत विचार

- बारिश से पहले समस्या से निजात दिलाने की मांग

अधिकारियों को दिए गए ज्ञापन में बब्लू, हरचरन, राजकुमार, परशुराम, सुमित्रा, सगुनिया सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने बताया कि गांव के समीप से एक नहर निकली है, उस नहर से गांव का भी जाता है, लेकिन एक साल पूर्व सिंचाई विभाग द्वारा छोटा पुल बनाए जाने से पानी आगे की तरफ न जाकर गांव की ओर आ जाता है, जिससे सड़के पानी से सराबोर हो जाती है और सड़के कीचड़युक्त हो जाने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि सबसे ज्यादा परेशानी बारिश में होती है, पिछली बारिश में नहर पानी से उफना गई और ग्राम की सड़कों के साथ साथ घरों और खेतों में घुस गया। ग्रामीणों की फसलें और घरेलू सामान पानी में बर्बाद हो गया था।

## जैतपुर केंद्र में बदलेगा पीसीबी पैनल, गुल रहेगी आज बिजली

**कुलपहाड़।** विकासखंड जैतपुर के उपकेंद्र पर वीसीबी पैनल बदले जाने के कारण बुधवार को सुबह से दस घंटे बिजली न आने की सूचना दी गई है।

नगर क्षेत्र के उपखण्ड अधिकारी आशुतोष वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विकासखण्ड जैतपुर में वीसीबी पैनल बदले जाने का कार्य किया जाना है, जिससे सप्लाई मिल सके। उन्होंने कहा कि उपकेन्द्र जैतपुर के कुटरा, जैतपुर, फिल्टर आदि की विधुत आपूर्ति बुधवार को सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से कार्य के दौरान अपनी वैकल्पिक व्यवस्था कर सहयोग किए जाने की अपील की है। शासन के आदेशों के बावजूद बिजली कटौती का सिलसिला बदस्तूर जारी है। लोगों को न दिन में चैन और न रात को आराम नसीब हो पा रहा है।

# पौधरोपण कार्यक्रम को जनांदोलन बनाया जाए



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी मृदुल चौधरी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को हुई जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष लगाए गए पौधरोपण रिपोर्ट की समीक्षा की। डीएम ने लक्ष्य को समय से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में 35 करोड़ वृक्षारोपण का कार्यक्रम प्रदेश के मुख्यमंत्री की विशेष प्राथमिकता में शामिल है। सरकार की मंशा है कि वन विभाग तो वृक्षारोपण करता ही है। साथ ही वृक्षारोपण को जन आन्दोलन के रूप में चलाया जाय। इस जन आन्दोलन से कृषकों, बच्चों, महिलाओं एवं जन सामान्य को अधिक से अधिक जोड़ा जाए। बुन्देलखण्ड को ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण का लक्ष्य दिये गये है।

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने कहा गया कि वृक्षारोपण को केवल पौध रोपण करके फोटो खिचवाकर भगवान के भरोसे छोड़ देना ठीक नहीं है। वृक्षारोपण करने से प्रकाश संश्लेशण द्वारा वातावरण में मौजूद कार्बन डाई आक्साइड को खत्म किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने कहा गया कि पौधरोपण के बाद सम्बन्धित विभागों द्वारा पौधों की सिंचाई उनकी रखवाली स्वंय की जायेगी। सम्बन्धित विभागों के पौधरापेण की सफलता का सत्यापन

- जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

अन्य वृक्षारोपण कार्यदायी विभागों से क्रास चेकिंग के माध्यम से कराया जायेगा, अतः वृक्षारोपण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करती जाए।

मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह ने बताया कि मानसून आने ही वाला है, जुलाई के प्रथम सप्ताह में 1-7 जुलाई के मध्य वन महोत्सव मनाया जाता है। वर्षा की स्थिति को देखकर मुख्यमंत्री द्वारा एक तिथि निर्धारित की जायेगी, जिसमें एक ही दिन में एक साथ पौधे लगाने होंगे, इसलिए सभी विभाग गड्ढ़ा खुदाई कार्य, गोबर का मिलाना वन विभाग की पौधशालाओं से पौध ले जाना आदि कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर लें। पौधरोपण के साथ फोटो तथा जियो टैगिंग का कार्य भी कराये जायेंगे।

बैठक का संचालन करते हुए प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह द्वारा बताया गया कि जनपद के अन्दर चारो विकासखंडों में वन विभाग की कुल 36 पौधशालाएं स्थापित है, जिसमें शीशम, कंजी, चिलबिल, सागौन, जामुन, नीम, महुआ, अमरूद, पाकड़ बांस सहित फलदार प्रजातियों के 79,17,111 पौधे मौजूद हैं। जिनका पौधरोपण में प्रयोग किया जायेगा। बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# कूड़ा फेंकने के विवाद में दो बहनों को पीटा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कस्बा श्रीनगर के मोहल्ला दाऊपुरा में ग्राम समाज की भूमि पर कूड़ा-कचरा डालने के विवाद में दबंग ने दो बहनों के साथ गाली गलौज करते हुए मारीपट कर दी। पीड़ित बहनों द्वारा कोतवाली श्रीनगर में दबंग के खिलाफ नामजद शिकायती पत्र दिए जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने से नाराज एक दर्जन महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गईं और दबंग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए की मांग की है।

श्रीनगर के मोहल्ला दाऊपुरा निवासी वंदना पुत्री हल्के प्रजापति ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह मंगलवार की सुबह कचरा फेकने के लिए ग्राम समाज की भूमि पहुंची जहां पर


एसपी कार्यालय के बाहर शिकायती पत्र दिखातीं महिलाएं। अमृत विचार

- पीड़ित बहनों ने महिलाओं के साथ एसपी की चौखट पर लगाई न्याय की गुहार

सभी मोहल्ले वाले अपने घरों का कचरा डालते हैं। बताया कि पास में रहने वाले एक दबंग ने कचरा फेकने से मना करने लगा। दबंग ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर शराब सुन उसकी बड़ी बहन सरिता वहां आ गई और बहन को बचाने के लिए पहुंची तो दबंग ने उसे भी मारपीट कर चुटहिल कर दिया। मौके पर दोनो बहनों की मां पहुंच गई और मोहल्ले वासियों की मदद से मामला शांत कराते हुए कोतवाली श्रीनगर पहुंच गई। कोतवाली में कार्रवाई नहीं की गई।

## हाथरस में हुई हत्या के विरोध में ब्राह्मण समाज ने दिया ज्ञापन

**हमीरपुर।** जनपद हाथरस सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों में हो रही ब्राह्मणों की हत्याओं को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा।

जिलाध्यक्ष रमाकांत शुक्ला ने बताया कि विगत वर्षों से लेकर आज तक विभिन्न जनपदों हो रही ब्राह्मणों की हत्या, उत्पीड़न एवं अन्य तरह के अपराधों की ओर आकृष्ट करना चाहते हैं। हाथरस के योगेश उपाध्याय ब्राह्मण एकता परिषद के जिलाध्यक्ष की अपराधियों द्वारा 14 जून को हत्या कर दी गई। इस मौके पर दीपक मिश्रा, विवेक मिश्रा, मोहित द्विवेदी, बृजेश शुक्ला, योगेश मिश्रा आदि थे।

# आंधी ने मचाई तबाही खंभे गिरे, बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** दिन में भीषण गर्मी और शाम को आई तेज आंधी ने जिले में तबाही मचा दी। कबरई क्षेत्र में आंधी की चपेट में आने से कई पेड़ बिजली के तारो पर गिर गए, जिससे आधा दर्जन से ज्यादा गांवों की बिजली गुल हो गई। बिजली न आने से नाराज क्षेत्र के ग्रामीणों ने ग्राम अलीपुरा में कानपुर-सागर हाईवे पर जाम लगा दिया। एक घंटे तक चले जाम से तमाम वाहन फंस गए। मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के सहायक अभियंता नवीन कुमार ने बिजली विभाग की टीमों को लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल कराने का आश्वासन दिया। इसके

- बिजली न आने से नाराज ग्रामीणों ने कानपुर-सागर हाईवे किया जाम

बाद शाम को छह बजे ग्रामीणों ने जाम खोला। जाम खुलने के बाद जाम में फंसे यात्रियों ने राहत की सांस ली।

शाम पांच बजे आई तेज आंधी की चपेट में आने से कई बिजली के खंभे गिर गए, जिससे कबरई क्षेत्र के ग्राम रिवई, सिचौरा, मकरबई, अलीपुरा, कालीपहाड़ी सहित आधा दर्जन से ज्यादा गांव की बत्ती गुल हो गईं। भीषण गर्मी में बिजली न आने से परेशान ग्रामीणों ने हाईवे जाम कर दिया। आधा सैकड़ा से ज्यादा वाहन में जाम में फंस गए।

**सेवा भारती की पहल** केंद्र में नियमित कक्षाओं व कार्यशालाओं का किया जाएगा आयोजन

# समाज सेवा के प्रति जागरूक करने के लिए खोला संस्कार केंद्र

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** युवाओं और बच्चों को नैतिक शिक्षा, सांस्कृति मूल्य और समाज सेवा के प्रति जागरूक करने के लिए सेवा भारती कार्यकरिणी इकाई महोबा द्वारा कबरई मे संस्कार केंद्र का शुभारंभ किया गया। संस्कार केंद्र का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री गजेंद्र और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक चंदल द्वारा संयुक्त रुप से फीता काटकर किया गया। इस मौके पर पदाधिकारियों द्वारा समाज सेवा और नैतिक शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

संगठन मंत्री ने बताया कि सेवा भारती द्वारा खोले गए संस्कार केंद्र के माध्यम से बच्चों व युवाओं में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के


संस्कार केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

प्रति प्रेम और आदर का पाठ पढ़ाते हुए बढ़ावा दिया जाएगा। केंद्र में नियमित कक्षाएं, कार्यशालाएं सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे बच्चों को सर्वांगीण विकास में लाभ प्राप्त हो सके। बताया कि संस्कार केंद्र के माध्यम से कबरइ प्रखंड में वीरभूमि निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र और वीरभूमि बाल संस्कार केंद्र का भी शुभारंभ किया गया है, जिससे गरीब और अन्य छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर की शिक्षा प्रदान की जा सके।

### शनि सिंह को बनाया गया नगर अध्यक्ष

सेवा भारतीय कबरई नगर की नई कार्यकारिणी का गठन प्रांत संगठन मंत्री गजेंद्र की देखरेख में सर्वसम्मति से किया गया। कार्यकारिणी में नगर अध्यक्ष शनि सिंह, उपाध्यक्ष पंकज गुप्ता, उपाध्यक्ष जीतू सिंह, महामंत्री कृष्ण कुमार शर्मा, केंद्र संचालक अवधेश रैकरवार को सर्वसम्मति से चुना गया। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों व सदस्यों को संगठन द्वारा शुभकामनाएं दी गई साथ ही नवनिर्वाचितों ने अपने कार्य को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने का भरोसा दिलाया।

युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं, इन्हें चाहे जिस ढांचे में ढाला जाय वह ढल जाते हैं। शुरुआती दौर में छात्र जीवन के दौरान कार्यशालाओं और गोष्ठियों के माध्यम से छात्रों में देश प्रेम और समाजिक कार्यों में भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रेरित करना चाहिए, इससे युवाओं का भविष्य उज्वल होने के साथ ही देशहित में भी अच्छा होगा। कहा कि युवाओं को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के देश का विकास तेजी से होता है, इसलिए इन्हें किताबी ज्ञान के अलावा सामाजिक ज्ञान जरूरी है। इस मौके पर सेवा भारती के जिलाध्यक्ष प्रशांत परमार, संदीप चतुर्वेदी, हेमेंद्र प्रताप सिंह, प्रमोद तिवारी, मनोज अग्रवाल, रोहित राज सिंह, अजेय प्रताप सिंह, अशोक कुमार परमार सहित तमाम पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# योगाभ्यास से शरीर-मस्तिष्क को लाभ

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 की थीम योग स्वयं एवं समाज के लिए थीम के अंतर्गत आयोजित योग सप्ताह के चौथे दिन ऐतिहासिक सूर्य मंदिर प्रांगण पर योग प्रशिक्षक नीरेंद्र कुमार व सचिन गुप्ता द्वारा योगाभ्यास कराया गया। साथ ही योग से शरीर के अंगों और मस्तिष्क के लाभ की भी जानकारी दी गई। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जिला स्टेडियम पहुंचकर योगाभ्यास में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के मौके पर शहर के तमाम स्थानों पर 15 जून से 21 जून तक योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है, जिसके तहत मंगलवार को ऐतिहासिक सूर्य मंदिर प्रांगण में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन


सूर्य मंदिर प्रांगण में योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

- योग सप्ताह के चौथे दिन सूर्य मंदिर प्रांगण में प्रशिक्षकों ने कराया योगाभ्यास

किया गया, जिसमे योगा प्रशिक्षकों द्वारा कपालभाती, प्राणायाम सहित अन्य योग विधियों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों द्वारा योग करने से लाभ बताते हुए कहा कि प्रतिदिन योग आसन करने से शरीर में ताकत और लचीलापन विकसित होता है साथ ही आपकी नसो को आराम प्रदान होता है। योग से मन शांत और मासपेशियों, जोड़ों और त्वचा सहित शरीर के अंगों और मस्तिष्क को लाभ मिलता है।

नोडल अधिकारी डॉ. रामकिशोर ने बताया कि अन्य जगह भी योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। योग प्रशिक्षक बिकरण द्वारा गोवर्धन पार्क चरखारी में योगाभ्यास कराया जा रहा है। बताया कि जन सामान्य में जागरूकता उत्पन्न करना ही मुख्य उद्देश्य है।

## एक नजर

### संदिग्ध हालात में वृद्ध की मौत

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ले में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक वृद्ध की अचानक हालात बिगड़ गई। परिजन उसे लेकर सीएससी पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ला निवासी मुकुंदी साहू (65) मेहनत मजदूरी कर अपना भरण पोषण करता था। जिसकी अचानक हालत बिगड़ने पर मौजूद परिजन उसे आनन फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे। जहां मुकुंदी साहू की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक मुकुंदी साहू मेहनत मजदूरी कर अपना भरण पोषण करता था। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है तथा मामले में आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

### भीषण गर्मी से इंगोहटा बैंक में खाताधारक परेशान

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** भीषण गर्मी के चलते इंडियन बैंक की इंगोहटा शाखा में दिन भर अफरा तफरी का माहौल बना रहा। बैंक में जनरेटर व एसी की व्यवस्था न होने से बैंक कर्मी व खाताधारक परेशान रहे। बार बार लाइट जाने पर बैंक कर्मी व ग्राहक बैंक से बाहर निकल आए और बाहर खड़े रहकर लाइट का इंतजार करते रहे। जब लाइट आई तभी अंदर काम शुरू हो सका। फिर भी भीषण गर्मी में तपती छत और गर्म हवा फेंक रहे पंखे राहत नहीं दे पा रहे थे। बैंक के अंदर सभी उमस भरी गर्मी से पसीना बहाने पर विवश रहे। बैंक के शाखा प्रबंधक आलोक पटेल ने बताया कि जनरेटर व एसी के लिए पत्राचार किया गया है। स्वीकृति मिलते ही यह कार्य करा दिया जायेगा।

### सफाई कर्मी के निधन पर शोक सभा

**कुरारा(हमीरपुर)।** नगर पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मी की बीमारी के चलते निधन हो जाने पर नगर पंचायत सभागार में शोकसभा का आयोजन कर उसकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। नगर पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मी किशोर 57 पुत्र कालीचरण का बीमारी के चलते मंगलवार को निधन हो गया। जिसके चलते नगर पंचायत सभागार में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा में ईओ अभिमन्यु कुमार, नगर पंचायत के लिपिक नरेंद्र सिंह, अनिरुद्ध पांडे, अमित द्विवेदी, गयास बेग मिर्जा, दुर्गेश, गिरीश, अभय वर्मा, सुरेश, धर्मेंद्र कबीर आदि कर्मी मौजूद रहे।

### 3.5 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सरीला(हमीरपुर)।** जलालपुर थाना पुलिस ने क्षेत्र के बेतवा नदी पुल के पास से रामायण उर्फ भाईजी निवासी भेड़ी डांडा को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष जलालपुर ब्रजमोहन ने बताया कि आरोपी को 3 किलो 500 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा है। इसके विरुद्ध जरिया, जलालपुर, कुरारा, हमीरपुर व जनपद जालौन के कदौरा थानों में 18 मामले दर्ज हैं। इसके विरुद्ध नारकोटिक्स अधिनियम के तहत कार्यवाही कर न्यायालय भेजा गया है।

### मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के काशीराम कॉलोनी में रहने वाले 65 वर्षीय मजदूर ने तौलिया के फंदे से फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच की। कस्बे के कांशीराम कॉलोनी निवासी दुलीचंद (65) मजदूरी आदि कर अपने परिवार चलाता था। दुलीचंद ने अपनी कॉलोनी के कमरे में तौलिया के फंदे से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। परिजनों ने बताया कि वह आर्थिक तंगी से परेशान था। इसी वजह से उसने फांसी लगा ली।

# दिहाड़ी मजदूरों ने उठाई लेबर मंडी के लिए जगह की मांग

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में सुबह होते ही दूर दराज गांवों बिदोखर, टेढ़ा, पचखूरा, नारायणपुर, कुंडौरा, भौनिया, पंधरी, पारा, बिरखेरा आदि तमाम गांवों से काम की तलाश में सैकड़ों मजदूर आते हैं। दिन भर काम करने के बाद दिहाड़ी लेकर जरूरत का सामान लेकर शाम को लौट जाते हैं। लेकिन कस्बे में इन दिहाड़ी मजदूरों के लिए कोई मुकर्रर स्थान का चयन नहीं हुआ है। ऐसे में कस्बे में जहां जिसे देखो सुबह से काम मिल जाने का इंतजार करते मजदूर मिल जाएंगे। रोजगार की तलाश में आए मजदूर काम न मिलने से लौट जाते हैं। मंगलवार को सुबह आठ बजे कस्बे में देवगांव रोड तिराहा के निकट एकत्र मजदूरों ने अमृत विचार से अपनी समस्या बताते हुए समाधान की बात कही।




काम की तलाश में आए मजदूर। अमृत विचार

**दिहाड़ी मजदूरों का एक स्थान चयनित हो:** देवगांव तिराहे पर ही लेबर खोज रहे सुमेरपुर निवासी मुकेश मिश्रा ने कहा एक स्थान पर लेबर मंडी लगने से सभी को आसानी होगी। कहते हैं यहां अगर लेबर नहीं मिली तो कभी फैक्ट्री एरिया कभी पंचमढ़ी जैसे स्थानों पर जाना पड़ता है।



बिदोखर गांव निवासी राजमिस्त्री श्रवण कुमार देवगांव तिराहे पर अन्य कुछ मजदूरों के साथ बैठे मिले। कहते हैं कस्बे में उन मजदूरों के एक निश्चित स्थान होना चाहिए। ताकि कामगारों का बिना किसी झंझट के मजदूरों से संपर्क बन जाए।



पारा गांव निवासी श्याम बाबू ने कहा वह साइकिल से रोजाना काम करने आता है। यहां देवगांव तिराहे पर जब लोग लेबर लेने नहीं आते तो फिर वह पंचमढ़ी (नेहा नर्सिंग होम) जाता है। ऐसे में कभी कभी खाली हाथ घर जाना पड़ जाता है।



देवगांव के रामकुमार ने बताया कि वह राजमिस्त्री ने कहा वह कई साल से कस्बे में काम करने आ रहा है। सुमेरपुर कस्बे का एरिया कुछ ही सालों में चारों तरफ बढ़ा है। रोजाना हजारों काम की तलाश में आने वाले गांवों के मजदूरों के लिए एक नियत स्थान होना चाहिए।

# मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना में लगेंगी 180 इकाइयां

## शासन ने जनपद के लिए 44 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत वित्तीय वर्ष में 180 इकाइयां स्थापित कराई जाएंगी। उद्योग धंधे के लिए चार प्रतिशत ब्याज देय होगा। इसके लिए शासन ने विभाग को वर्ष-2024-25 के लिए जनपद को 44 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है।

मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना में सामान्य पुरुष से 4 प्रतिशत ब्याज के अतिरिक्त एवं आरक्षित वर्ग महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, दिव्यांग एवं भूतपूर्व सैनिकों को ब्याज रहित अधिकतम 10 लाख रुपये तक का ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराए जाने का प्राविधान है। इस योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को बैंक द्वारा वितरित ऋण टर्म लोन धनराशि (पूंजीगत ऋण) पर ही ब्याज उपादान का लाभ देय होगा। 18 से 50 वर्ष तक के आयु के पुरुष व महिला अभ्यर्थी जो उद्यम ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित करना चाहते हैं। वह शैक्षिक योग्यता, तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार, पैन कार्ड, ग्रामीण क्षेत्र में कार्यशाला होने का प्रमाण पत्र आदि प्रपत्रों सहित योजना की बेबसाइट WWW.upkvib.gov.in हमीरपुर पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।उसकी प्रति संलग्नकों सहित जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में जमा कर सकते हैं। इसी तरह उप्र माटी कला बोर्ड से संचालित मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना में प्रजापति (कुम्हार) समाज के आर्थिक विकास को दृष्टिगत रखते हुए वित्तीय वर्ष-2024-25 में बैंक वित्तपोषण चार इकाइयों का लक्ष्य आया है।

इसमें 10 लाख रुपये तक ऋण बैंकों के माध्यम से स्वीकृत / वितरित कराने का प्रावधान है। बैंक द्वारा स्वीकृत कुल प्रोजेक्ट लागत का 5 प्रतिशत घटाने पर पूंजीगत ऋण पर 25 प्रतिशत छूट की धनराशि अनुदान के रूप में कराए जाने का प्रावधान है। माटी कला / शिल्पकारी अभ्यर्थियों जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो वह अपना आवेदन ऑनलाइन upmatikalaboard.in पर आवेदन कर सकते हैं।

# वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई को अर्पित किए पुष्प

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत सत्तावनी समर की एक बेजोड़ वीरागंना रानी लक्ष्मी बाई की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि रानी लक्ष्मीबाई सही अर्थों में मां भारती की एक बेमिसाल योद्धा थी। जिनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनकी मां भागीरथी बाई और पिता मोरोपंत ताम्बे के संस्कार इनके अंदर कूट कूट कर भरे हुए थे। इनका कई नाम थे, जिसमें मणिकर्णिका, मनु और छबीली था। सत्तावन के समर में इनका जौहर काबिले तारीफ था। इन्होंने देश में बहुत पहले स्त्री सेना का गठन कर लिया था। ये कुशल रणनीतिकार थी, जिसका लोहा गोरे भी मानते थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते वर्णिता संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन।

यदि इनके साथ भितरघात न होता, देसी राजा एकजुट होकर देशधर्मी होते और तात्या टोपे का साथ मिल जाता तो देश 1857-58 में ही आजाद हो जाता। रानी ने अपने दम पर अंग्रेजों को खूब छकाया। 18 जून 1858 को ग्वालियर के पास वीरगति को प्राप्त हो गई। अवधेश कुमार गुप्त एडवोकेट, दिलीप अवस्थी, बाबूलाल, प्रेम प्रजापति, प्रेम धुरिया, आशुतोष संतोष ,सागर, प्रिन्स, महावीर प्रजापति, रिचा, दस्सी और अजय आदि शामिल रहे।

# दो बाइक आमने-सामने भिड़ी, 1 की मौत, 3 घायल

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** सुबह करीब 11 बजे बांदा मार्ग में टेढा गांव के समीप बरगदिया मोड में दो बाइकें आमने-सामने टकरा जाने से एक बाइक सवार की इलाज को ले जाते समय मौत हो गई। इस घटना में तीन लोग घायल हुए थे जिसमें दो लोग मौके से घायल होने के बाद बाइक सहित फरार हो गए। मृतक के साथ घायल हुई बच्ची का इलाज चल रहा है।

बांदा जनपद के बिदवाही गांव का निवासी दिलशाद उर्फ भोला 22 वर्ष अपनी बहन नजमा 12 वर्ष के साथ बाइक से कस्बे की तरफ आ रहा था। टेढा गांव से निकलकर यह जैसे ही बरगदिया मोड़ के समीप आया, वैसे ही सुमेरपुर की तरफ से आ रही बाइक से उसकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस घटना में दिलशाद और उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरी बाइक में सवार भी घायल हुए लेकिन वह घायल होने के बाद बाइक सहित मौके से फरार हो गए। राहगीरों की सूचना पर घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हालत गंभीर होने पर दोनों को सदर अस्पताल भेजा गया। सदर अस्पताल में डॉक्टर ने दिलशाद को मृत घोषित कर दिया। नजमा का उपचार चल रहा है।

### ई रिक्शा असंतुलित होकर पलटा, तीन लोग घायल

- **पौथिया (हमीरपुर)।** पौथिया कुंडौरा मार्ग में महमूदपुर गौशाला के निकट सवारियों से भरा ई रिक्शा असंतुलित होकर पलट गया। जिससे इसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। तभी वहां से गुजर रहे सदर विधायक ने इन्हें देखा तो सभी घायलों को अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल भेजा। ललपुरा थाना क्षेत्र के पौथिया गांव निवासी ई रिक्शा चालक भूपेंद्र पांच सवारी बैठा कर भरुआ सुमेरपुर से पौथिया गांव आ रहा था। तभी पौथिया कुंडौरा मार्ग महमूदपुर गौशाला के निकट ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया ।जिसमें सवार पौथिया गांव निवासी धर्म सिंह (32) पुत्र जयकरन प्रजापति, माया (45) पत्नी बाबू व बिवांर थाना क्षेत्र के निवादा गांव निवासी शिवमोहन गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां से गुजर रहे सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार ने देखा कि ई रिक्शा पलटा पड़ा है। उन्होंने वहां रूक कर सभी घायलों को अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल भिजवाया। तीनों घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# ट्रक चालक की हीट स्ट्रोक से मौत की संभावना, सड़क पर मिला शव

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गहबरा चौकी के निकट पेट्रोल पंप के सामने गहबरा गांव निवासी ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है।



शिव सिंह।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अनुमान है कि युवक हीट स्ट्रोक का शिकार हुआ है। वह नशे का आदि भी बताया गया है। अपने पीछे तीन बच्चे पत्नी को छोड़ गया है।

गांव निवासी शिव सिंह (36) पुत्र गजोधर के सड़क किनारे पड़े होने की सूचना उसके भाई जयपाल व अन्य परिजनों को मिलने आए। इस घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की। कोतवाल राम आश्रम सरोज ने बताया कि मृतक के भाई जयपाल की तहरीर मिली है। तहरीर में कहा है कि इस घटना का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम जरूरी है। वहां पंप में कार्य करने वाले उनके संबंधी मौदहा निवासी राजकुमार ने बताया कि सोमवार को दिन में शिव सिंह पंप पर आया था। उसके बाद उसे पता नहीं क्या हुआ। शव सड़क के उस पार पड़े होने की सूचना मिली थी। वहीं मृतक की पत्नी पूनम ने बताया वह अपने भाई के घर महोबा मायके में रह रही है। पोस्टमार्टम के बाद घटना का कारण स्पष्ट हो सकेगा। लेकिन अधिकांश लोगों का मानना है कि हीट स्ट्रोक से मौत हो सकती है।



घटना स्थल पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

### संदिग्ध हालात में होमगार्ड की मौत, परिजन बोले लू लगी

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थाना क्षेत्र के मनकहरी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते हालत बिगड़ने से एक होमगार्ड की इलाज के लिए कानपुर ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल की। सरीला तहसील के जरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत मनकहरी गांव के निवासी 57 वर्षीय होमगार्ड नंदलाल की ड्यूटी से लौटने के उपरांत अचानक हालत बिगड़ गई। जिसके बाद परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। जिसके बाद कानपुर ले जाते समय होमगार्ड नंदलाल की मौत हो गई। वह सरीला में पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय में ड्यूटी करता था। मामले में जरिया थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

## सार-संक्षेप



राहगीरों को शर्बत पिलाते गीतांजलि सर्व सेवा संस्था के लोग।

### गीतांजलि सर्वसेवा संस्था ने राहगीरों को बांटा शर्बत

**मुस्करा (हमीरपुर)।** कस्बे के बस स्टैंड तिराहे पर गीतांजलि सर्व सेवा संस्था की ओर से निर्जला एकादशी (भीमसेन एकादशी) पर भीषण गर्मी में निशुल्क शरबत वितरण किया गया। जिसमें सभी राहगीरों को शरबत व ठंडा पानी पिलाया गया। इस भीषण लू भरी गर्मी पर आने जाने वाले राहगीरों एवं यात्रियों ने शरबत और ठंडा पानी पीकर के संस्था की प्रशंसा की। इस मौके पर कालका मंदिर के पुजारी आत्माराम महाराज, डॉ.मनोज त्रिपाठी, मुकेश गुप्ता, राजेंद्र अमीन साहब, श्याम बाबू गुप्ता, रमन गुप्ता, पंकज गुप्ता, सतीश साहू, सीताराम साहू, कपिल गुरुदेव, धर्मवीर, जगदीश शिवहरे, विनीत, हर्ष, राजू, मुकेश साहू ,बबलू सहित समस्त कालिका माता के भक्त रहे।



किसान के खेत में पड़ी गिट्टी व डस्ट।

### ठेकेदार ने जबरन किसान के खेत में गिट्टी व डस्ट डाली

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के कंडोर गांव के पास सड़क निर्माण करा रहे ठेकेदार द्वारा जबरन किसान के खेत में गिट्टी व डस्ट डाल देने पर पीड़ित किसान ने एसडीएम से न्याय की गुहार लगाई है। जल्ला गांव निवासी रामस्वरूप पुत्र सिद्धा ने उप जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र ने बताया कि मेरा खेत कंडौर रोड के किनारे नलकूप संख्या 240 एचजी के पास है। वही मेरे खेत के बगल से कंडौर रोड का निर्माण हो रहा है। जिसमें सोमवार को रात्रि में सड़क निर्माण करवा रहे ठेकेदार द्वारा जबरन अवैध रूप से मेरे खेत में 10 ट्रक गिट्टी व डस्ट का डंप लगवा दिया है। जिससे मेरी उपजाई भूमि में भारी नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान ने बताया कि मेरे धान की बेल तैयार थी और खेत में लगानी थी। पूरे खेत में रास्ता आदि बनाकर नुकसान किया गया है। पीड़ित किसान ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर उक्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



ठेकेदार द्वारा खोदा गया नाला।

### नाला की खुदाई के बाद ठेकेदार गायब, लोग परेशान

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे के वार्ड संख्या 16 देवगांव मार्ग किनारे नाला निर्माण के लिए नाला खोदकर कार्यदायी संस्था नदारत है। इससे लोगों को आवागमन में तमाम मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही बस्ती का गंदा पानी नाले में एकत्र होने से संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडराने लगा है। यहां के लोगों ने मामले की शिकायत अधिशाषी अधिकारी से की है। नगर पंचायत ने कस्बे के वार्ड संख्या 16 में देवगांव मार्ग में जल निकासी के लिए नाला निर्माण की स्वीकृत प्रदान की है। ठेकेदार ने नाला निर्माण के लिए एक साइड से खुदाई करा दी है और गायब हो गया है। इससे लोगों की मुसीबतें कम होने की बजाय बढ़ गई है। यहां के निवासी रामप्रकाश अवस्थी, राम प्रताप, हरिओम चक्रवर्ती, संतोष कुमार, रामबाबू विश्वकर्मा, हेतराम प्रजापति, दिनेश गुप्ता, धर्मेंद्र त्रिपाठी, नरेंद्र गुप्ता आदि ने अधिशाषी अधिकारी को शिकायत सौंपकर समस्या से अवगत कराकर नाला निर्माण की मांग की है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी कुलकमल सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। अवर अभियंता एवं ठेकेदार को निर्माण कार्य शुरू कराने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

### भैंस चराने गए अधेड़ की लू लगने से मौत

**पौथिया (हमीरपुर)।** ललपुरा थाना क्षेत्र के पौथिया गांव में भैंस चराने गए चरवाहे की लू लगने से पेड़ के नीचे मृत अवस्था में पड़ा मिला। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पौथिया गांव निवासी राजकिशोर साहू (56) सोमवार को भैंस चराने खेतों की ओर गया था। देर शाम को भैंस तो वापस घर आ गई। लेकिन राजकिशोर घर वापस नहीं आया। मंगलवार सुबह गुड्डू सचान के खेत में लगे सागौन के पेड़ों के बीच में वह मृत पड़ा मिला। मृतक के भाई भूरा साहू ने बताया कि राजकिशोर सोमवार को सुबह भैंस लेकर चराने गया था। जहां उसे लू लगने से मौत हो गई।

### 21 जून को लगेगा रोजगार मेला, कई कंपनियां आएंगी

**हमीरपुर।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि निदेशालय प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उप्र लखनऊ के निर्देशानुसार कार्यालय द्वारा 21 जून को प्रातः 10:00 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर ऑनलाइन पंजीयन कराने के पश्चात अभ्यर्थी अपना पंजीयन आईडी एवं पासवर्ड के आधार पर संबंधित कंपनी के लिए ऑनलाइन आवेदन करते हुए अपने समस्त शैक्षिक मूल प्रमाण पत्रों व फोटो सहित उक्त तिथि व समय पर मेले में प्रतिभाग करना होगा। किसी कारणवश ऑनलाइन न कर पाने की स्थिति में आप सीधे भी प्रतिभाग कर सकते हैं। मेले में प्रतिभाग करने वाली कंपनियों में इंतास बॉयोटेक हेल्थ केयर प्रा.लि.लखनऊ, ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल एंड आयुर्वेदिक प्रा.लि.लखनऊ व हिन्दुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी गाजियाबाद प्रतिभाग करेंगी।

# योग दिवस की तैयारी को दिए कई निर्देश

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 को होने वाले योग शिविर के संबंध में मंगलवार को खंड विकास अधिकारी प्रमेंद्र कुमार पांडेय की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।

बाल विकास आंगनबाड़ी की मुख्य सेविका अरुणा श्रीवास्तव ने कहा कि उनकी अधिकतर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका तथा अन्य सहयोगी महिलाएं उपस्थित होगी। इसी प्रकार खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर तोमर ने बताया कि अधिक से अधिक संख्या में शिक्षकों व खाना बनाने वाली रसोइयों आदि की भागीदारी की बात कही। स्वास्थ्य विभाग के उपस्थिति कर्मचारियों ने भी स्वास्थ्य विभाग की ओर से अधिकतम भागीदारी करने को कहा। बैठक में योग शिक्षक हर स्वरूप व्यास मुस्करा भी मौजूद रहे। खंड विकास अधिकारी श्री पांडे ने बताया कि 19 जून को प्रातः 6:00 बजे से अमृत सरोवर गुदेला में योगाभ्यास होगा। 21 जून को मुस्कुरा में ब्लॉक में वृहद कार्यक्रम किया जाएगा। ब्लॉक स्तरीय सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। बैठक का संचालन सहायक विकास अधिकारी पंचायत सत्य प्रकाश गुप्ता ने किया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विकास आदि विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



मुस्करा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर बैठक करते बीडीओ। अमृत विचार

**नई व्यवस्था** किसान को आपदा एवं सूखा का आकलन करने में मिलेगा बहुत फायदा

# एक क्लिक पर पता चलेगा कितना खाद-पानी मिलेगा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** किसान को खेत में कब किस फसल की बुआई करना लाभकारी होगा। किस फसल में कितनी खाद व पानी देना है। इसके लिए एक क्लिक पर किसान को सारी जानकारी उपलब्ध होगी। एग्रीस्टैक के तहत जिले में हर खेत की आईडी बनाई जाएगी। इसके लिए कृषि विभाग एक जुलाई से 31 जुलाई तक अभियान चलाकर काम करेगा।

जिले में करीब 2.88 लाख हेक्टेयर में दो लाख 22 हजार पंजीकृत किसान खेती बारी करते हैं। इन सभी की किसान रजिस्ट्री होगी। जिसमें केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का पात्र किसानों को लाभ मिलेगा। शासन का पत्र मिलने के बाद कृषि विभाग अभियान चलाकर किसान रजिस्ट्री का काम कराएगा। जिले में दो लाख 88 हजार हेक्टेयर में रबी, खरीफ व जायद फसलों की खेती होती है। दो लाख 22 हजार पंजीकृत किसान खेती बारी करते हैं, लेकिन अभिलेखों में तकनीकी दिक्कतों संग अन्य कमियों के कारण बड़ी संख्या में किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। इसके लिए शासन एग्री स्टैक के तहत किसान रजिस्ट्री तैयार करने के लिए विकसित मोबाइल एप पर सभी गाटों को आधार से लिंक कराया जाएगा। इसमें किसान का नाम, पिता का नाम, सह खातेदार का नाम, गाटे में किसान का अंश, मोबाइल नंबर, ई केवाईसी सभी रजिस्ट्री में दर्ज होगा। इससे किसान को आपदा एवं सूखा आकलन में फायदा मिलेगा।

### क्या होगा लाभ

- उप निदेशक ने बताया कि राजस्व विभाग जिस प्रकार स्वामित्व योजना में किसानों को उनके घर मकान आदि की डिजिटल घरौनी दे रहा है। उसी तरह अब हर किसान के खेतों का ब्योरा भी डिजिटल फॉर्मेट में दर्ज होगा। इसमें सभी किसानों के हर खेत की एक आईडी बनेगी। इस आईडी के माध्यम से किसानों के खेत का रकबा, मिट्टी का प्रकार और सिंचाई के साधन सहित अन्य जरूरी जानकारियां दर्ज होंगी।
- उप कृषि निदेशक डॉ. हरिशंकर भार्गव के मुताबिक किसान रजिस्ट्री तैयार करने के लिए एक से 31 जुलाई तक अभियान चलेगा। इसमें कृषि विभाग के एटीएम, बीटीएम, राजस्व विभाग के लेखपाल, पंचायत एवं उद्यान विभाग के कर्मचारी गांव- गांव जाएंगे। कहा कि सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत इस व्यवस्था को प्रभावी किया जा रहा है। 30 जून तक मास्टर ट्रेनरों की ट्रेनिंग करा ली जाएगी। कहा कि जिन किसानों की आईडी नहीं बनी तो उन्हें दिसंबर से सम्मान निधि का लाभ नहीं दिया जाएगा।



## एक नजर

### ट्रक की टक्कर से बच्चे की मौत

**सीतापुर (चित्रकूट)।** तेज रफ्तार ट्रक ने एक चार वर्षीय बच्चे को टक्कर मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा मंगलवार सुबह का है। जानकारी के मुताबिक तीर्थक्षेत्र में मप्र अंतर्गत मोहकमगढ़ में हनुमान धारा बाईपास पर चिल्ला घाट मंदाकिनी पुल के पास एक ट्रक ने रामनरेश चौबे के चार वर्षीय बेटे सुमित को टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई।

### लू लगने से एक की मौत

**चित्रकूट।** कोतवाली अंतर्गत कोलगदहिया निवासी वृद्ध की प्रयागराज में लू लगने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक गांव निवासी रामनरेश उर्फ चुकरिया (65) अपने पुत्र और अन्य लोगों के साथ रविवार को प्रयागराज गंगा स्नान को गया था। बताया जाता है कि वहां वह साथ के लोगों से बिछड़ गया। घरवाले पता लगाते रहे। इस दौरान वहां की पुलिस से पता चला कि एक वृद्ध की लू से मौत हुई है। जानकारी की तो वह रामनरेश निकला। मंगलवार को वृद्ध के शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

### युवक ने की मारपीट

**जालौन।** अपने साथियों के साथ घर के दरवाजे पर आकर गाली गलौज तथा मारपीट किए जाने की शिकायत की पीड़ित ने कोतवाली में की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। कुठौंदा बुजुर्ग निवासी मुलायम सिंह ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसके गांव का ही कुलदीप अपने दो साथियों के साथ सोमवार की शाम को मेरे घर के दरवाजे पर आकर मुझे गाली गलौज करने लगे गाली देने से जब हमने मना किया तो उक्त लोगों ने मेरे साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### महिलाओं को दी मुद्रा लोन की जानकारी

**कुरारा।** कस्बे के बेरी रोड में जीवन ज्योति महिला संकुल समिति बेरी की बैठक में आजीविका मिशन संबंध में मुद्रा लोन एवं आजीविका निधि के माध्यम से महिलाओं को जानकारी दी गई। कस्बे के बेरी तिराहे में मंगलवार को हुई में आजीविका संवर्धन के संबंध में मुद्रा लोन एवं आजीविका निधि के माध्यम से अन्य विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, इस मौके पर ब्लॉक मिशन प्रबंधक मयंक सिंह प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

### मां की हत्या कर बेटे ने खेत में दफनाया शव

**एटा :** बेटे ने मां की गला दबाकर हत्या कर दी और लाश को चरी के खेत में दफना दिया। सौतेले बेटे ने पुलिस से शिकायत की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने हत्यारोपी पुत्र को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर खेत से शव बरामद कर लिया। उसने मां के चरित्र पर शक होने के चलते हत्या की बात कही है। बेटे ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

# बाढ़ से बचाव के लिए बैठक में जल निगम के अधिशासी अभियंता नहीं आए, वेतन रोका

## जिलाधिकारी ने पूर्व तैयारियों की समीक्षा की, कहा-किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में बाढ़ से बचाव को लेकर तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक हुई। जिसमें जनपद के समस्त संबंधित विभागों को बाढ़ से बचाव संबंधी समस्त तैयारियां एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। वहीं बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम (नगरीय) के अनुपस्थित होने पर नाराजगी जताते हुए तत्काल प्रभाव से वेतन रोकने के आदेश दिए। कहा बाढ़ से बचाव की तैयारी में किसी भी प्रकार की शिथिलता पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

डीएम ने कहा जनपद में बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में बंधों का निरीक्षण कर सत्यापन राजस्व अधिकारी कर लें। अधिशासी अभियंता मौदहा बांध संवेदनशील एवं क्षतिग्रस्त बंधों की मरम्मत कराएं। अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात



बाढ़ से बचाव को लेकर तैयारियों की समीक्षा बैठक लेते डीएम राहुल पांडेय। अमृत विचार

स्थिति के लिए पर्याप्त रिजर्व स्टॉक का एकत्रीकरण, प्रकाश व्यवस्था व्यवस्था का इंतजाम करें। समस्त उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ़ से प्रभावित होने वाले परिवारों को सुरक्षित स्थान एवं राहत कैंप के लिए चिन्हित स्थानों चयन, प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी के लिए बाढ़ चौकियों का पूर्व से चिन्हांकन करें। छोटी एवं बड़ी नावों, गोताखोरों एवं नाविकों का सत्यापन कर लिया जाए।

बैठक के दौरान सीएमओ को निर्देशित किया कि बाढ़ के समय जीवन रक्षक औषधियों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। कैंपों में ठहरने वाले व्यक्तियों एवं पशुओं को पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने को जल संस्थान, नगर निकाय, पंचायती राज व्यवस्था पूर्व से करें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं/गौशालाओं के लिए अन्यत्र उचित स्थान पर सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कराने व चारे की पर्याप्त व्यवस्था, टीकाकरण पूर्व से कर लिया जाए। शहर की जल निकासी के लिए लिफ्टर, पंपसेट एवं आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था जल निगम सुनिश्चित करे।

जल भराव की समस्या से बचाव को नालों आदि के सफाई का कार्य नगर निकाय/जिला पंचायत राज अधिकारी पूरा कराएं। बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम (नगरीय) के अनुपस्थित होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जता तत्काल प्रभाव से वेतन रोकने का आदेश दिया। कहा बाढ़ से बचाव की तैयारी में किसी भी प्रकार की शिथिलता पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## चोरों ने सूने घर से पार की नकदी

**जालौन।** नवागुंतक कोतवाली प्रभारी को चोर लगातार चुनौती दे रहे हैं। अभी अकोढ़ी दुबे की चोरी का खुलासा नहीं हो पाया था कि नगर के मुख्य मार्ग से सुनसान मकान से चोर ताला तोड़ कर बक्से में रखे 1 लाख के सोने के आभूषण व 70 हजार रुपए नकद चुरा ले गये हैं।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हरीपुरा निवासी राखी सैनी के घर में बेटी की गोद भराई का कार्यक्रम था। पूरा परिवार गेस्ट हाउस में व्यस्त था। घर में ताला लटक रहा था। घर की मुखिया महिला लगभग पौने 8 बजे घर पर खाना का भोग लगाने गयी थी। इस समय तक सब कुछ ठीक था। जब पूरा परिवार कार्यक्रम सम्पन्न कराकर पौने 10 बजे पुनः घर पहुंची तो अंदर के कमरे का कुंडी टूटी पड़ी थी तथा बक्से में सोन चांदी के जेवरात व लगभग 70 हजार रुपये नकद चोरी चले गये थे। पीड़ित महिला के पुत्र अमित ने घटना की सूचना 112 पर दी तो वह पहुंच गयी। इसके बाद चौकी प्रभारी दामोदर सिंह व सीओ राम सिंह भी मौके पर पहुंचे तथा जांच की। इस दौरान अंदेशा जताया जा रहा है कि चोर बाहर से चढ़े तथा छत पर चढ़कर व सीढ़ियों के सहारे नीचे उतर गया तथा ताला तोड़ कर घर में घुस गया तथा चोरी की।


गांवों में इस तरह सूखे पड़े हैं तालाब। अमृत विचार

# सूख गए पोखर-तालाब पशु-पक्षियों की आफत

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

- ग्रामीणों ने प्रशासन से की ध्यान देने की अपील
- गांव के पुराने कुए से कई घरों को मिलता था पानी

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी मवेशियों और अन्य पशु-पक्षियों के लिए आफत बनी हुई है। तालाबों व पोखरों के सूख जाने से प्यास से ये दम तक तोड़ रहे हैं। पशुपालकों और ग्रामीणों ने प्रशासन से इस ओर ध्यान देने की अपील की है।

ब्लाक के कई गांव-मजरों में हैंडपंप ठप हैं। टंकियां लिए निरर्थक साबित हो रही हैं। खरसेड़ा निवासी संजय यादव, दरबारी लाल आदि ने बताया कि गांव का पुराना कुआं सूख गया है। इस कुयें से कई घरों को पानी मिलता था। इसकी सफाई हो जाए तो लोगों को पानी उपलब्ध हो जाएगा। बताया कि गांव में अधिकांश हैंडपंप खराब हैं। सवाल किया कि इस संबंध में आने वाले पैसे का उपयोग कहां किया जा रहा है, इसका कोई पता नहीं चलता। बकटा बुजुर्ग, जरिहा, नांदी, बछरन, सगवारा, ओबरी, असोह, पचोखर, भुइहरी आदि गांवों में पेयजल की समस्या है। प्रशासन से इस ओर ध्यान देने की अपील की है।

# संचारी रोग अभियान 1 से 11 जुलाई तक

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक में संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की रूपरेखा बताते हुए विभागियों अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी। बताया कि पूरे जिले में संचारी रोग अभियान पहली से 31 जुलाई तक चलेगा। जबकि 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान सभी ग्राम पंचायतों में नालियों की सफाई, झाड़ियों की कटाई और जलभराव आदि पर कार्य किया जाएगा। साथ ही तालाबों की सफाई, हैंडपंप व पेयजल की व्यवस्था की जाएगी।

कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति पाल ने संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक ली। बताया कि जनपद में पहली से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण और 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। इसमें 13 विभाग मिलकर कार्य



बैठक को संबोधित करतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।

करेगें। डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी को सभी एडीओ पंचायत के साथ वीडियो कान्फ्रेसिंग करने के निर्देश दिए। कहा कि हरेक स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों को संचारी रोगों से बचाव के साथ सफाई की जानकारी दी जाए। ग्राम्य विकास विभाग सभी गांवों में कार्य योजनानुसार नालियों की सफाई, झाडियों की कटाई, एंटी लार्वा दवा का छिडकाव, जल भराव का निस्तारण, शुद्ध पेय जल की व्यवस्था करेगा। इसके अलावा अभियान में स्वास्थ्य विभाग एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार, नगर पालिका परिषद, कृषि एवं पशुपालन विभाग अधिकारी सहयोग करेंगे। संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की मॉनीटरिंग के लिए जिला स्तर से सभी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मलेरिया व फाइलेरिया निरीक्षकों को पर्यवेक्षण कार्य के लिए नोडल अधिकारी नामित किया गया। बैठक में सीडीओ वेद प्रकाश मौर्य, सीएमओ डा.एके श्रीवास्तव, एसीएमओ डा.अरएन प्रसाद, डा.अजय कुमार, डा.डीसी दोहरे, रीजनल कोअर्डिनेटर डा.रविराज सिंह चैहान एसएमओ डा.वर्षा नायर, सहायक मलेरिया अधिकारी विजय बहादुर, जिला वेक्टर जनित रोग सलाहकार प्रदीप कुमार रहे।

## बाइक सवार युवकों ने कार पर किया हमला

**मौदहा (हमीरपुर)।** आयशर ट्रैक्टर कंपनी में कार्य करने वालों की कार में महोबा से हमीरपुर की ओर आते समय स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के राठ तिराहे के पास बाइक सवार युवकों ने हमला कर दिया। मौके से भागते हुए कार सवारों ने कोतवाली में सूचना दर्ज कराई थी। जिसमें कहा बाइक सवारों ने उनकी गाड़ी में आगे और पीछे शीशे पर राड से हमला किया। लेकिन वह बचकर निकल भागे। कार्रवाई की मांग की गई।

इस घटना से पीड़ित विनय कुमार गुप्ता पुत्र मोहनलाल निवासी फतेहपुर ने बताया कि वह अपनी कार बोलेरो से खन्ना से सुमेरपुर जा रहे थे। तभी दोपहर 12 बजे राठ तिराहे के पास अज्ञात बाइक सवार कार में सामने से रॉड मारा तथा उसी समय पीछे की तरफ से भी उनकी गाड़ी में राड से मारा आरोपी खन्ना की तरफ भाग गए। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि गाड़ी का शीशा टूटा नहीं है। वह घटना की जांच के लिए वहां लगे सीसीटीवी कैमरा का सहारा ले रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज से हमलावरों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।


अतिक्रमण हटवाते पालिका के अधिकारी।

# पालिका ने अभियान चलाकर हटवाए अवैध कब्जे

**जालौन।** नगर पालिका ने स्थानीय प्रशासन तथा पुलिस बल के साथ मिलकर नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जिसकी शुरुआत देवनगर चौराहे से शुरू हुई। लोगों ने अतिक्रमण टीम को देखते ही अपने अपने अतिक्रमण स्वंय हटा लिये। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर एस आई देवेंद्र कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ नगर में आक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत की। अभियान एसडीएम अतुल कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। सीओ राम सिंह, अतिरिक्त इंस्पेक्टर जगदम्बा प्रसाद दुबे, एस एस आई शीलबंत सिंह, चौकी इंचार्ज दामोदर, एस आई केपी सिंह आदि भारी पुलिस फोर्स के साथ नगर के देवनगर चौराहे पर अतिक्रमण हटाया गया। हालांकि अतिक्रमण फैलाये दुकान दारों ने इस अभियान को सिर्फ दिखावा बताया उनके कहने के अनुसार यह प्रक्रिया एक या दो दिन चलेगी इसके बाद जब की तस स्थित हो जायेगी। दुकानदार अपनी अपनी दुकानों के आगे सामान फैलाकर अतिक्रमण कर लेते या फिर आगे किसी सब्जी वाले को जगह किराए पर देकर अतिक्रमण करा देते हैं। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार ने नगर पालिका को निर्देशित करते हुये कहा कि ऐसी दुकानों को चिह्नित करें जो अतिक्रमण किये हैं या अतिक्रमण करवाते हैं उन्हें नोटिस जारी करें।

## पैलानी केन पुल से हल्के वाहनों का आवागमन

**बांदा।** पैलानी पुल मरम्मत के बाद लोक निर्माण विभाग अधिशासी अभियंता की संस्तुति के बाद जिलाधिकारी ने हल्के वाहनों के पुल से गुजरने को हरी झंडी दे दी। जबकि तीन टन से अधिक भार वाहन वाहन अभी पुल के बजाए वैकल्पिक मार्ग से गुजरेंगे।

जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया है कि जनपद के सुमेरपुर मार्ग में स्थित केन नदी पर दीर्घ सेतु (पैलानी सेतु) के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से समस्त प्रकार के वाहनों का आवागमन 18 जून तक प्रतिबन्धित किया गया था। अधिशासी अभियंता निर्माण खंड-2 ने बताया कि पुल के क्षतिग्रस्त भाग की मरम्मत करा दी गई है। पुल से तीन टन से कम हल्के वाहनों के आवागमन के लिये पुल खोला जा सकता है। अधिशासी अभियंता की संस्तुति पर पैलानी स्थित केन नदी पर बने पुल से हल्के वाहनों के आवागमन की स्वीकृति दी जाती है। जबकि तीन टन से अधिक भार वाले वाहन अन्य वैकल्पिक मार्ग से गुजरेंगे।

# प्रधान ने नाली निर्माण रोका डीएम से की गई शिकायत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- लोनिवि की नाली ध्वस्त कराने पर ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

**अमृत विचार।** विकास खंड सुमेरपुर के नदेहरा गांव में आबादी के अंदर से होकर गुजरी सड़क के दोनों साइडों पर पानी निकासी को बनाई जा रही नालियों के ध्वस्त करने से इस बस्ती के लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने प्रधान सहित अन्य पर मकानों के सामने जबरन निर्माणाधीन नाली में मिट्टी भरवाकर का आरोप लगाया है।

नदेहरा निवासी बउवा, छोटे, रामप्रकाश, प्रमोद, छोटेलाल, वेदप्रकाश, कल्लन व स्वामीदीन आदि ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है। बताया कि लोनिवि ने उनके घरों के सामने सीसी सड़क का निर्माण कराया है। ठेकेदार पानी निकासी के लिए पक्की नाली का निर्माण करा रहा था। प्रधान उदयभान यादव, दयाराम प्रजापति, परशुराम प्रजापति एवं कौशल प्रजापति (सिपाही) ने निर्माण जबरन रुकवा दिया गया था। जिस पर 27 मई को डीएम को शिकायती पत्र दिया तो ठेकेदार ने पुनः नाली का निर्माण कार्य शुरू कराया। प्रधान ने फिर बलपूर्वक निर्माण कार्य रुकवा दिया और जेसीबी मशीन से नाली के गड्ढे भर दिए हैं। आए दिन गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। ग्रामीणों ने नाली निर्माण पूर्ण कराने के साथ काम में अड़ंगा डालने वालों पर कार्यवाही की मांग की है।

# करंट हादसे में तीन अभियंताओं समेत चार निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पांच संविदा कर्मियों की सेवा समाप्त
- निलंबित कर्मियों में अधिशासी अभियंता, एसडीओ, जेई व लाइनमैन शामिल
- ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर हुई कार्रवाई
- बिजली लाइन की चपेट में आने से हुई थी तीन लोगों की मौत

**अमृत विचार।** लखीमपुर के करंट हादसे में तीन लोगों की मौत व दो लोगों के घायल होने के प्रकरण में अधिशासी अभियंता, उप खंड अधिकारी, अवर अभियंता व लाइनमैन को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, उपकेंद्र परिचालक समेत पांच संविदा कर्मियों की सेवा समाप्त कर दी गई है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम प्रबंधन ने यह कार्रवाई की।

निलंबित कर्मियों में अधिशासी अभियंता गोला राज नारायण को मध्यांचल निगम मुख्यालय से सम्बद्ध किया गया है। उप खंड अधिकारी-प्रथम गोला विनीत कुमार को निलंबित करते हुए मुख्य अभियंता सीतापुर क्षेत्र से सम्बद्ध किया गया है। अवर अभियंता अमृत लाल को निलंबन के बाद अधीक्षण अभियंता गोला से सम्बद्ध किया गया है। इसके अलावा टेक्नीकल ग्रेड-दो लाइन मैन राकेश कुमार



को निलंबित किया गया है। जिन कर्मचारियों की सेवा समाप्त की गई है, उनमें उपकेंद्र परिचालक सचिन वर्मा, अकुशल कर्मचारी दर्शन लाल, पवनेश, राजेश कुमार, संजय सक्सेना व कुंदन लाल शामिल हैं। वीएमकेए इलेक्ट्रिक्ल्स वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड शाहजहांपुर की ओर से संविदा पर कार्यरत थे। इस कंपनी को दूसरे निष्ठावान कर्मचारियों की तैनाती करने को कहा गया है।

मालूम हो कि बीते दिन लखीमपुर जिले के थाना हैदराबाद अन्तर्गत 11 केवी गोला-मोहम्मदी फीडर की विद्युत लाइन की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई थी, जबकि दो लोग घायल हो गये थे। घायलों को इलाज के लिए स्थनीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त करवाई के निर्देश दिए थे।

ऊर्जा मंत्री ने उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष व मध्यांचल निगम के प्रबंध निदेशक को निर्देश दिया कि पुलिस व ज़िला प्रशासन के साथ ऊर्जा विभाग की टीम स्थल पर पहुंचकर घायलों का उपचार कराने के निर्देश दिये हैं।

# भाजपाइयों ने थानाध्यक्ष पर लगाए आरोप

**नरैनी।** कालिंजर मंडल अध्यक्ष समेत तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने जल शक्ति राज्यमंत्री को सामूहिक रूप से हस्ताक्षर युक्त पत्र भेजकर कालिंजर थानाध्यक्ष व दो सिपाहियों पर उन्हें अपमानित करने के साथ बदसुलूकी करने का आरोप लगाया है। कहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्षी दलों का सहयोग किया था। राज्यमंत्री से थानाध्यक्ष समेत सिपाहियों पर कार्रवाई की मांग की है।

भाजपा कालिंजर मंडल अध्यक्ष शशांक लखेरा समेत अतुल द्विवेदी, रामसेवक कुशवाहा, रामबाबू वर्मा आदि ने जल शक्ति राज्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि थानाध्यक्ष और सिपाही फरियादियों के साथ बदसलूकी और धन वसूली का कार्य करते हैं। साथ ही बालू माफियाओं से सांठगांठ करके अवैध परिवहन कराने में सलिप्त हैं। सिपाहियो के कारनामों से स्थानीय लोग परेशान हैं। आरोप है कि लोकसभा चुनाव के समय खुलेआम भाजपा कार्यकर्ताओं को परेशान किया गया। थानाध्यक्ष की शह पर दो पुलिस कर्मी यूपी और एमपी से आने-जाने वाले वाहनों से वसूली करके इन्हें गुजारते हैं।

# निर्जला एकादशी पर भक्तों ने रखा उपवास

**जालौन।** निर्जला एकादशी पर भक्तों ने निर्जला उपवास रख पूजा अर्चना की तो वही इस मौके पर नगर में जगह-जगह तथा ग्रामीण क्षेत्र में भक्तों ने राहगीरों को शर्बत वितरित किया।

ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी को निर्जला एकादशी या भीमसैनी एकादशी के नाम से जाना जाता है, आज भक्त भगवान विष्णु की आराधना कर अपनी मनोकामना की प्रार्थना करते हैं। पूरे वर्ष में इस एकादशी का विशेष महत्व बताया जाता है, वैसे तो महीने में दो एकादशी पड़ती है लेकिन ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली एकादशी का विशेष ही महत्व है।

इस दौरान नगर में जगह-जगह शरबत वितरण किया गया। ग्रामीण क्षेत्र के खनुवा में माता मंदिर पर लोना में देवी जी मंदिर पर तथा कई क्षेत्रों में शर्बत का वितरण किया गया।

उदासीनता

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी गांव को जोड़ने वाली सड़क, ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी नहीं हुआ कोई सुधार

# घटिया निर्माण होने से नवनर्मित सड़क बनने के साथ ही उखड़ गई


आगे आगे बन रही पीछे से उखड़ रही सड़क। अमृत विचार

संवाददाता माधोगढ़ जालौन

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मुहैया कराने के लिए सरकार करोड़ों रुपये के बजट को पानी की तरह बहा रही है। मगर स्थानीय अधिकारियों की उदासीनता से ठेकेदार सरकार की मंशा पर पलीता लगा रहे हैं।

मामला माधौगढ़ तहसील के ग्राम चाकी का है जहां के ग्रामीणों ने बताया कि पीडब्ल्यूडी के द्वारा ग्राम चाकी से अमखेड़ा तक लगभग 2 किमी सड़क का डामरीकरण किया जा रहा है, जो कि एक दिन पहले किया गया डामरीकरण उखड़ने लगा है, इसके पहले इसी सड़क का जहां निर्माण किया गया था उस हिस्से की सड़क में गड्ढे ही गड्ढे हो गए हैं। इस मानक विहीन कार्य को देखकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर इस तरह सड़क का निर्माण कार्य चलाता रहा तो आने वाली बरसात में सड़क फिर पहले जैसी हो जायेगी और फिर ग्रामवासियों को आवाजाही में असुविधा का सामना करना पड़ेगा और सरकार का करोड़ों का बजट पानी में बह जाएगा। ग्राम वासियों ने घटिया निर्माण सामग्री और निर्धारित मानकों की अनदेखी कर बन रही सड़क निर्माण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग जिलाधिकारी से की है। ग्रामीणों ने बताया कि कार्यदायी संस्था द्वारा कराये गये निर्माण कार्य में शुरू से ही मानकों की जमकर धज्जियां उड़ाई गई हैं, जिसका नतीजा यह रहा कि बनाते ही सड़क उखड़ने लगी है, जिसका ग्रामीणों ने काफी विरोध किया मगर विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदार का मनमाना रवैया आज भी जारी है। नवनिर्मित सड़क जगह-जगह धंस कर जर्जर हो गई है। कई जगह गड्ढे बन गये हैं। 2 किमी की सड़क में लगभग अनेकों जगह गड्ढे होकर गिट्टी बिखर गई है जिससे लगता है कि इस सड़क का बरसात झेल पाना मुश्किल है। वैसे सड़कों के रख रखाव व दुरुस्तीकरण का जिम्मा पांच वर्ष तक कार्यदायी संस्था का होता है। लेकिन ज़ब शुरुआती दौर में सड़क में गड्ढे हो गए तो पांच वर्षों में रोड की स्थिति क्या होगी ये सोचने वाली बात है। गांव निवासी जन्मेजय सिंह प्रधान, रामकुमार, विनय, प्रदीप, शिवम, गौरव, अभिषेक, अवनीश कुमार, रामलखन सहित दर्जनों ग्रामीणों ने सड़क की जांच कर के तत्काल दुरुस्तीकरण की मांग की है।

एतान्यनिगृहीतानि व्यापादयितुमप्यलम्।
अविधेया इवादान्ता हयाः पथि कुसारथिम्॥

जैसे बेकाबू और अप्रशिक्षित घोड़े मूर्ख सारथी को मार्ग में ही गिराकर मार डालते हैं,वैसे ही यदि इंद्रियों को वश में न किया जाए तो ये मनुष्य की जान की दुश्मन बन जाती हैं।


## संपादकीय

# विदेश व्यापार घाटा

भारत को वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में महत्वपूर्ण माना जाता है। देश का व्यापार परिदृश्य वैश्विक चुनौतियों और अवसरों के बीच विकसित हो रहा है। मौजूदा व्यापार नीतियां तथा मौद्रिक सुधार जैसे पहलू इसमें योगदान दे रहे हैं। देश बुनियादी ढांचे और तकनीकी प्रगति को भी प्रोत्साहित कर रहा है, जो आने वाले वर्षों में वित्तीय क्षेत्र के लिए अनुकूल है। इस बीच भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 23.78 बिलियन डॉलर हो गया, जो अर्थशास्त्रियों के 19.5 बिलियन डॉलर के अनुमान से कम है। चिंता की बात यह है कि मसालों की शिपमेंट में 20.3 फीसदी की भारी गिरावट आई है, जबकि समुद्री उत्पादों का निर्यात एक बार फिर से लुढ़क गया है। दूसरी ओर इंजीनियरिंग सामान, वाणिज्यिक वाहनों और स्मार्टफोन के शिपमेंट में वृद्धि से मई में देश का व्यापारिक निर्यात एक साल पहले की तुलना में 9 प्रतिशत बढ़कर 38.13 बिलियन डॉलर हो गया। राहत की बात है कि पिछले पांच महीनों में से चार महीनों के दौरान आयात के साथ-साथ निर्यात भी बढ़ा है। भारत से निर्यात की जाने वाली शीर्ष 30 वस्तुओं में से 20 ने इस साल पिछले मई के निर्यात के आंकड़ों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है, जबकि अप्रैल में सिर्फ 13 वस्तुओं के निर्यात में बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। मई में जिन क्षेत्रों में सुधार हुआ उनमें परिधान, मानव निर्मित धागा और इंजीनियरिंग के सामान जैसे रोजगार सृजन करने वाले क्षेत्र शामिल हैं।

व्यापार सचिव सुनील भरथवाल ने कहा कि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति धीमी हो रही है और इससे क्रय शक्ति को और बढ़ाने में मदद मिलेगी जिससे आयात की मांग बढ़ेगी। व्यापार विशेषज्ञों के अनुसार यदि कोई देश विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कच्चे माल या मध्यस्थ उत्पादों का आयात कर रहा है, तो घाटा हमेशा बुरा नहीं होता है। हालांकि यह घरेलू मुद्रा पर दबाव डालता है। इसी के चलते अधिकारियों ने बढ़ते व्यापार घाटे से जुड़ी चिंताओं को ज्यादा महत्ता नहीं दी है। उनका तर्क है कि भारत के निर्यात की मांग जल्द ही आयात संबंधी मांग को पीछे छोड़ देगी, क्योंकि यह बाकी दुनिया के मुकाबले तेजी से बढ़ रही है। गौरतलब है कि जब कोई देश निर्यात की तुलना में आयात अधिक करता है तो उसे व्यापार घाटे का सामना करना पड़ता है। खुशी की बात है कि हमारे निर्यात के नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की उम्मीद है। केंद्र को बजटीय परिव्यय में वृद्धि के साथ माल निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अपनी योजनाओं और प्रयासों को पुनर्जीवित करना चाहिए।

# हिंदुस्तान की आर्थिक गिरावट और सामाजिक संकीर्णता



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

**भारत में उपनिवेश युग का प्रारंभ हुआ और धीरे-धीरे कंपनी के शासन ने हिंदुस्तान का प्राचीन और उन्नत हस्तशिल्प और उससे जुड़ा स्वदेशी व्यापार तंत्र पूरी तरह नष्ट कर उसे इंग्लैंड के उद्योगों के लिए कच्चे माल के उत्पादक और तैयार माल के बाजार में बदल दिया।**

मध्ययुग की लूटों और लगातार चलने वाले युद्धों की देन-उत्पीड़क लगान व्यवस्था के बावजूद विश्व में भारत की अद्वितीय निर्यात क्षमता और तज्जनित समृद्धि कायम रही। लगभग तीन सहस्राब्दियों की उत्तरोत्तर आनुवंशिक कुशलता से अर्जित सर्वोन्नत हस्तकला व हस्त उद्योग तथा कृषि भूमि पर (यूरोप के सामंतों एवं भूदासों के बरक्स) किसानों के स्वामित्व एवं विशिष्ट जलवायु के चलते कपास, रेशम, चावल, गन्ना व नील जैसे तब तक के ज्ञात विश्व के लिए दुर्लभ उत्पादों पर भारत का वर्चस्व अक्षुण्ण बना रहा। अठारहवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध हिंदुस्तान के लिए अतिशय राजनीतिक विश्रृंखलन का काल था,किंतु एक विडंबना के तहत,यह विश्व बाजार में उसके निर्यात वर्चस्व और आर्थिक समृद्धि का भी काल था।

भारत की संस्थागत, सुव्यवस्थित लूट और उसकी उत्पादन व्यवस्था को ध्वस्त करने का ईस्ट इंडिया कंपनी ने कार्य किया। जाति व्यवस्था की विषमता का तीक्ष्णतम रूप,जो देश के आजाद होने पर हमें विरासत में मिला,काफी हद तक इसी लूट और विध्वंस का परिणाम था। जब सुनिश्चित हो गया कि दुनिया गोल है,पूरब और पश्चिम दोनों ओर से हिंदुस्तान का समुद्री मार्ग खोजने की होड़ लग गई। स्पेन और पुर्तगाल ही यूरोप की दो महाशक्तियां थीं। हिंदुस्तान का समुद्री मार्ग खोजने के लिए इन्हीं दोनों में प्रतिद्वंद्विता चली। भारत का समुद्री मार्ग खोजने के लिए पश्चिम की ओर बढ़ता स्पेन का कोलंबस अमेरिका के एक तटवर्ती द्वीप पर पहुंच गया (12अकटूबर 1492) जिसे वह भारत का हिस्सा समझ बैठा।

व्यापार के साथ-साथ स्पेन दक्षिण अमेरिका और मध्य अमेरिका में अपने उपनिवेश बनाने दौड़ पड़ा। बाद में मालूम हुआ,वह तो एक नई दुनिया है। दोनों महाशक्तियों में टकराव न हो, इसलिए पोप सिकंदर चतुर्थ ने एक पापल बुल जारी कर दुनिया को दो हिस्सों में बांट दिया (4 मई 1493) और पूरब का हिस्सा पुर्तगाल तथा पश्चिम का स्पेन के हवाले कर दिया (जैसे पोप को पूरी दुनिया पर प्रभुत्व हासिल हो)। दोनों को भारत का समुद्री मार्ग खोजना था और जो भी हिस्से मिले उन पर अपने-अपने कानूनों के अनुसार राज करना था,केवल व्यापार के लिए पूरे यूरोप के ईसाई जगत को छूट देनी थी। पुर्तगाल का वास्को डि गामा 20 मई 1498 को कालीकट पहुंचा और यही हिंदुस्तान,बल्कि एशिया के पराभव और यूरोप के उत्थान का बीज-बिंदु साबित हुआ। पहले पुर्तगाल के व्यापारी भारत आए (1600), फिर डच (1610), फिर ब्रिटिश (1611),फिर फ्रांसीसी (1667) और अंत में आए डेनमार्क-नार्वे वाले (1799)। (पांडिचेरी के उत्तर, तमिलनाडु के थरंगंबादी कस्बे और बंगाल के सेरामपुर में डेनिश अड्डे थे,थरंगंबादी में समुद्रतट पर उनकी टूटी-फूटी व्यापारिक कोठी अभी भी मौजूद है।)

**दुर्भाग्य है कि मराठों और अन्य देशी ताकतों से उलझा मुगल बादशाह औरंगजेब पश्चिम की नई उभरती समुद्री ताकत की युगांतकारी संभावना को नहीं देख पाया। उसके बरक्स औरंगजेब के समकालीन शिवाजी ने मराठा नौसेना का गठन किया (1654) और थल सेना एवं नौसेना के समन्वय से ही सूरत बंदरगाह पर कब्जा करने (1664) में सफल रहे थे।**

1600 में ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना मुख्यतः भारत से समुद्री व्यापार करने के लिए ही हुई थी। 1614 में सर टॉमस रो ब्रिटिश संसद के सदस्य बने। रो की पहले से मशहूर राजनयिक सफलता के चलते कंपनी ने राजा जेम्स से उन्हें हिंदुस्तान के बादशाह जहांगीर के पास इंग्लैंड का राजदूत बनाकर भेजने की सिफारिश की,जो मान ली गई। रो 1615 में आगरा पहुंचे । वे 1615 से 1618 तक तीन साल आगरा में रहे और जहांगीर के करीबी तथा हम प्याला बनने में सफल हुए। आखिर जहांगीर ने कंपनी को सूरत में व्यापारिक कोठी (गोदाम या कारखाना) खोलने की अनुमति दे दी। भारत के भावी दुर्भाग्य का यह दूसरा काल बिंदु साबित हुआ। सूरत के बाद कंपनी की व्यापारिक कोठियां आगरा, अहमदाबाद, भड़ौच और बड़ौदा में भी खुल गईं। बंगाल में कंपनी की पहली कोठी खुली हुगली में (1650-51),फिर एक और कोठी कासिम बाजार में खुल गई। हुगली में कंपनी के उद्धत कर्मचारियों द्वारा की गई लूटपाट से बौखलाए औरंगजेब के हुक्म से मुगल सेना ने अंग्रेजों की बस्ती उजाड़कर उन्हें समुद्र में खदेड़ दिया (1686)। दो साल बाद चटगांव पर कब्जा करने की उनकी कोशिश भी नाकाम कर दी गई।

दुर्भाग्य है कि मराठों और अन्य देशी ताकतों से उलझा मुगल बादशाह औरंगजेब पश्चिम की नई उभरती समुद्री ताकत की युगांतकारी संभावना को नहीं देख पाया। उसके बरक्स औरंगजेब के समकालीन शिवाजी ने मराठा नौसेना का गठन किया (1654) और थल सेना एवं नौसेना के समन्वय से ही सूरत बंदरगाह पर कब्जा करने (1664) में सफल रहे थे। बड़े मुगलों में से किसी को भी पहले के चोलों,चालुक्यों और पल्लवों की तर्ज पर अपना शक्तिशाली समुद्री बेड़ा खड़ा करने की नहीं सूझी,जिसे करने में वे पूर्णतः समर्थ थे। इतिहास में दूरगामी असर वाले ऐसे आकस्मिक हादसे होते रहे हैं। छोटे मुगलों के काल में, पहले प्लासी, फिर बक्सर युद्ध (1764) में अंग्रेजों की विजय और अगले साल इलाहाबाद की संधि ने व्यापारी कंपनी को सत्ता और राजनीति की विस्तीर्ण दीर्घा में छलांग लगाने का अवसर उपस्थित कर दिया। इस तरह भारत में उपनिवेश युग का प्रारंभ हुआ और धीरे-धीरे कंपनी के शासन ने हिंदुस्तान का प्राचीन और उन्नत हस्तशिल्प और उससे जुड़ा स्वदेशी व्यापार तंत्र पूरी तरह नष्ट कर उसे इंग्लैंड के उद्योगों के लिए कच्चे माल के उत्पादक और तैयार माल के बाजार में बदल दिया। सीमित हुए संसाधनों की इस छीनाझपटी में जाति व्यवस्था अपने क्रूरतम, अमानुषिक रूप में उभरकर सामने आई।

कंपनी द्वारा नए-नए इलाकों पर कब्जा करने हेतु लड़ी गई लड़ाइयों के संसाधन जुटाने और बैलेंस शीट बेहतर दिखाने के लिए कृषि लगान की दरें लगातार बढ़ाई जाती रहीं। सूखे और बाढ़ में भी कोई रियायत नहीं दी जाती थी। बाद में लगान वसूली के बिचौलियों का एक वर्ग विकसित हो गया,जो सरकार को निश्चित दर पर मालगुजारी देता था, किंतु वह किसानों से कितना वसूल करता था, इस पर कोई नियंत्रण नहीं था,जानकारी तक नहीं थी। इस तरह कारीगर के साथ-साथ किसान भी बर्बाद हो गए। मुख्यतः इंसानी कारणों से उद्भूत बंगाल के भयानक दुर्भिक्ष (1769-73) से वहां की जनसंख्या एक तिहाई रह गई। मुगल काल का सबसे संपन्न सूबा सबसे विपन्न बन गया। इतिहासकारों ने स्वीकार किया है कि इस दुर्भिक्ष का मुख्य कारण कंपनी के व्यापारिक एकाधिकार और कर के नाम पर कंपनी के कर्मचारियों की व्यक्तिगत लूट थी। ठीक वैसा ही अकाल ब्रिटिश शासन के अंतिम चरण में 1943 में पड़ा जिसका मुख्य कारण प्राकृतिक नहीं,मानवीय था जिसमें जापान से पराजय की ओर उन्मुख अंग्रेजों की पीछे हटने की स्थिति में शत्रु के लिए झुलसी धरती छोड़ने की अग्रिम नीति अपनाने का भी जबरदस्त योगदान रहा। 1943 के बंगाल दुर्भिक्ष में कम से कम 30 लाख लोगों को तड़प-तड़प कर जान देनी पड़ी। कंपनी राज से शुरू होकर बाद के मुकुट राज में भी भारत को कच्चे माल का उत्पादक और तैयार माल के उपभोक्ता में बदलने की प्रक्रिया जारी रही। अंग्रेजों का इरादा स्वेच्छा से भारत का औद्योगीकरण करने का कभी नहीं रहा,किंतु युद्धकाल में बाधित यातायात की मजबूरी के चलते दोनों विश्वयुद्धों के दौरान भारत के उद्यमियों को स्वदेशी उद्योग लगाने की सहूलियत देनी पड़ी।

ब्रिटिश काल में हस्त शिल्प और कृषि कार्य में लगे होने से शूद्र सबसे अधिक प्रभावित हुए। बाद में वैश्विक औद्योगीकरण के चलते हस्त उद्योग वैसे भी लाभप्रद नहीं रह गए। शूद्र वर्ग की आर्थिक स्थिति में क्षरण के साथ प्रकृत रूप से उसकी सामाजिक स्थिति में भी गिरावट आई,लेकिन सबसे बुरा हाल हुआ पेशे की अशुचिता के आधार पर अस्पृश्य मान ली गई जातियों का। वे द्विजों से ही नहीं, शूद्रों से भी कटकर अलग-थलग पड़ गईं,शूद्र भी उन्हें अस्पृश्य मानने लगे। उनकी मानवीय गरिमा पूरी तरह रौंद दी गई। भारत के इतिहास का यह सबसे गर्हित अध्याय है। हिंदू धर्म का सबसे बड़ा कलंक भी। महाभारत काल तक जन्मना अस्पृश्यता का कोई सुराग नहीं मिलता,चातुर्वर्ण्य और जातिप्रथा का जरूर मिलता है। अस्पृश्यता के उद्भव और पुष्टीकरण का जघन्य कार्य बहुत बाद की देन है।

## प्रसंगवश

# अकेले अयोध्या पर शब्द बाण क्यों

उत्तर प्रदेश की फैजाबाद सीट जिसमें पुराण प्रसिद्ध सप्त पुरियों में प्रथम अयोध्या आती है,से भाजपा की पराजय हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारी प्रचार के साथ यहां राम की मूर्ति स्थापना की थी। वे यह मान बैठे थे कि 'वे ही राम को लाए हैं' और अब प्रत्युपकार करने की राम की बारी है। ऐसा नहीं हुआ। भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर 63 सीट घट गई और फैजाबाद हार गई। बस फिर क्या था,पार्टी के समर्थक और आईटी सेल वाले अयोध्या नगरी को ही कोसने लगे। खूब शब्द बाण चले। वे ये भूल गए कि स्वयं राम को यह नगरी बैकुंठ से भी ज्यादा प्रिय है। देश की जनता से अयोध्यावासियों को दंड देने की अपीलें की गईं। उन हिंदुओं को जयचंद से लेकर दोगला तक कहा गया,जिन्होंने भाजपा को वोट नहीं दिया। हद तो तब हो गई,जब एक धर्माचार्य भी इस विवाद में कूद पड़े और इन गैर भाजपा मतदाताओं को मंथरा का वंशज करार दे डाला। इन सब मर्यादाहीन आलोचकों का हम यहां ज्ञानवर्द्धन करना चाहते हैं। केवल अयोध्या में ही क्यों,भाजपा तो उन सभी जगह चुनाव हारी है, जहां-जहा राम रहे, बसे, अनुष्ठान किए।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अब आप कहां-कहां की जनता को गाली दोगे? चित्रकूट में राम बहुत समय रहे,किंतु बांदा-चित्रकूट सीट सपा की झोली में गई। पंचवटी कौन नहीं जानता! माता सीता का हरण यहीं से हुआ। यह महाराष्ट्र की नासिक लोकसभा सीट के अंतर्गत आती है। यहां भाजपा तो खड़ी नहीं थी,उसकी सहयोगी एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना का प्रत्याशी खड़ा था,जो हार गया। किष्किंधा में राम सुग्रीव की मित्रता और हनुमान मिलन हुआ था। यह स्थान आज 'हम्पी' है, जो कर्नाटक की बेल्लारी सीट का हिस्सा है। यहां से कांग्रेस जीती है। रामेश्वरम में तो श्रीराम ने प्रसिद्ध शिव ज्योतिर्लिंग की स्थापना की थी और सेतुबंध किया था। यह रामनाथपुरम निर्वाचन क्षेत्र में आता है। यहां भी 'इंडिया' गठबंधन जीता है और भाजपा समर्थित निर्दलीय हारा है। तब फिर अकेले अयोध्या को कोसना क्यों जारी है? राम की आवाज सुनिए। वे अपने नाम और भक्ति का राजनीतिकरण नहीं चाहते। वे समदर्शी हैं और "सब मोहि प्रिय सब मम उपजाय" उनका उद्घोष है।

# मनुष्य की भावनाएं ही उसे बड़ा बनाती हैं

वॉयजर 1 अंतरिक्ष यान के लगभग सभी खराब यंत्र ठीक कर लिए गए हैं। लगभग 47 वर्ष से अंतरिक्ष में यात्रा कर रहा वॉयजर वन इस समय पृथ्वी से लगभग 24 अरब किलोमीटर दूर है। यहां से वहां तक रेडियो सिग्नल जाने में उसके प्रकाश की गति (3 लाख किलोमीटर प्रति सेकंड) के हिसाब से चलते हुए 22 घंटे का समय लगता है। यहां से रेडियो सिग्नल भेज कर ये खराब यंत्र ठीक कर लिए गए हैं। क्या यह मानव की मेधा को नमन करने का अवसर नहीं है?

जब यह वॉयजर वन पृथ्वी से 6.4 अरब किलोमीटर दूर था,तब इसने पृथ्वी के चित्र लिए थे। उसमें पृथ्वी अनंत अंतरिक्ष में एक बिंदु के समान दिखाई पड़ रही थी। उसे देखकर प्रसिद्ध खगोल शास्त्री और विज्ञान लेखक कार्ल सैगन ने 1994 में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'पेल ब्लू डॉटः ए विजन ऑफ द ह्यूमन फ्यूचर इन स्पेस' में इन शब्दों को कहा था। उनके ये शब्द मानव जाति के लिए कितने प्रेरणादायक हैं।

'उस बिंदु को दोबारा देखें। वो जगह यह है, वो घर है,वो हम हैं। इस पर वो सभी लोग हैं जिन्हें तुम प्यार करते हो,जानते हो,सुनते हो, जितने भी मनुष्य आज तक हुए हैं। हमारी खुशी, हमारी वेदना, हमारे धर्म, विचार, मत, शिकारी, नायक, कायर, सभ्यताओं को बनाने और बिगाड़ने वाले, राजा और किसान, प्यार में डूबे युवा, प्रत्येक माता-पिता, आशावान बच्चा, आविष्कारक और खोजी, नैतिकता के शिक्षक और भ्रष्ट नेता, हर एक सुपरस्टार और महान नेता, हर संत और पापी, सब कुछ जो हमारे इतिहास में हुआ, इस नीले बिंदु के भीतर सूर्य के प्रकाश में दीखने वाली धूल की तरह लुप्त हो गया।' 'इस अनंत ब्रह्मांड में पृथ्वी बहुत ही छोटा हिस्सा है। उन शासकों के बारे में सोचिए जिन्होंने इस बिंदु पर कब्जा करने के लिए खून की नदियां बहा दी थीं। अंतहीन निर्दयता जो एक तरफ के लोगों ने दूसरे तरफ के लोगों पर की थी। वे लोग कितनी अज्ञानता से भरे थे,एक-दूसरे को मारने की तड़प से भरे,कितनी गहरा था उनका द्वेष।'



डॉ.राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

**कितनी छोटी हैं मनुष्य की ये भावनाएं,लेकिन इसके बावजूद मनुष्य की मेधा,उसके आगे बढ़ने की इच्छा,छोटी नहीं है।**

'हमारा दिखावा, अहंकार, यह भ्रम कि हम इस ब्रह्मांड में विशेष हैं,इस बिंदु ने यह सब भ्रांतियां तोड़ दी हैं। हमारा ग्रह इस अनंत अंधेरे ब्रह्मांड में एक अकेले कण के समान है। इस अंधकार और विस्तार में कोई संकेत नहीं है कि कोई हमें, हमसे बचाने कहीं और से आएगा।' 'कहते हैं कि खगोल विज्ञान विनय और चरित्र निर्माण देता है,लेकिन वे तस्वीर मानव अहंकार की अज्ञानता का बेहतरीन उदाहरण है। वे हमारी जिम्मेदारी को रेखांकित करती है कि हमें एक दूसरे से और भी कृतज्ञता और नम्रता के साथ व्यवहार करना चाहिए ताकि हम इस धरती को संजोकर रख सकें। धरती,वह एक नीला बिंदु, जो हमारा एकमात्र घर है।' कितना सही कहा था कार्ल सैगन ने। वास्तव में अंधेरे, काले, गहन अंतरिक्ष में एक बिंदु-जो पृथ्वी है-हमें दिखाता है कि हम इस ब्रह्मांड में कितने महत्वहीन हैं। हमारा अहंकार कितना खोखला है। पृथ्वी के एक भाग पर अधिकार करने के लिए किए गए हमारे झगड़े और युद्ध कितने तुच्छ हैं। हमारी स्वयं को ही सर्वश्रेष्ठ और सदैव सत्य समझने की भावना कितनी उथली है। हमारी स्थिति पृथ्वी के समस्त महासागरों के तटों पर बिखरी हुई रेत के एक कण से भी कम है।

मानव में बहुत सी कमियां हैं। यहां दूसरों को कष्ट देने की भावना है,यहां धर्म के नाम पर अन्य प्राणियों के प्राण लेने की भावना है,यहां अहंकार है, क्रोध है, असत्य है, यहां अज्ञान है। हम सिकंदर को महान कहते हैं। क्यों कहते हैं? क्या इसलिए कि उसने मकदूनिया से निकलकर तलवार के बल पर पृथ्वी के एक छोटे से भाग पर अधिकार कर लिया था? क्या महान होने की यह कसौटी होनी चाहिए? कैसे हम अपने धर्म की कमियां दिखाई जाने पर आपे से बाहर हो जाते हैं,कैसे हम तर्कसंगत विचार न करके अपने तथाकथित धर्म को सर्वश्रेष्ठ मानते हैं और उसके लिए मरने-मारने को तैयार हो जाते हैं।

कितनी छोटी हैं मनुष्य की ये भावनाएं, लेकिन इसके बावजूद मनुष्य की मेधा,उसके आगे बढ़ने की इच्छा, छोटी नहीं है। इस ब्रह्मांड के रहस्य ज्ञात करने के लिए किया गया उसका परिश्रम तुच्छ नहीं है। उसकी यह भावना गलत नहीं है। यही वह मेधा है,वह इच्छा है और वह परिश्रम है जिसने उसे एक गुफा मानव की स्थिति से आज की स्थिति तक लाकर खड़ा किया है,जहां वह स्वयं अपना और अपने ब्रह्मांड का उद्गम खोज रहा है। मनुष्य की यह भावना उसे बड़ा बनाती है। उसकी यह भावना उसकी अनेक कमियों के बावजूद उसे एक अलग स्थान पर खड़ा करती है।

## सोशल फोरम

# प्रकृति के परिवर्तन का यथार्थ

जीवन में कई बार ऐसे मुकाम आते हैं,जब हमें लगने लगता है कि हमारी समझ परिपक्व हो गई है और किसी विषय या चीज के विषय में अब हम, जो विचार,राय या धारणा बनाएंगे, वह परिपक्वता की दृष्टि से सबसे अच्छी होगी और उसमें किसी प्रकार के सुधार या परिष्कार की कभी आवश्यकता नहीं होगी।

कुछ दिन, महीने या साल बाद जब हम अपने उस परिपक्व विचार,राय या धारणा को देखते हैं,तब हमें उसमें कुछ कमी महसूस होने लगती है। इसका कारण है कि हमारी समझ अध्ययन, मनन, अनुभव, परिवेश और समय-सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, वैज्ञानिक आदि क्षेत्रों में निरंतर हो रहे बदलावों के साथ समायोजन करते हुए सतत बदलती रहती है।



अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

यह तथ्य इस बात का प्रमाण है कि एक मनुष्य अपने जीवन में जानते, समझते, अनुभव करते,पढ़ते-लिखते और समय के साथ समायोजन करते हुए सतत संशोधित और परिष्कृत होता रहता है,यानी विकसित होता रहता है। यह बदलाव या विकास सदैव सीधी रेखा में ही नहीं होता,कई बार यह टेढ़ा-मेढ़ा भी होता है। सतत बदलाव प्रकृति का नियम है। मनुष्य और उसका परिवेश भी बदलता रहता है। यह बदलाव स्वाभाविक है,लेकिन हमारे समाज का सोच कहावतों, काव्याशों, दोहों, चौपाइयों, श्लोकों आदि से इस कदर प्रदूषित है कि इस समाज में बदलने को स्वाभाविक और सकारात्मक अर्थ में नहीं लिया जाता। बदलने का अर्थ हम अविश्वसनीयता, अमानवीयता, धूर्तता आदि से लगाते हैं, जबकि सकारात्मक दिशा में बदलना प्रगति करना है और इस बदलाव को प्रसन्नता से स्वीकार करना चाहिए।

हम भूल जाते हैं कि जब हम अपने जीवनकाल में ही बदलते रहते हैं,तब हमारे पूर्वजों के विचार आज संभव है कि प्रासंगिक और उपादेय न रह गए हों,मगर धर्म, संस्कृति और प्राचीनता की भक्ति में डूबा समाज उनके विचारों के पुनर्मूल्यांकन का साहस ही नहीं करता। इस प्रवृत्ति से समाज में पाखंड और भेद बढ़ता है। दुनिया के उन्नत और आधुनिक समाजों के साथ समायोजन और बदलना करना कठिन हो जाता है।

**-फेसबुक वॉल से**

# भीषण गर्मी में योगदान देने वाले कारक

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली अत्यधिक गर्मी की लहर सार्वजनिक स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिरता और समग्र सामाजिक कल्याण के लिए गंभीर चुनौतियां पैदा करती है। भारत में अत्यधिक गर्मी की चिंताजनक स्थिति का विभिन्न क्षेत्रों और दैनिक जीवन के पहलुओं पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है। हालांकि सरकार ने जलवायु कार्य योजनाओं, ताप कार्य योजनाओं और शहरी हरित पहलों के माध्यम से प्रभाव को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन चुनौतियां महत्वपूर्ण बनी हुई हैं।

अत्यधिक गर्मी के प्रतिकूल प्रभावों से निपटने के लिए सरकारी नीतियों, उद्योग अनुकूलन और उपभोक्ता जागरूकता के संयुक्त प्रयास महत्वपूर्ण हैं। ग्लोबल वार्मिंग के मूल कारणों को संबोधित करके और गर्मी की लहरों के प्रति लचीलापन बढ़ाकर, भारत भावी पीढ़ियों के लिए अपनी आबादी, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण की रक्षा कर सकता है। बढ़ते तापमान का प्राथमिक चालक ग्लोबल वार्मिंग है। इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) की रिपोर्ट मानवीय गतिविधियों, विशेष रूप से जीवाश्म ईंधन जलाने,वनों की कटाई और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और बढ़ते वैश्विक तापमान के बीच एक स्पष्ट संबंध का संकेत देती है। सरकार ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, अपनी आबादी और बुनियादी ढांचे पर अत्यधिक गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए कई उपाय लागू किए हैं। 2008 में लांच की गई,जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीसीसी) जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभावों से निपटने के लिए भारत की रणनीति की रूपरेखा तैयार करता है। इसमें सौर ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता, टिकाऊ कृषि और जल संरक्षण पर मिशन शामिल हैं, जिनका उद्देश्य समग्र कार्बन पदचिह्न को कम करना और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना है। कई राज्यों और शहरों ने हीट एक्शन प्लान विकसित किए हैं,जो गर्मी से संबंधित रुग्णता और मृत्यु दर को कम करने के लिए डिजाइन किए गए व्यापक ढांचे हैं। इन योजनाओं में आम तौर पर शामिल हैः आसन्न गर्मी की लहरों के बारे में जनता को समय पर जानकारी प्रसारित करना,नागरिकों को गर्मी की लहरों के खतरों और निवारक उपायों के बारे में शिक्षित करना। गर्मी से संबंधित बीमारियों को पहचानने और उनका इलाज करने के लिए स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षण देना तथा शीतलन केंद्र बनाना, हरित आवरण बढ़ाना और जल आपूर्ति प्रणालियों में सुधार करना।



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

**'ग्रीन इंडिया मिशन' जैसी पहल का उद्देश्य वन और वृक्ष आवरण को बढ़ाना है, इस प्रकार शहरी क्षेत्रों में तापमान विनियमन में योगदान देना है।**

शहरी ताप द्वीप प्रभाव से निपटने के लिए सरकार हरित पट्टियों और शहरी वनों के विकास को बढ़ावा दे रही है।

'ग्रीन इंडिया मिशन' जैसी पहल का उद्देश्य वन और वृक्ष आवरण को बढ़ाना है, इस प्रकार शहरी क्षेत्रों में तापमान विनियमन में योगदान देना है। भारत नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं, विशेषकर सौर और पवन ऊर्जा में भारी निवेश कर रहा है। लक्ष्य जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करना है, जो ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में प्रमुख योगदानकर्ता हैं। जलवायु परिवर्तन के दीर्घकालिक प्रभावों को कम करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की ओर परिवर्तन महत्वपूर्ण है। भारत में अत्यधिक गर्मी विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित करती है,प्रत्येक को अद्वितीय चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और विशिष्ट अनुकूलन की आवश्यकता होती है। भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि अत्यधिक गर्मी के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। उच्च तापमान के कारण निम्न हो सकते हैंः गर्मी का तनाव फसल की वृद्धि और उत्पादकता पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। गेहूं, चावल और दालें जैसे मुख्य खाद्य पदार्थ विशेष रूप से अतिसंवेदनशील होते हैं। वाष्पीकरण दर बढ़ने से सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता कम हो जाती है जिससे पहले से ही गंभीर पानी की कमी की समस्या और बढ़ जाती है। पशुधन गर्मी के तनाव से पीड़ित हैं जिससे दूध उत्पादन कम हो गया है और मृत्यु दर में वृद्धि हुई है। अत्यधिक गर्मी में माल परिवहन करना समस्याग्रस्त हो सकता है जिससे आपूर्ति श्रृंखला दक्षता प्रभावित हो सकती है। गर्मी से संबंधित बीमारियों में वृद्धि से स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तनावपूर्ण हैः गर्मी से संबंधित रुग्णता और मृत्यु दरः अस्पतालों में हीट स्ट्रोक,निर्जलीकरण और अन्य संबंधित स्थितियों के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। गर्मी से संबंधित बीमारियों के इलाज और स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने की लागत प्रणाली पर वित्तीय बोझ डालती है। बुजुर्ग, बच्चे और पहले से मौजूद स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोग विशेष रूप से जोखिम में हैं, इसलिए लक्षित स्वास्थ्य देखभाल रणनीतियों की आवश्यकता है।

पर्यटन-पर्यटन उद्योग,विशेष रूप से अपने ग्रीष्मकालीन आकर्षणों के लिए जाने जाने वाले क्षेत्रों में चुनौतियों का सामना करता है,जो अत्यधिक गर्मी पर्यटकों को रोकती है जिससे पर्यटन पर निर्भर व्यवसायों पर असर पड़ता है। स्वास्थ्य और अच्छाई गर्मी की लहरों के दौरान उपभोक्ताओं को कई स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ता है। जैसे हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण और पुरानी स्थितियों का बिगड़ना आम है। आर्थिक बोझ-उपभोक्ताओं पर आर्थिक प्रभाव में शामिल हैं। जैसे उपयोगिता बिलों में वृद्धिः घरों और कार्यालयों को ठंडा करने की लागत के कारण बिजली का बिल बढ़ जाता है। अत्यधिक गर्मी से जीवन की समग्र गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अत्यधिक गर्मी बाहरी गतिविधियों और गतिशीलता को सीमित कर देती है, जिससे समग्र आराम कम हो जाता है।

# महंगाई दर कम दिखाने का नुस्खा

4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से लगातार चीजों के दाम बढ़ने शुरू हो गए हैं। अगर सुबह-सुबह अखबार पर नजर डाले तो रोज ही किसी न किसी रोजमर्रा की चीजों के दामों में बढ़ोतरी देखने को मिल जाती है।

विगत दिनों में दूध,आटा-दालों,सब्जियों, सीएनजी, एटीएम से धन निकासी आदि के दामों में बढ़ोतरी की खबरे पढ़ने को मिलती हैं। जिस देश के चुने गए सांसदों में 99 प्रतिशत करोड़पति हों,वहां की संसद में शायद महंगाई पर न तो कोई गूंज होगी न ही कोई गंभीर चर्चा,लेकिन देश की जनता के लिए बढ़ती महंगाई केवल चिंता का विषय न होकर एक बड़ी चुनौती भी होती है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

केंद्र सरकार के पास हर कमी को ढंकने का कोई न कोई रास्ता रहता है,उसी के तहत महंगाई को कम कर दिखाने का भी नुस्खा निकल आया है। सरकार के हर बार के आंकड़ों में हैरानी की बात है कि थोक महंगाई दर बढ़ रही है,लेकिन खुदरा महंगाई घट रही है। इस गुत्थी को तो शायद बड़े अर्थशास्त्री ही समझ सके,लेकिन मई माह में थोक मंहगाई दर 1.20 प्रतिशत की अप्रैल की थोक मंहगाई दर से बढ़ कर 2.61 प्रतिशत हो गई यानी दुगने से भी ज्यादा हो गई,लेकिन उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई दर इस अवधि में 4.85 प्रतिशत से घटकर 4.79 प्रतिशत रह गई। मामूली सी ही सही,लेकिन इन आंकड़ों के हिसाब से इसमें कमी आई।

असल में सरकार ने महंगाई दर कम दिखाने का नया नुस्खा निकाल लिया है। नए नुस्खे में खाने-पीने की चीजों का महत्व कम कर दिया गया है। पहले खाने-पीने की चीजों का वेटेज 49.86 प्रतिशत था जिससे खाने पीने की चीजों के दाम बढ़ने से महंगाई का आंकड़ा बढ़ जाता था। अब इसे घटाकर 39 प्रतिशत कर दिया है जिससे खाने-पीने की वस्तुओं के दाम बढ़ने से इस महंगाई दर पर असर नहीं दिखाई देता।

देश की जनता इस मार से त्रस्त है। क्या देश के चुने हुए नुमाइंदे इस तरफ कोई ध्यान देंगे?

# गोवंशों के लिए पानी, चारा और छाया के करें पुख्ता इंतजाम

## गौशालाओं में अव्यवस्थाएं मिलने पर संबंधितों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने वर्चुअल बैठक कर जनपद की समस्त गौशालाओं में सरंक्षित गोवंशों को पानी, हरा चारा, भूसा, छाया आदि के पुख्ता इंतजाम हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। माह मई 2024 की डीवीटी हेतु फन्ड रिक्वेस्ट की डिमांड डकोर व माधौगढ़ के न करने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए त्वरित डिमांड करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि सहभागिता योजना के तहत दिये गए गोवंशों का सत्यापन कराया जाए, जिससे समय से कृषकों का भुगतान किया जा सके। गोवंशों के हरा चारा व स्वास्थ्य के लिए नेपियार घास, सम्बद्ध भूमि के सापेक्ष शत प्रतिशत बुवाई सुनिश्चित करायें। गर्मी से बचाव हेतु गौशालाओं में गोवंशों के लिए पानी, छाया के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, आवश्यकता पड़ने पर टीन शेड व टाट बोरे से छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करें। स्वच्छ



वर्चुअल बैठक लेते जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय। अमृत विचार

जल, भूसा, हरा चारा, पशु आहार पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने उप जिला अधिकारी, खंड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोआश्रय स्थलों से गोवंश को नही छोड़ा जाये, जिस क्षेत्र में गोवंश विचरण करते पाए जाते हैं तो निश्चित ही सम्बंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी गो आश्रय स्थलों में बर्मी कम्पोस्ट / कम्पोस्ट आदि कार्य योजना की समीक्षा एवं एनआरएलएम / मनरेगा के अन्तर्गत गठित स्वंय सहयता समूहों को जोड़े जाने के निर्देश दिए। सघन पौधरोपण अभियान के तहत समस्त गौशालाओं में छायादार पौधरोपण किया जाना सुनिश्चित करें, बरसात से पूर्व गोआश्रय स्थलों में कीचड़ एवं जल भराव की समस्या न होने पाए इसके लिये पहले से ही कार्ययोजना तैयार कर लें। खण्ड विकास व तहसील स्तर पर टास्क फोर्स की बैठक नियमित करें और इसकी आख्या रिपोर्ट जिलाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि बीमार गोवंशों के उपचार हेतु पशु चिकित्सक मौके पर पहुंच कर उपचार सुनिश्चित करेंगे, साथ ही गौशालाओं में तैनात केयर टेकर द्वारा बीमार गोवंश की संबंधित अधिकारियों को सूचना न देने वालों को चिह्नित कर सेवा समाप्त की जाए। गौशालाओं में अव्यवस्थाएं मिलने पर केयरटेकर के साथ-सात संबंधित अधिकारी व नोडल अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जायेगी।

## बाढ़ से पहले व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर दिया जोर

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** मंगलवार को उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल की अध्यक्षता में लेखपालों तथा राजस्व कर्मचारियों की साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बाढ़ से पहले व्यवस्थाओं दुरुस्त करने व विरासत के मामलों को जल्द से जल्द निपटाने पर जोर दिया गया।

तहसील के सभागार में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी तथा नायब तहसीलदार की मौजूदगी में आयोजित बैठक में उपजिलाधिकारी ने कहा कि आगामी दिनों में शुरू होने वाली बारिश तथा बाढ़ की सम्भावना के पहले इलाकों में पुख्ता इंतजाम कर लिये जायें। उन्होंने आइजीआरएस पोर्टल में दर्ज शिकायतों का तत्परतापूर्वक मौके पर जाकर के गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण नियत तिथि से 3 दिन पहले किया जाए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अवगत कराया कि



बैठक में मौजूद एसडीएम, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार। अमृत विचार

### डीएम ने गौशाला का किया औचक निरीक्षण

**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज दोपहर में मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी व अधिनस्थ अधिकारियों के साथ पिया निरंजन पुर गौशाला का औचक निरीक्षण किया और उन्होंने गोवंश को अपने हाथों से नेपियर घास व चोकर भी खिलाया। जिलाधिकारी ने गोवंशों को हरे चारे की कमी न हो इसके लिए नेपियर घास के उत्पादन के लिए ग्राम प्रधान और सचिव से कहा, निरीक्षण के दौरान नंदी ( सांड़ ) के लिए गौशाला में अलग व्यवस्था करने के लिए कहा, जहां पर टीन शेड आदि की व्यवस्था न होने पर नंदी को धूप में खड़ा देख जिलाधिकारी ने त्वरित नंदियों को शेड में पहुंचाया और नेपियर घास व चोकर खिलवाया।

गांवों में सरकारी भूमि में अतिक्रमण पर कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाये।

उपजिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि कुरा बंटवारे की जो पत्रावलियां लम्बित हैं। उनमें रिपोर्ट तैयार कर नियत तिथि से पहले न्यायालय में प्रस्तुत करें। बैठक में नायाब तहसीलदार हरदीप सिंह, नीलमणि सिंह, राजस्व निरीक्षक राम राजा राजपूत, सदर लेखपाल जितेंद्र कुमार, जयवीर सिंह, प्रमोद दुबे, प्रियंका सिंह, एसके महान, शिवमंगल पाठक,स्टैनो सलीम खान,सेवेंद कुमार, सैयद टीपू, सेवेंद कुमार के अलावा राजस्व कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने कैंडिल मार्च निकाल कर दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

● ट्रेन हादसे के मृतकों की आत्मा की शाति के लिये रखा मौन

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला और शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में तहसील के सामने गांधी चबूतरा में पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाइगुड़ी के पास हुए ट्रेन हादसे में अपनी जान गंवाने वाले 15 लोगों को मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन रखकर मृतआत्माओं की शांति की प्रार्थना ईश्वर से की और इस हादसे में घायल लगभग 60 लोगों के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की।

इस मौके पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से धीरेंद्र शुक्ला जिलाध्यक्ष जिला, अरविंद सेंगर , मजहर ख़ान, लालू शेख, राजेश प्रजापति, मो०फ़ैज़ानुल हक़, अमित पांडेय, अली हैदर, ब्रजेश पांडेय , शब्बीर हसन अंसारी, रमेश सक्सेना, अरविंद यादव, बब्लू राजा चौधरी, आदित्य कुमार मिश्रा, राहुल गुप्ता , नूर अहमद , मुख़्तार खान , रियाज खां, सौरभ त्रिपाठी , बसीर खां, अमजद खां, जय सिंह बुंदेला आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



कैंडिल मार्च निकालते कांग्रेसी। अमृत विचार

# सड़क दुर्घटनाओं में आधा दर्जन घायल

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** एक ही दिन में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी कालपी में भर्ती कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कानपुर-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग में अमलतास तिराहे के पास दो बाइक आपस में टकरा गईं, जिससे 45 वर्षीय मनोरमा पत्नी नारायण दास निवासी नौबस्ता कानपुर तथा 18 वर्षीय शाहिद पुत्र रफीक निवासी पुखरायां कानपुर देहात घायल हो गए। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया गया। इसी प्रकार जोल्हूपुर-मदारीपुर मार्ग में बाइक की टक्कर से पैदल जा रहे 60 वर्षीय जसवंत निवासी ग्राम मुसमरिया तथा बाइक सवार सौरभ पुत्र लल्लन सिंह निवासी

### मार्ग दुर्घटना में होमगार्ड की मौत पर चालक के विरुद्ध मुकदमा

**कालपी( जालौन)।** पिछले सप्ताह झांसी कानपुर हाईवे पर चौरासी गुंबद के समीप सड़क दुर्घटना में होमगार्ड की मौत के मामले को लेकर पीड़ित पक्ष के द्वारा मोटर साइकिल चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त घटना को लेकर पीड़ित पिता कालीदीन पुत्र बब्बू ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि प्रार्थी का पुत्र लल्लू राम अपनी साइकिल से ड्यूटी करने के लिए कालपी जा रहा था। तभी जोल्हुपुर कालपी राष्ट्रीय राजमार्ग में रजत ढाबे के समीप मोटरसाइकिल के चालक ने तेजी व लापरवाही से बाइक चलाते हुए साइकिल में टक्कर मार दी। दुर्घटना में साइकिल सवार पुत्र लल्लू की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके विवेचना महमूदपुरा चौकी इंचार्ज सन्तोष कुमार शुक्ला को सौंपी है।




गोरा महेवा घायल हो गए। देर रात लगभग 10 बजे जोल्हूपुर मोड़ पर सब्जी की दुकान बंद करके घर वापस आ रही नगर के मुहल्ला हरीगंज निवासिनी बहनों आयशा तथा आसमा की स्कूटी में ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों बहनें गम्भीर रूप से घायल हो गईं, दोनों घायल बहनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्साधिकारी डॉ. गोपाल द्विवेदी ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर दोनों बहनों को मेडिकल कॉलेज उरई के लिए रिफर कर दिया गया।

# यातायात पखवारे के तहत 152 वाहनों का हुआ चालान

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** 11 जून से 25 जून तक चलने वाले इस विशेष अभियान के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु तथा यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने और अपराधों में अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान में दो पहिया, चार पहिया वाहनों में लाल नीली बत्ती, प्रेशर हॉर्न, सायरन, तथा पुलिस रंग का प्रयोग तथा दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों पर उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार लिखा (अनुबंधित वाहनों को छोड़कर) को रोकने के लिए चेकिंग कर उन पर विधिपूर्वक कार्रवाई की गई।

विशेष अभियान के तहत 11 जून से लेकर 17 जून तक सात दिनों में हूटर, सायरन एवं प्रेशर हॉर्न का



वाहन का चालान करते ट्रैफिक सिपाही।

प्रयोग करने वाले कुल 31 चालान किए गए हैं, तथा उन वाहनों में लगी लाल नीली बत्ती, हूटर, सायरन, को हटवाने की कार्यवाही की गई है, साथ ही दो पहिया चार पहिया वाहनों में भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार (अनुबंधित वाहनों को छोड़कर) के खिलाफ चलाया गया। इस अभियान के तहत 152 चालान किए गए हैं।

# पंचनद संगम तट पर योग शिविर आज

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

● जिला स्तरीय अधिकारी व अनेक चिकित्सा अधिकारी योगाभ्यास में रहेंगे मौजूद

**अमृत विचार।** जनपद के जगम्मनपुर में प्रसिद्ध तीर्थ पंचनद संगम तट पर 19 जून को योग शिविर का आयोजन किया जाएगा ।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए उपजिलाधिकारी माधौगढ़ विश्वेश्वर सिंह एवं आयुर्वेद चिकित्सालय कोंच के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. जितेंद्र वर्मा ने बताया कि संपूर्ण विश्व में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है । भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार ने संकल्प लिया है कि भारत की विलुप्त होती जा रही इस प्राचीन योग परंपरा को पुनर्जीवित करने का भागीरथी प्रयास किया जाएगा, जिससे आम जनमानस व देश वासियों को निरोग एवं स्वस्थ रखा जा सकता है। परिणाम स्वरूप समाज में आर्थिक समृद्धि



जगम्मनपुर के पंचनद संगम के इसी तट पर होगा योग शिविर। अमृत विचार

तथा सामाजिक समरसता मजबूत होगी। योग शिविरों का आयोजन कराने हेतु जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडे द्वारा निर्देशित किया गया है जिसमें अलग-अलग तिथियों में अलग-अलग स्थानों पर योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है । इस परिपेक्ष में 19 जून बुधवार को जनपद के प्रसिद्ध तीर्थ पंचनद संगम पर प्रातः 5:30 बजे से प्रातः 7:00 बजे तक योग शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहते हुए स्वयं योग करेंगे एवं ग्रामीणों को योग के लिये प्रेरित करेंगे। आयुष चिकित्सालय गधेला के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अम्बर शाहू ने बताया कि 19 जून को पंचनद संगम पर होने वाला योग शिविर अत्यधिक महत्वपूर्ण है इसमें जिला स्तरीय अधिकारी एवं अनेक चिकित्सा अधिकारी योग की विधि एवं उससे होने वाले लाभ की जानकारी देंगे।

# इस्लामिक विद्वानों ने दीन पर चलने की दी नसीहत

संवाददाता कालपी जालौन

● मस्जिद में मनाया गया 101 वां महाना जश्ने ख्वाजा गरीब नवाज कार्यक्रम

**अमृत विचार।** हर महीने की तरह बज्मे ख़्वाजा गरीब नवाज का कार्यक्रम चांद की छठवीं तारीख को बड़ी धूम से आयोजित किया जाता है। इसी सिलसिले में बीती रात को उस्मानिया मस्जिद में 101 वां महाना ज़श्न ख्वाजा गरीब नवाज धूमधाम से मनाया गया।

मस्जिद परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शहर के तमाम उलमाएं किराम इस्लामिक विद्वानों ने शिरकत कर के दीनी जानकारी दी । उस्मानिया मस्जिद के इमाम हाफिज अतहर बरकाती ने बताया ये कार्यक्रम 101 महीने से उस्मानिया मस्जिद में आयोजित हो रहा है। उन्होंने कहा कि पीर पैगम्बरों ने हम सब लोगों को सच्चाई नेकी और ईमानदारी पर चलने की नसीहत दी है। सभी लोग सच्चाई के रास्ते पर चलें।

कार्यक्रम में हाफिज अब्दुल कादिर साहब द्वारा की गई । कार्यक्रम में अकबरी मस्जिद के इमाम हाफिज शान निजामी ने अपने सम्बोधन में कहा कि इल्म हासिल करो अपने बच्चो को दीनी दुन्याबी दोनों तालीम दिलाओ। मौलाना हसीन अलीमी ने अपनी तकरीर में कहा कि अपने ईमान की हिफाज़त करो ख्वाजा गरीब नवाज ने हिन्दुस्तान में अपने अख्लाक और मोहब्बत से लोगों के दिलों को खुश किया। हाफिज इरफ़ान रजा, हाफिज मीजान तमाम आशिकाने ख़्वाजा गरीब नवाज की शिरकत की।

# टेम्पो चालक से झगड़ा करने में दो युवक गिरफ्तार

**कालपी जालौन ।** जोल्हूपुर मोड़ पर ऑटो चालकों से विवाद करना दो युवकों को महंगा पड़ गया। ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों को गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक कालपी कोतवाली क्षेत्र के जोल्हूपुर चौराहे में यात्री वाहनों तथा छोटे वाहनों का आवागमन निरंतर रहता है मंगलवार को आरोपी युवक सोनू पुत्र चंद्रशेखर निवासी ग्राम बरदौली तथा मोहर सिंह निवासी ग्राम हरकुंडी जिला हमीरपुर ऑटो चालकों से झगड़ा करने लगे। सूचना पाकर निकटवर्ती ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंच कर उत्पात मचा रहे दोनों आरोपी युवको सोनू तथा मोहर सिंह को पकड़ करके शांति भंग धारा 151 के अंतर्गत चालान कर दिया।

# मिट्टी का अवैध खनन जोरों पर

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** जालौन जिले के हर क्षेत्र में मिट्टी माफिया तेजी के साथ सक्रिय होते जा रहे है, जिन्हें पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों का बिल्कुल खौफ नहीं है। खनन माफिया दिन रात बस मिट्टी खनन में लगे हुए हैं। अगर कोई आम व्यक्ति रोकने की कोशिश करता है तो खनन माफिया उसे खुले आम धमकाते भी हैं।

बताते चले कि रात के अंधेरे में मिट्टी माफिया खुलेआम मिट्टी खनन करते हुए देखे जा सकते है, जो सरकारी जमीन पर एक साथ तीन-तीन जेसीबी मशीनों को लगा कर मिट्टी की खुदाई कर रहे है,बताया जाता है कि हर दिन सैकड़ों की संख्या में हाईवे पर ट्रैक्टर ट्रालियां फर्राटा भरती हुई दिखाई दे रही हैं। पता नहीं किस मजबूरी में मिट्टी माफियाओं पर कार्यवाही करने से जिम्मेदार अधिकारी बच



मिट्टी भरकर जाता ट्रैक्टर। अमृत विचार

रहे हैं। जबकि मिट्टी माफियाओं ने जेसीबी मशीनों से सरकारी जमीनों को खोदकर तालाब बना डाला है। शहर कोतवाली उरई क्षेत्र के अंदर चुर्खी रोड पर तीन जगहों पर एक साथ जेसीबी मशीनें गरज रही है। इसी प्रकार कोंच रोड पर कांशीराम कालोनी पुलिस चौकी।क्षेत्र में ग्राम गढर में भी मिट्टी खनन का अवैध कारोबार खुलेआम संचालित हो रहा है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने अवैध मिट्टी खनन रोकने और रात्रि में मिट्टी लेकर जा रहे ट्रेक्ट्ररों से हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने का हवाला देते हुए जिले के सभी थानाध्यक्ष, कोतवाल तथा सभी एसडीएम और सभी तहसीलदारों को पत्र भेज कर रात में मिट्टी खनन के सख्त निर्देश दिए हैं, इसके बावजूद हर थाना, कोतवाली, तथा तहसील क्षेत्र में रात्रि में अवैध मिट्टी खनन का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

## सार-संक्षेप

### हाईवे किनारे मिला अज्ञात वृद्ध का शव

**जालौन।** जालौन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बुंदेलखंड एक्सप्रेस की सड़क किनारे 60 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया। लेकिन मृतक वृद्ध की शिनाख्त नहीं हो सकी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी दामोदर सिंह मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल की शव किसी 60 वर्षीय बुजुर्ग का था। पुलिस ने मृतक के शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी । शव को लेकर चौकी प्रभारी दामोदर सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया शव देखकर प्रतीत हो रहा है कि अधिक गर्मी के चलते वृद्ध की मौत हुई है।

### रामायण हमें जीने का तरीका सिखाती है : व्यास जी

**जालौन।** उदोतपुरा स्थित लक्ष्मनजू मंदिर परिसर में चल रही रामकथा के समापन पर कथा व्यास ने लंका दहन, राम–रावण युद्ध, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के प्रसंग का वर्णन किया। कथा व्यास संजय पांडेय ने बताया कि रामायण हमें जीने का तरीका सिखाती है। रामायण हमें आदर्श, सेवा भाव, त्याग व बलिदान के साथ दूसरों की संपत्ति पर हमारा कोई अधिकार नहीं है, की सीख देती है। भगवान श्रीराम ने दीन–दुखियों, वनवासियों के कष्ट दूर करते हुए उन्हें संगठित करने का कार्य किया एवं उस संगठन शक्ति के द्वारा ही समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर किया। इसलिए हर रामभक्त का दायित्व है कि किसी भी पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैने अपना नाम PASI AJAY KUMAR SARJU PRASAD से बदल कर AJAY KUMAR PASI रख लिया है। अब से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O - SARJU PRASAD PASI ADD&PADRI KHURD UNNAO (U.P.)

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **सै0 नसीम अख्तर काज़मी पुत्र स्व0 सै0 सादिक हुसैन काज़मी, निवासी– 328/13, सी ब्लाक राजाजीपुरम् लखनऊ** का हूँ तथा मेरा एक किता प्लाट नं0 21 मोहल्ला सरफराज हरदोई रोड परगना तहसील व जिला लखनऊ में स्थित है जिसका रकबा 30x35=1050 वर्ग फिट है का मै तनहा मालिक हूँ अगर इस विषय में कोई क्रय विक्रय किसी अन्य के द्वारा किया जाता है तो वह पूर्णतः अवैध होगा जिसका जिम्मेदार सम्बन्धित पक्षकार स्वयं होगा।

**सूचना**
सूचित हो कि **मैं राम प्रताप पुत्र सुन्दर, निवासी– ग्राम पूरे मजरे सरॉय दिलबर, परगना व तहसील थाना कोतवाली डलमऊ, जिला रायबरेली,** मेरा पुत्र अर्पित कुमार मेरे परिवार के व्यक्तियों को व मुझे हमेशा मारता पीटता रहता है और शराब के नशे का आदी है मेरा कुछ भी कहना नहीं मानता हैं उसका चाल चलन सही ना होने के कारण उसके कृत्यों से दुखी होकर उसे अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके कृत्यों से मेरा कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**
मैने अपने पुत्र अवनेंद्र मिश्रा को उसके गलत आचरणों के चलते संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा सरोकार नहीं होगा। अंजनी मिश्रा पुत्र स्व.बृज बिहारी मिश्रा, निवासी मं. नं.538 क/970 त्रिवेणीनगर–3, लखनऊ।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं राजकिशोर पुत्र स्व. दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम दुर्गागंज थाना व पोस्ट काकोरी जनपद लखनऊ का हूं। जोकि मेरी सगी बड़ी पुत्री अनीता ने अपना विवाह अपनी मर्जी से जसवंत पुत्र दयाशंकर निवासी ग्राम अमेठिया सलेमपुर थाना व पोस्ट काकोरी जनपद लखनऊ से कर लिया है और उसके साथ रह रही है। इसके गलत आचरण के चलते मैं बहुत ही परेशान हूं। आज से मैने अपनी बड़ी पुत्री अनीता को अपनी सारी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। इनके द्वारा किए गए कृत्यो से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।

प्रयास | घाटों से एक किलोमीटर दूर बह रही है यमुना नदी, पर्वों पर श्रद्धालुओं को होती है परेशानी


# यमुना की जलधारा को घाटों तक लाने को संघर्ष

कार्यालय संवाददाता कालपी (जालौन)

● विधायक विनोद चतुर्वेदी ने लखनऊ में जल शक्ति मंत्री से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

● यमुना नदी की जलधारा को घाटों तक लाने में सहयोग का मिला आश्वासन

**अमृत विचार।** कालपी में यमुना मैया की जलधारा को प्राचीन घाटों तक लाने के लिए कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी को नगर के प्रतिष्ठित जनों ने एक मांग पत्र पिछले दिनों सौंपा था, जिसपर विधायक विनोद चतुर्वेदी ने पहल को तेज करते हुए। लखनऊ प्रवास के दौरान प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से भेंट कर कालपी नगर के लोगों का मांग पत्र सौंपकर यमुना नदी को स्वच्छ करने तथा घाटों तक लाने की मांग की है।



विधायक विनोद चतुर्वेदी।

क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कैबिनेट मंत्री को पत्र सौंपते हुए



यमुना का सूखा पड़ा घाट । अमृत विचार

बताया कि जनपद जालौन तथा कानपुर देहात की सीमा में यमुना नदी बहती है। दरअसल यमुना नदी की जलधारा कालपी के घाटों से एक किमी. दूर छोड़कर कानपुर देहात की ओर चली गई है, जिससे जालौन जनपद क्षेत्र के श्रद्धालुओं तथा भक्तों को सामान्य दिनों व विशेष पर्वों में स्नान करने के लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हजारों साधु, महात्मा व श्रद्धालु विभिन्न पर्वों में कालपी में आकर यमुना नदी के घाटों में स्नान करते हैं। लेकिन जलधारा घाटों को छोड़कर चली गई है, जिस कारण अब श्रद्धालु यमुना में स्नान नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने जल शक्ति मंत्री को अगवत कराया है कि यमुना नदी के प्राचीन घाटों से यमुना नदी का पानी काफी दूर हो जाने से उसका स्वरूप बेरौनक हो गया है। उन्होंने कहा कि यमुना नदी की जलधारा को कालपी के प्राचीन घाटों तक लाने के लिए कार्य योजना तैयार करके कार्य शुरू कराया जाए। ताकि कालपी का पौराणिक तथा ऐतिहासिक स्वरूप कायम हो सके। जलशक्ति मंत्री ने विधायक को कालपी में यमुना नदी की जलधारा को घाटों तक लाने में भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया है।

# 4 वर्षों में 15 हजार समूहों को मिलेंगे ड्रोन

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नमो ड्रोन दीदी योजना की जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं समन्वय समिति की पहली बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय कीअध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में नमो ड्रोन दीदी योजना की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं समन्वयन समीक्षा समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गयी। जिसमें समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। इस योजना में 10 से 15 ग्राम पंचायतों को लेकर कलस्टर बनाया जाना है जनपद में सभी विकास खण्डों में 36 कलस्टर बनाये गये हैं प्रत्येक कलस्टर में 01 समूह तथा उस समूह से ड्रोन दीदी का चयन किया जाना है। इस सम्बंध में जिलाधिकारी ने योजना के तहत समूह को 80 प्रतिशत अधिकतम 8 लाख तक की सब्सिडी पर ड्रोन उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है 20 प्रतिशत समूह को स्वयं लगाना है। ड्रोन दीदी के चयन के उपरान्त उन्हें 15 दिवसीय प्रशिक्षण दिये जाने का प्रावधान है इस योजना के तहत अगले 04 वर्षों में 15 हजार समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराये जाने की योजना है। ड्रोन के माध्यम से कृषि कार्य में उर्वरकों एवं कीटनाशकों का छिडकाव किया जा सकता है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, उप जिलाधिकारी अतिरिक्त ज्योति सिंह, उप कृषि निदेशक एसके उत्तम, डीसीएनआरएलएम दिनेश यादव आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** थरियांव पुलिस ने फरीदपुर उसरैना गांव निवासी रहीम पुत्र वशीर के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपित फरार चल रहा था। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

### मारपीट के तीन आरोपी पकड़े

**फतेहपुर।** गाजीपुर पुलिस ने लौगांव निवासी भइयालाल पुत्र स्व बाबूलाल, घूरेलाल पुत्र स्व बाबूलाल और छोटेलाल पुत्र स्व बाबूलाल के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहे थे। मंगलवार को पुलिस ने दोनों की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

### फरार आरोपी दबोचा

**फतेहपुर।** औंग पुलिस ने गोधरौली गांव निवासी संतलाल के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। वह फरार चल रहा था। मंगलवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### हेल्पलाइन नंबर बताए

**फतेहपुर।** मंगलवार को जनपद के सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा क्षेत्र में महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी।

# गर्मी से हाईवे पर महिला की मौत

## औंग थाना क्षेत्र के छिवली गांव के पास मिले शव की नहीं हो सकी शिनाख्त

संवाददातास फतेहपुर

**अमृत विचार।** फिर एक महिला की अत्याधिक गर्मी से मौत हो गई है। हाईवे पर बने डिवाइडर के बीच शव पड़ा देखकर स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। महिला की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने सोशल मीडिया में फोटो पोस्ट कर शिनाख्त के प्रयास में जुट गई।

जनपद में लगातार पड़ रही भीषण गर्मी के बीच हीट वेव से फिर एक महिला की मौत हो गई। औंग थाना क्षेत्र के छिवली गांव के पास हाईवे के बीच डिवाइडर में शव देखकर स्थानीय लोगों के सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।महिला की शिनाख्त न होने पर थाना पुलिस ने आस पास गांव के लोगो को फोटो के माध्यम से




● जिला अस्पताल मंगलवार को आए 880 मरीज

जानकारी किया। शिनाख्त न होने पर सोशल मीडिया में फोटो पोस्ट कर शिनाख्त का प्रयास कर रही है। थाना प्रभारी कांति सिंह ने बताया कि एक महिला जिसकी उम्र लगभग 55 वर्ष के आस पास है। हाईवे बने डिवाइडर के बीच में पड़ा हुआ था। आस पास के गांव और सोशल मीडिया में फोटो पोस्ट कर शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। आपको बताते चलें के जिले में अब तक हीट वेव से करीब आठ लोगों की मौत हो चुकी है।

### उल्टी-दस्त व बुखार के मरीजों से वार्ड फुल

■ **फतेहपुर।** मौसम की मार से लोग बेहाल हैं। अस्पताल मरीजों से फुल हैं। मरीजों की संख्या बढ़ने पर एक बेड में कभी-कभी दो-दो मरीजों को लिटाकर इलाज किया जा रहा है। अधिकांश मरीज उल्टी-दस्त, बुखार और लू से पीड़ित हैं। मंगलवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में करीब 880 मरीजों का इलाज किया गया। बाल रोग, जनरल, आयुष्मान वार्ड और आईसीयू मरीजों से फुल हैं। निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिले में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 33 डिग्री रिकार्ड किया गया है। लू के थपेड़ों से लोग हो रहे बेहाल गर्मी और लू के चलते लोग परेशान हैं। दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा रहता है। वहीं दोपहर में काफी समय तब बादल मंडराते रहे लेकिन बिना बरसे ही निकल गए। बता दें कि सोमवार की रात हल्की बूंदाबांदी से मंगलवार को उमस ने बेहाल कर दिया। जिससे बीमारियों के और अधिक बढ़ने का खतरा है।

### बीमारी से बचने को क्या न करें

■ धूप में खड़े वाहनों से बच्चों को दूर रखने की सलाह दी गई है। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें। शराब न पीएं। जानवरों को खुला न छोड़ें, बासी भोजन न करने, लू लगने पर शरीर में गीला कपड़ा न लपेटें।

### 20 जून तक लू का खतरा

■ गर्मी व लू के बीच प्रशासन ने अब 20 जून तक लू का खतरा बताया है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर लोगों से सुरक्षित घरों में रहने की अपील की। बताया कि मौसम विभाग ने 18 से 20 जून तक लू की चेतावनी दी है। ऐसे में लोग खुद का बचाव करें। लू से बचाव को दोपहर में बाहर न निकलें। भर पेट पानी पीने की अपील की गई है।

# ओवरलोडिंग से बिजली आपूर्ति बेपटरी

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के दौर में बिजली भी लोगों को परेशान कर रही है गर्मी और ओवरलोडिंग के कारण ट्रांसफार्मर खराब हो रहे है तो कहीं केवल में फाल्ट हो रहा है जिसके चलते बिजली गुल हो जाती है और फिर घंटू बिजली के दर्शन नहीं होते। इससे उपभोक्ता परेशान है। और बिजली विभाग भी मरम्मत करते-करते परेशान हैं।

सोमवार की रात में सिविल लाइन इलाके में रखा बिजली के ट्रांसफार्मर में कुछ खराबी आ गई। देर तक मरम्मत की बाद इस क्षेत्र की बिजली व्यवस्था बहाल हो सकी इसी तरह सोमवार की रात में ही आबू नगर में ताम्बेश्वर के पास वाली गली कि केवल में फाल्ट हो गया जिससे बिजली गोल हो गई रात में ढाई घंटे तक इस क्षेत्र में बिजली सप्लाई ठप रही जिससे लोग परेशान रहे और गर्मी से बेचैन होकर छतै पर टहलते रहे। तीन घंटे की मरम्मत के बाद इस क्षेत्र की बिजली व्यवस्था बहाल हो सकी। इसस संबंधित



शान्तिनगर में रखा ट्रांसफार्मर।

क्षेत्र के लोग परेशान रहे। इसी तरह ज्वालागंज क्षेत्र मंर भी मध्य रात्रि को केवल में फाल्ट हो गया जिसके कारण इस क्षेत्र की सप्लाई बंद हो गई । पूरे दिन के काम से थके हुए लोग जब रात में सोने जाते हैं तभी बिजली गोल हो जाती है। इसके साथ ही मंगलवार को दिन में भी बिजली की आवाजाही लोगों को परेशान करती रही बार-बार फाल्ट होते रहे और बिजली गोल होती रही। मरम्मत के बाद ही बिजली सप्लाई बहाल हो सकी इसके बावजूद कहीं 2 घंटे तो कहीं 3 घंटे बिजली गुल रही। अधिकारियों का मानना है की सबसे ज्यादा समस्या ओवरलोडिंग की है ओवरलोडिंग के कारण फाल्ट होते हैं और उससे बिजली गोल हो जाती है ऐसे में भीषण गर्मी भी परेशान करने वाली है।

### ट्रांसफार्मर को ठंडा रखना बड़ी समस्या

भीषण गर्मी और ओवरलोडिंग में ट्रांसफार्मर सीमा से अधिक गर्म हो जाते हैं और फुक जाते हैं । जिसके कारण बिजली कट जाती है। ऐसे में 42 ससे 45 डिग्री के तापमान में बिजली सप्लाई जारी रखते हुए ट्रांसफार्मर को गर्म न होने देना एक बड़ी चुनौती है। इसके लिए बिजली विभाग की ओर से कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर पर कूलर लगाए गए है ताकि ठंडी हवा से उन्हें गर्म होने से बचाया जा सके। और बिजली सप्लाई चालू रहे।

### ग्रामीण इलाकों में बिजली कटौती रुला रही

बकेवर व बिन्दकी में बिजली की अघोषित कटौती ग्रामीण क्षेत्र की जनता को रुला रही है। कभी ट्रिपिंग तो कभी फाल्ट, रोस्टिंग के नाम पर ग्रामीण क्षेत्र की बिजली घंटों गुल रहती है इस भीषण गर्मी में ग्रामीण क्षेत्र की जनता बुरी तरह त्रस्त है। ग्रामीण क्षेत्र के लाइट की अघोषित कटौती रहती है।

# हीटवेब से गायों में बढ़ी गर्भपात की समस्या

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** आमजन के साथ ही हीट वेब का शिकार अब मवेशी भी होने लगे हैं। सबसे अधिक समस्या गर्भवती गायों को है। हीट वेब का शिकार हो रही गायों को गर्भपात होने लगा है। इससे जिले के उन पशुपालकों की समस्या बढ़ गई है, जिनकी गायें गर्भ से हैं।

प्रचंड गर्मी से गायों में समय से पहले ही गर्भपात शुरू हो गया है। गायों में बढ़ रही इस तरह की घटनाओं को लेकर पशुपालक चिंतित हो रहे हैं। माना जा रहा है कि जिले में अब तक 50 से अधिक गायों के साथ ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। सोमवार को ताजा मामला सामने आया है बहुआ ब्लाक की एक गौशाला से। यहां एक गाय चार माह से गर्भ से थी और उसने समय से पहले ही बच्चा दे दिया, जिसकी तड़प कर मौत हो गई। घटना के बाद से पशुपालकों में चिंता का विषय बन गईर है। बहरहाल कुछ भी हो हीटवेब का शिकार इंसानों



● सरकारी आंकड़ों में नहीं, गौशालाओं से मामले आए सामने

● अब तक जनपद में करीब दर्जन भर गायों का गर्भपात

के साथ-साथ अब गौवंश भी होने लगे हैं। यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में मवेशियों के मरने का भी सिलसिला शुरू हो जाएगा। मामले में सीवीओ ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं हैं, बहराल हीट वेब का खतरा बढ़ा हुआ है। इस दौरान मवेशियों को सुबह व शाम कम से कम दो बार नहलाएं और पीने के लिए ठंडा पानी दें। उन्हें हर हाल में धूप से दूर छांव वाले स्थान में बांधे और चारा देते समय हौदे को ठीक से साफ कर लें। तनिक सी भी चूक मवेशियों के घातक बन सकती है।

# दिन-रात 'तंदूर' की तरह धधक रहा दोआबा

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** आसमान में तपता सूरज, धधकती धरती और लू के कहर से घरों में दुबके लोग, दोपहर में सड़कों-चौराहों पर सन्नाटा रोज के हालात हैं। मंगलवार को सूरज की तपिश से लोग झुलस गए। दूसरे दिन भी अधिकतम पारा 43 डिग्री के पार पहुंच गया। लू, गर्म हवाओं के चलते दिन-रात भभक उठे। जिससे जन-जीवन अस्त-व्यस्त रहा।

सोमवार को अधिकतम ताप 46 डिग्री दर्ज किया गया था। जबकि रात का ताप 33 डिग्री था। जो गुजरे कई सालों में सबसे अधिक था। वहीं मंगलवार को तापमान में गिरावट के बावजूद राहत नहीं मिली। मंगलवार सूरज की तपिश से झुलस उठा। गुजरे कई सालों पर गौर करें तो इस साल सबसे अधिक गर्मी रही। मंगलवार 10.30 बजे शहर का ताप 40 डिग्री पहुंच गया। लू से शहरी सहम उठे। वहीं तीखी गर्मी से सड़क किनारे कुछ पक्षी मृत अवस्था में मिले। सुबह 5.25 बजे 31 डिग्री के साए में सूर्योदय हुआ। इसके बाद धीरे-धीरे सूरज ने शहर पर चढ़ाई की। हीट-वेव का



लू के थपेडों से बचने के लिए इस तरह निकलती हैं लड़कियां। अमृत विचार

● जनजीवन अस्त-व्यस्त सड़कों व बाजारों में सन्नाटा

● गर्मी के चलते पशु-पक्षी तक व्याकुल हो रहे

कहर लगातार बढ़ता गया। जिससे जरूरी काम से निकले लोग हाथ बंद दस्ताने, गमछा, टोपी से पैक दिखे। महिलाएं-छात्राएं चेहरा ढंककर छाते की ओट में जरूरी काम से निकलीं। सब्जी मंडियों में भीषण गर्मी के बीच व्यापार हुआ। दोपहर 2.30 बजे ताप 43 डिग्री पर पहुंच गया जो 4.30 बजे तक एक ही स्थिति में रहा। जो सामान्य 6.7 डिग्री अधिक रहा। इस बीच मकान भभक उठे। छतों पर अंगारे रखे हों। मकानों में टंकियों का पानी उबाल पर पहुंच गया। शाम 7.07 बजे सूर्यास्त हुआ। लेकिन, गर्मी पूरे रौ में रही। देर रात तक लू के थपेड़े महसूस हुए। लोग छतों पर जाने की हिम्मत नहीं जुटा सके। रात का ताप 33 डिग्री रहा। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में गर्म हवाएं चलने की संभावना है। इन दिनों में अधिकतम व न्यूनतम ताप में मामूली गिरावट का दौर रहेगा। लेकिन, गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है।

### मामूली बूंदाबांदी से भभक उठा शहर

सोमवार की रात बिगड़े मौसम के बाद मंगलवार सूरज के तेवरों से शहर झुलस उठा। वहीं मंगलवार दोपहर में मौसम ने रंग बदला। हल्के-मध्यम बादलों ने डेरा डाला। मात्र एक मिनट मामूली बूंदों के बाद निकले सूरज से शहर भभक उठा। जमीन से छूटे भभके और हीट वेव के तीव्र बेग ने बंदों की मुश्किलें बढ़ा दीं। थोड़ी बारिश से उमस ओर बढ़ गई।

### बढ़ती रहीं मुश्किलें

सोमवार की देर रात बिगड़े मौसम और चली तेज हवाओं के बाद उम्मीद थी कि मंगलवार मौसम के तेवर कुछ नम होंगे। पर, ऐसा नहीं हुआ। घंटे-दर-घंटे सूरज की तपिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। 11.30 बजे पारा 42 डिग्री पर पहुंच गया। इसके बाद पॉश इलाको से लेकर तंग गलियों और बस्तियों में सन्नाटा खिंच गया। बाजार वीरान हो गए। दुकानदार सुस्ताते नजर आए। 2 .30 बजे अधिकतम ताप 43 डिग्री पहुंच गया।

### कूलर-पंखे ने दिया जवाब

मंगलवार का दिन प्रचंड गर्मी के नाम रहा। घर, दुकान, मकान भीषण तरीके से तप उठे। मकानों की छतों पर मानों आंच रखी हो। टंकियों में रखा पानी उबाल पर पहुंच गया। यही नहीं इस बीच घरों में लगी एसी, कूलर, पंखे भी फेल दिखे। दफ्तर अफसर-कर्मचारी एसी के कमरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा सके। शाम 6 .30 बजे ताप में डाउन फाइल हुआ। लेकिन, 7 .30 बजे अधिकतम पारा 40 डिग्री के करीब रहा।



सूखा पड़ा अमृत सरोवर। अमृत विचार

# अमृत सरोवरों से भीषण गर्मी में उड़ रही धूल

संवाददाता, फतेहपुर

● सुंदरीकरण जो कराया गया था वह भी उजड़ गया

**अमृत विचार।** सरकार ने जनपद के सभी ब्लॉकों के ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों के सौन्दरीकरण और जल संरक्षण के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर अमृत सरोवर तैयार कराए गए थे। लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते अमृत सरोवर सूखे पड़े हैं। जल संरक्षण करने के लिए ब्लाक क्षेत्रों की पंचायतों में तालाबों को सैकड़ों स्थानों पर अमृत सरोवर का रूप देकर कायाकल्प कराया था। इनको 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में तैयार कराते हुए पिकनिक स्पॉट का रूप दिया गया था, लेकिन कुछ ही माह बाद जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते अमृत सरोवर दुर्दशा के शिकार हो गए।

भीषण गर्मी में अमृत सरोवरों में पानी की एक बूंद भी नहीं हैं। सुंदरीकरण खत्म होने के साथ ही पानी के जगह झाड़ियां व गंदगी के ढेर लगे हैं। अमृत सरोवर पर लोगों के टहलने के लिए इंटरलॉकिंग सड़क, झंडा फहराने का चबूतरा, पानी के लिए नल व छाया के लिए पौधे रोपने का कार्य किया गया था। इसके लिए करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं, लेकिन उदासीनता से ज्यादातर अमृत सरोवर बदहाल हैं। जिम्मेदार भी इसे संज्ञान में नहीं ले रहे हैं। शासन के निर्देश थे कि पानी भरा रहना चाहिए, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। सुंदरीकरण जो कराया गया था, वह भी उजड़ गया है। इंटरलाकिंग धसक गई। पानी से लबालब रहने के लिए बनाया गया सरोवर सूखा होने से स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है कि संवारने का काम भी सही तरीके से नहीं कराया गया। सूखे सरोवर में झाड़ियां उग आई हैं। विद्युत पोल गाड़कर प्रकाश व्यवस्था के लिए लगवाई गई लाईट उतार ली गई। कई अमृत सरोवर में पानी न होने से बच्चों ने अपना खेल मैदान बनाकर गिल्ली डंडा व क्रिकेट आदि खेल खेलते हैं। आसपास घूमने का रास्ता भी नहीं है। आसपास गंदगी और घास से घिरा है। जबकि कुछ समय पहले शिकायत के बाद लाखों रुपये खर्च कर इसकी सूरत संवारी गई थी। सके बाद भी बदहाली बरकरार है। अब जिम्मेदार इसका खर्चा भी बताने से कतरा रहे हैं।

# धूल और तेज धूप से आंखों में बढ़ रहा संक्रमण

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जून-जुलाई के मौसम में चलने वाली धूल भरी आंधियों से आंखों का विशेष ख्याल रखें वरना एलर्जिक कंजक्टिवाइटिस (आंख आने) का शिकार हो सकते हैं। विशेषज्ञों की माने तो गर्मी का असर अब आंख पर भी पड़ने लगा है। बीते कुछ दिनों से जिला अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में आने वाले मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इनमें कई मरीज एलर्जिक कंजक्टिवाइटिस से पीड़ित हैं। डॉक्टर इन मरीजों को दवा के साथ आंखों को गर्मी और धूल से बचाने की सलाह दे रहे हैं।

प्रचंड गर्मी अब अपने चरम पर है। बीते कुछ दिनों से पारा 45 डिग्री के आसपास है। ऐसे में शरीर के सबसे नाजुक अंग आंख काफी तेजी से प्रभावित हो रही है। इन दिनों लोगों की आंख में ड्राईनेस, पानी आना, आंख लाल रहना, दर्द होना जैसी शिकायतें हो रही हैं। जिला अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में तैनात डॉ. आदर्श बताते हैं कि गर्मी के मौसम में अक्सर हीटस्ट्रोक या हीट एग्जॉस्शन के मामले सुनने को मिलते हैं, लेकिन गर्मियों में आंख की बीमारियां भी तेजी से फैलती हैं। गर्मी बढ़ने के साथ हवा में प्रदूषण, पॉलेन (पराग कण), धूल-धुंए के कण भी बढ़े हैं। ऐसे में आमतौर पर मानूसन के मौसम में होने वाला रोग कंजक्टिवाइटिस अब लोगों को चपेट में ले रहा है। इन दिनों अस्पताल की नेत्र रोग विभाग की ओपीडी में रोजाना करीब आधा सैकड़ा मरीज आ रहे हैं। इनमें कई मरीज कंजक्टिवाइटिस के भी हैं। आमतौर पर कंजक्टिवाइटिस जैसे संक्रमण को ठीक होने में एक-दो सप्ताह लगते हैं। हालांकि इस बार कई लोगों को ज्यादा एंटीबायोटिक देने की जरूरत भी पड़ रही है। कंजक्टिवाइटिस के मरीजों को तीन से पांच दिनों के लिए आइसोलेट होने की सलाह दी जाती है। इससे मरीज किसी दूसरे को संक्रमित नहीं करता है। ऐसे में अगर घर का कोई सदस्य इस संक्रमण की चपेट में है तो एक सप्ताह के लिए उसके कपड़े और बर्तन अलग कर देना चाहिए।

### काला चश्मा पहनने की सलाह दी

जानकारों की माने तो कंजक्टिवाइटिस का सबसे आम लक्षण आंखों का लाल होना है। इसके अलावा आंखों में खुजली, जलन और अधिक पानी बहने की समस्या भी होती है। कई मामलों में मरीजों को तेज रोशनी से परेशान होने लगती है। ऐसे में उन्हें काला चश्मा पहनने की सलाह दी जाती है।

● गर्मी में रहें सावधान, तेजी से बढ़ रहे आंख के मरीज

### यह उपाय करें

- घर से बाहर निकलते समय काले चश्मे का प्रयोग करें।
- आंख में कुछ जाने पर रगड़े नहीं बल्कि ठंडे पानी से धुलें।
- आंख में दर्द होने पर कपड़े में बर्फ लपेटकर सिकाई करें।

# बाग में हरे पेड़ जलाने की शिकायत, पुलिस उदासीन

संवाददाता, औंग

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के मिराईं में धर्मेन्द्र सिंह उर्फ रामू पुत्र स्व अमरपाल की तहरीर पर जब उनके पांच बीघा यूकिलिप्टिस के हरे पेड़ जलाए जाने की नामजद रिपोर्ट नहीं लिखी गई तो पीड़ित ने तहसील समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है।

बता दें कि पीड़ित रामू ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया था कि गांव के संतबख्श सिंह पुत्र इंद्रपाल सिंह व परवेज सिंह पुत्र संतबख्श सिंह ने एक पड़ोसी के खेत में आग लगाई जो कि आग के फैल जाने से पांच बीघा खेत में खड़े यूकिलिप्टस के हरे पेड़ जल कर राख हो गए जिसमें करीब पांच लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। करीब दो दिन से सोशल मीडिया ग्रुप में इससे सम्बन्धित आपसी पुलिसिया चकचक में कभी खुद आग लगाने तो कभी कुछ लेनदेन की बातें सामने तो आई हैं लेकिन स्पष्ट नहीं है। अमृत विचार इस आडियो की कतई पुष्टि नहीं करता है। पीड़ित द्वारा समाधान दिवस में यह भी आरोप लगाया गया कि पुलिस ने दोनों पक्ष को थाने में बिठाकर एक दूसरे से तू तू-मैं मैं करवा दी।

लापरवाही — आबादी को प्रभावित करने वाले नालों में अब तक सफाई नहीं

# नालों की सफाई सुस्त, बारिश में फिर डूबेगा शहर

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बारिश का मौसम सिर पर आ चुका है और नगर पालिका-पंचायतें बड़ी आबादी को प्रभावित करने वाले नालों की सफाई के प्रति उदासीन दिख रही है। शहर के पांच प्रमुख नालों में से अब तक दो नालों की सफाई का दावा किया जा रहा है। आबादी को बुरी तरह से प्रभावित करने वाले नाले में अब तक फावड़ा नहीं चला है। पालिका का दावा है कि सभी नालों की समय रहते सफाई करा दी जाएगी। नाला सफाई में कागजों में अधिक सफाई कर्मियों को काम करते दिखाया जा रहा है, जबकि मौके पर सफाई कर्मियों की संख्या न के बराबर है।

जीटी रोड में पिछले वर्ष ही बने नाले की सफाई के नाम पर औपचारिकता की जा रही है। शहर में करीब पांच प्रमुख नाले हैं। अधिकांश नाले अतिक्रमण की चपेट में है। आबू नगर के बड़ी मस्जिद से रानी कालोनी से होता हुआ आवास विकास को जाने वाला नाला पूरी तरह से चोक पड़ा है, इस नाले की सफाई अभी तक नहीं की गई है। जिससे आने वाले समय में रानी कालोनी एक बार फिर बारिश के मौसम में डूबेगी। इसी तरह ताम्बेश्वर चौराहे के चारों ओर बने नाले के आसपास बसे इलाकों में बारिश के मौसम में जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है। यहां का नाला पूरी तरह से खुला है और कूड़े से भरा हुआ है।

बारिश के समय इस नाले का मुंह कूड़े-कचरे से बंद हो जाता है, जिसकी वजह से घरों में गंदे पानी का भराव होने लगता है। मोहल्ला निवासी संतोष, अमित श्रीवास्तव, सुमित का कहना है कि नाला सफाई के नाम हर साल नगर पालिका के चार-पांच कर्मी आते हैं और ऊपर-ऊपर फावड़े चलाकर जाते है। जबकि नाला बड़ा है और कूड़े से पड़ा है। मशीन से ही इसकी सफाई हो सकती है।



शहर में सीओ ऑफिस के पास का नाला । अमृत विचार

### नालों पर कब्जे, सफाई बनी चुनौती

बरसात के पहले नगर पालिका नगर के नालों व नालियों को साफ करने के लिए दो दर्जन से अधिक सफाई कर्मियों को लगा रखा है जो नालों की सफाई के नाम पर केवल खाना पूरी कर रहे हैं। जीटी रोड के आबूनगर में नालों के ऊपर लोगों ने स्लैब डालकर अतिक्रमण कर लिया है जिससे नालों की विधिवत सफाई नहीं हो पा रही है। जिसके चलते नगर के नाले व नालियां गंदगी से बज बजा रहे हैं। गंदगी के चलते लोग भी परेशान रहते हैं। अब बरसात में पानी भरने को लेकर लोग डरे हुए हैं।

"शहर के दो प्रमुख नालों की सफाई कराई जा चुकी है। अन्य में भी जल्द सफाई करा दी जाएगी। जिलाधिकारी के स्तर से कमेटी गठित है जो नालों की सफाई का सत्यापन करेगी। एक सप्ताह के अंदर सभी प्रमुख नाले साफ करा दिए जाएंगे।

–समीर कश्यप, ईओ

# गांव के बाहर बाग से युवक का शव बरामद

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गांव गुगौली में गांव के बाहर स्थित एक बाग में मानसिक बीमार लगभग 40 वर्ष युवक का शव बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार गुगौली गांव निवासी रामराज सिंह के यहां लगभग 20 वर्ष पूर्व एक मानसिक बीमार व्यक्ति आ गया था।

बताया कि वह अपना नाम पता नहीं बता पा रहा था, जिसको रामराज सिंह ने अपने घर में रखकर खुद की देखरेख में काम करवाने लगे। कुछ दिन बाद वह सभी घरेलू कार्य जिम्मेदारी से करने लगा था। सोमवार को वह पशुओं को चराने के लिए गांव के बाहर खेतों में गया था, लेकिन शाम को भैंसें वापस घर आ गईं। वहीं, युवक वापस नहीं आया, तो मानसिक बीमार की खोजबीन शुरू हुई। मंगलवार सुबह गांव के बाहर एक बाग में उसका शव पड़ा मिला। थाना प्रभारी ने बताया मृतक के पास से एक पुड़िया गांजा व चिलम बरामद हुई है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### खेलते समय सांप के डसने से बच्ची की मौत

**कानपुर देहात।** डेरापुर क्षेत्र के खिरवा निवासी राहुल कुमार की चार वर्षीय पुत्री किस्मत मंगलवार को घर में खेल रही थी। इसी दौरान सांप ने उसे डस लिया। उसके चीखने पर परिजनों को जानकारी हुई। बाबा प्रेमनारायण व चाचा दीपक उसे लेकर जिला अस्पताल अकबरपुर पहुंचे, जहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने किस्मत को मृत घोषित कर दिया। ईएमओ ने बताया कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया और शव लेकर घर चले गए।

### खेत पर तार टूटकर गिरा करंट से भैंस की मौत

**पुखरायां।** देवराहट थाना क्षेत्र के कलुआताला के मलखान सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम भैंस खेत में चरा रहे थे, तभी अचानक बिजली का तार टूटकर भैंस के ऊपर गिर गया, जिससे भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। उपनिरीक्षक राजेश सिंह राठौर ने बताया कि भैंस का पशु चिकित्साधिकारी नन्दलाल कुशवाहा से पोस्टमार्टम कराया गया है।

### हूटर-प्रेशर हॉर्न और काली फिल्म उतरवाई

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर थाना प्रभारी कुशल पाल सिंह के नेतृत्व में मंगलवार देर शाम क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने चार पहिया व 18 चक्का वाहनों से 9 प्रेशर 12 प्रेशर हॉर्न और काली फिल्म हटवाई। सघन चेकिंग अभियान में डेढ़ सौ चालान भी किए।

# कहर ढाने लगी गर्मी, चार लोगों की मौत

## जनपद में लगातार पांचवें दिन भी पारा 45 डिग्री पार, गर्मी के साथ लू के थपेड़ों ने किया बेहाल

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



भीषण गर्मी में हैंडपंप से पानी पीकर प्यास बुझाते बंदर। अमृत विचार


गर्मी व लू के चलते मंगलपुर में दुकानों व सड़क पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में प्रचंड गर्मी कहर ढाने लगी है। लगातार पांचवें दिन मंगलवार को भी अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार रहा, जिससे हर कोई बेहाल रहा। मौसम की तल्खी से धरती तप रही है। गर्मी व हीट स्ट्रोक से राजपुर में एक अमीन, रनियां में ट्रक चालक और मंगलपुर क्षेत्र में दो लोगों की मौत हो गई। इन मौतों के साथ ही तमाम लोग अस्पताल पहुंचे हैं।

जिले में लगातार बढ़ते तापमान से आग बरस रही है। साथ ही लू का प्रकोप कहर बरपाने लगा है। जरा सी लापरवाही बरतने पर लोग तुरंत बीमार हो सकते हैं। जिले में मंगलवार को अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम की तल्खी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सुबह दस बजे से आसमान से आग बरसने लगी और 15 किमी की रफ्तार से चली लू ने लोगों को बेहाल कर दिया। वहीं गर्मी व हीट स्ट्रोक से होने वाली मौतों में लगातार इजाफा हो रहा है।


इंदपाल।


रामजीवन।

- राजपुर, रनियां और मंगलपुर थाना क्षेत्र में हुई मौतें

**पांच दिन कुछ यूं रहा अधिकतम तापमान**

| | |
|---|---|
| 14 जून | 45.2 डिग्री सेल्सियस |
| 15 जून | 45 डिग्री सेल्सियस |
| 16 जून | 45.2 डिग्री सेल्सियस |
| 17 जून | 45.8 डिग्री सेल्सियस |
| 18 जून | 45.2 डिग्री सेल्सियस |

मंगलपुर थाना क्षेत्र के सुरासी गांव निवासी विशंभर पांडेय सोमवार की शाम साइकिल से बाजार करने आए थे। बाजार करके वह अपने घर जा रहे थे, तभी चौराहे के पास वह गर्मी की वजह से अचेत होकर साइकिल से गिर गए। राहगीरों ने उन्हें एक निजी अस्पताल में दिखाया गया। इसके बाद परिजन उन्हें घर ले गए। देर शाम फिर हालत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

इसी तरह जनपद अलीगढ़ के थाना पाली मुकीमपुर क्षेत्र के तनडौली जहान खान निवासी चालक प्रेमवीर सिंह (55) मंगलवार लुधियाना से ट्रक लेकर कोलकाता जा रहे थे। उनके साथ खलासी सुनील कुमार भी था। खलासी ने पुलिस को बताया कि अधिक गर्मी लगने व घबराहट से प्रेमवीर ने विसायकपुर के पास एक होटल के सामने ट्रक खड़ा कर दिया। इसके बाद पानी पिया। कुछ देर बाद वह सीट पर ही गिर गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल भेजा। जहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने चालक को मृत घोषित कर दिया। मौत पर पत्नी राजकुमारी, बेटा कन्हैया, बेटी राधा आदि बिलखते रहे। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेजा है।

वहीं राजपुर थाना क्षेत्र के सिलहरा गांव निवासी इंदपाल सिंह (55) सिकंदरा तहसील में अमीन के पद पर तैनात थे। वह सोमवार को सिकंदरा तहसील से काम करने के बाद वह अपने बेटे हिमांशु के साथ घर वापस लौट रहे थे, तभी अचानक तबीयत बिगड़ गई। बेटा उन्हें राजपुर पीएचसी ले गया, जहां ईएमओ डॉ. शिवकुमार ने अमीन को मृत घोषित कर दिया। पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है।

उधर, मंगलपुर थाना क्षेत्र के जिगना नदी का पुरवा निवासी रामजीवन (48) सोमवार की दोपहर बाद ट्रैक्टर से मूंग की थ्रेसिंग करने खेत गए थे। इसी दौरान उनकी हालत बिगड़ गई। घर आते समय रास्ते में वह गश खाकर गिर गए। परिजन उन्हें अकबरपुर के निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पत्नी रन्नो देवी, पुत्र श्यामसुंदर, बिन्नू, पुत्री मीना, प्रभा बिलख पड़े। ग्राम प्रधान बलराम ने बताया कि रामजीवन की लू लगने से मौत होने की संभावना है।

### बारिश नहीं होने से सूख रहीं सब्जी की फसलें

- भीषण गर्मी के बीच बारिश न होना किसानों पर भारी पड़ रहा है। इन दिनों खेतों में सब्जी की अनेक फसलें खड़ी हैं। ऐसे में लंबे समय से बारिश नहीं हो रही है, जिससे फसलों को सूखने से बचाने के लिए किसानों को हर दूसरे दिन निजी व पंपिंग सेट से सिंचाई करनी पड़ रही है। किसानों का कहना है कि अगर बारिश हो जाए तो सूख रही सब्जी फसलों को संजीवनी मिल जाएगी।

### शरीर से पसीना बंद होना खतरे का संकेत

- डिप्टी सीएमओ डॉ. आदित्य सचान ने कहा कि तेज धूप पर शरीर में पानी की कमी होने लगती है। इस वजह से प्यास बहुत लगती है। सिर दर्द, उल्टी, चक्कर, बुखार और पसीना अधिक आता है, जिससे कई बार लोग बेहोश हो जाते हैं। इसे हीट सिंकोप कहा जाता है। लू लगने पर शरीर से पसीना निकलना बंद हो जाता है, जो खतरे का संकेत है। यदि पसीना आना बंद हो जाए तो समझ लें कि हीट स्ट्रोक का लक्षण है। ऐसे में डॉक्टर के पास जाकर तत्काल उपचार कराएं।

### एसी में रहने से त्वचा रोग होने का खतरा

- जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निशांत पाठक बताते हैं कि सोरायसिस जैसे त्वचा रोग वाले लोगों को एसी का उपयोग करने से बचना चाहिए। एसी के इस्तेमाल से त्वचा का रूखापन बढ़ सकता है। जिससे त्वचा रोग फैलने का खतरा बढ़ जाता है। सोरायसिस के अलावा एग्जिमा और स्किल एलर्जी वाले लोगों को भी एसी में बैठने से पहले डॉक्टरों की सलाह लेनी चाहिए। ऑफिस में तो एसी में बैठना मजबूरी है, लेकिन कोशिश करें कि घर में एसी न चलाएं।

### ईंट भट्ठा मजदूर गश खाकर गिरा और थम गईं सांसें


डमरूलाल।

- **राजपुर।** थाना क्षेत्र के भाल गांव में ईंट भट्ठे पर काम करने वाले छत्तीसगढ़ निवासी मजदूर की मंगलवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर पंचपेढ़ी के दिलेसर गांव निवासी डमरू लाल कैवट (52) अपनी पत्नी चमेली व बेटी अमिता के साथ राजपुर थाना क्षेत्र के एक भट्ठा पर ईंट निकासी का काम करता था। मृतक की पत्नी चमेली ने पुलिस को बताया कि सोमवार शाम भट्ठा पर कार्य करने के बाद डमरू लाल भाल गांव में गृहस्थी का सामान लेने जा रहे थे। तभी अचानक उसकी तबियत बिगड़ने से भाल गांव की गौशाला के पास गश खाकर गिर गए। साथी मजदूरों की सूचना पर वह 108 एंबुलेंस से पति को इलाज के लिए राजपुर पीएचसी ले गई। जहां डाक्टर शिवकुमार ने डमरू लाल को मृत घोषित कर दिया। राजपुर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि परिजनों ने गर्मी से हालत बिगड़ने की जानकारी दी है।

# शादी प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए दिव्यांग करें आवेदन

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- युवक-युवती के दिव्यांग होने पर 35 हजार रुपये मिलेगा पुरस्कार

**अमृत विचार।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सुरभि श्रीवास्तव ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना अंतर्गत दंपत्ति में से युवक के दिव्यांग होने की दशा में 15 हजार रुपये, युवती के दिव्यांग होने पर बीस हजार रुपये व दोनों के दिव्यांग होने पर 35 हजार रुपये की धनराशि देने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए शादी के समय युवक की उम्र 21 वर्ष से कम और 45 वर्ष से अधिक न हो। इसी तरह युवती की आयु 18 वर्ष से कम और 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। दंपति में से कोई आयकरदाता न हो। सीएमओ की ओर से जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र के अनुसार स्थायी दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिए। ऐसे दिव्यांग दंपति पात्र होंगे, जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ हो। साथ ही दंपति में से कोई सदस्य आपराधिक मामले में दंडित न किया गया हो। उन्होंने बताया कि दंपति का विवाह रजिस्ट्रार के स्तर पर पंजीकृत होना अनिवार्य नहीं है। योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# ईको पार्क में लगेगा योग शिविर

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर एडीएम ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने गर्मी को देखते हुए पेयजल आदि व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। यहां सुबह 6 से 7 बजे तक योग शिविर लगेगा।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर एडीएम प्रशासन अमित कुमार की अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार में बैठक हुई, जिसमें उन्होंने कहा कि 21 जून को सुबह 6 से 7 बजे के बीच अकबरपुर के ईको गार्डेन में योग शिविर लगेगा। उन्होंने ब्लाक स्तर पर योग सप्ताह के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गर्मी के मद्देनजर पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश देते हुए कहा कि शिविर में सभी प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। शिविर स्थल पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहे। उन्होंने फोटो साझा करने के निर्देश दिए।



योग दिवस को लेकर कलेक्ट्रेट में बैठक करते अधिकारी। अमृत विचार

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर कलेक्ट्रेट में हुई बैठक
- गर्मी को देखते हुए पानी व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

एडीएम ने कहा कि सभी जनपद स्तरीय अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को माई जीओवी प्लेटफॉर्म पर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। सार्वजनिक संस्थानों जैसे अस्पतालों, स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों, पुलिस व बस स्टेशन आदि प्रमुख स्थलों पर बैनर के माध्यम से प्रचार-प्रसार करें।

# युवक ने जहर खाकर दी जान

**राजपुर।** कस्बे की बैना वाली गली में एक युवक ने घरेलू कलह पर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे राजपुर पीएचसी लेकर पहुंचे। जहां ईएमओ ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

राजपुर थाना क्षेत्र के दयानतपुर निवासी पन्नीलाल का बेटा कृष्ण उर्फ अजय (25) हलवाई का काम करता था। वह अपनी पत्नी रूबी देवी व तीन बेटियों के साथ राजपुर कस्बे की बैना वाली गली में निवास करता था। सोमवार शाम को कृष्ण उर्फ अजय ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर में जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर पत्नी रुबी पड़ोसियों के साथ गंभीर हालत में कृष्ण को लेकर राजपुर पीएचसी पहुंची, जहां डॉ. शिवकुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सार-संक्षेप


जैनपुर की फैक्ट्री में आग से बचाव की जानकारी लेती एनडीआरएफ टीम।

### एनडीआरएफ टीम ने क्रोम केमिकल फैक्ट्री का किया दौरा

**कानपुर देहात।** मंगलवार को अकबरपुर क्षेत्र के जैनपुर स्थित क्रोम केमिकल प्राइवेट लिमिटेड में वाराणसी से आई एनडीआरएफ टीम ने भ्रमण कर आपातकालीन संबंधित उपायों की जानकारी ली। एनडीआरएफ के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा व डीएम आलोक सिंह जिलाधिकारी के दिशा निर्देशन में क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र वाराणसी से आई टीम ने केमिकल डिपो का दौरा किया। उन्होंने इकाई के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर यूनिट के बावत पूरी जानकारी प्राप्त की। इस दौरे का प्रमुख उद्देश्य किसी घटना से उत्पन्न आपातकालीन स्थिति में सभी सुरक्षा एवं बचाव एजेंसियों का तत्काल रिस्पॉंस करना तथा सभी स्टेक होल्डरस के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। इस मौके पर एनडीआरएफ टीम के टीम कमांडर निरीक्षक जितेंद्र सिंह यादव के साथ पंद्रह सदस्य, आपदा विशेषज्ञ अश्वनी कुमार वर्मा मौजूद रहे।


रूरा में ठंडा शर्बत पीते राहगीर।

### सेवा समिति ने राहगीरों में बांटा ठंडा शर्बत

**रूरा।** कस्बा में सर्व समाज सनातन कल्याण सेवा समिति की ओर से मंगलवार को शर्बत वितरण किया गया। जिसमे व्यापार मंडल के सदस्यों का भी सहयोग रहा है। शर्बत वितरण सुबह से शुरू होकर शाम तक चलता रहा। इस दौरान हजारों लोगों ने भीषण गर्मी में ठंडा शर्बत पीकर राहत की सांस ली। सर्व समाज सनातन कल्याण सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास्तव, हरिओम सेठ, नगर अध्यक्ष स्वाति कश्यप, दीपक कश्यप, अमन शुक्ला आदि लोगों ने सहयोग किया।

# सरकारी भूमि पर शव दफनाने पर आपत्ति

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** मुक्ता देवी धाम स्थित कब्रिस्तान से हटकर नगर पंचायत की बंजर भूमि में शव दफनाने की सूचना पर पहुंचे भोगनीपुर एसडीएम ने जमीन की पैमाइश कराई। तीन घंटे नाप-जोख चलने के बाद एसडीएम के समझाने पर शव को कब्रिस्तान में दफन किया गया।

एसडीएम सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि नगर पंचायत के वार्ड नंबर तीन में मुक्ता देवी धाम गढ़ के तबारक अली परिजनों के साथ मिलकर अपने बड़े भाई मुबारक अली का शव कबिस्तान की भूमि से हटकर नगर पंचायत की बंजर जमीन पर दफन कर रहे थे।


शव दफनाने के विवाद में लोगों को समझाते एसडीएम सर्वेश कुमार सिंह।

जबकि तबारक अली ने कहा कि वक्फ बोर्ड के नाम से 5.5 बीघा में कब्रिस्तान है। वह उसी में शव को दफन कर रहे थे। जिस पर कुछ लोगों ने आपत्ति की। जानकारी पर एसडीएम राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मुस्लिम पक्ष के लोगों को समझाया। इस पर गाटा संख्या 167 की पैमाईश शुरू की गई, जो 10 बीघे का है।

- एसडीएम के समझाने के बाद कब्रिस्तान में दफनाया गया शव

नाप-जोख करने पर कब्रिस्तान की 21 बिस्वा भूमि राजस्व अखिलेखीय आधार पर निकली, जो पहले से दर्ज है, जबकि लोग 2.5 बीघा बंजर भूमि में शव को दफन कर रहे थे। एसडीएम के समझाने पर तबारक अली ने कब्रिस्तान में बड़े भाई का शव दफन किया। एसडीएम ने बताया कि कब्रिस्तान की भूमि का चिह्नांकन कर दिया गया है। वक्फ बोर्ड के नाम से राजस्व अभिलेखों में कोई जमीन दर्ज नहीं है। पैमाइश के दौरान सीओ देवेंद्र सिंह, कानूनगो अखिलेश कुमार, लेखपाल प्रवीण शुक्ला, रामचंद्र पटेल, निगम सिंह, जितेंद्र आदि रहे।

# आरटीईः अंतिम चरण में 20 जून तक आवेदन

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- 21 से 27 तक आवेदनों की होगी जांच, 28 को आएगा परिणाम

**अमृत विचार।** शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के अंतर्गत अंतिम चरण में आवेदन की प्रक्रिया 20 जून तक चलेगी। आवेदकों की जांच के बाद 28 जून को परिणाम जारी कर दिया जाएगा। चयनित को सात जुलाई तक प्रवेश दिया जाएगा।

आरटीई के तहत निर्बल आय वर्ग के बच्चों के लिए निजी विद्यालयों में कक्षा एक की 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई है। इन सीटों पर चयन के लिए पहले चरण की आनलाइन आवेदन प्रक्रिया 20 जनवरी से 18 फरवरी तक चली थी। उसका परिणाम 26 फरवरी को आया था। दूसरे चरण का आवेदन एक से 30 मार्च तक हुआ था। तीसरे चरण का आवेदन 15 अप्रैल से आठ मई तक लिया गया था। चौथे चरण की आवेदन प्रक्रिया एक जून से शुरू हुई है। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि आरटीई के तहत पोर्टल पर 20 जून तक आवेदन होंगे। उसके बाद 21 से 27 जून तक आवेदनों की जांच होगी और 28 जून को परिणाम जारी कर दिया जाएगा।

**सुंदरकांड का पाठ** | महाआरती कर लगाया गया 56 भोग, श्रद्धालुओं को पिलाया गया शर्बत

# बड़े मंगल पर बालाजी धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर धनीरामपुर के श्री बालाजी हनुमान मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान महाआरती कर प्रसाद का भोग लगाया गया और सुंदरकांड का पाठ किया गया।

जेठ मास के चौथे बड़े मंगलवार पर धनीरामपुर स्थित हनुमान मंदिर में भक्तों का जनसैलाब दर्शन करने के लिए उमड़ पड़ा है। सुबह से ही लंबी-लंबी कतारों में लगे भक्त अपनी मनोकामना लेकर हनुमान जी महाराज से मन्नते मांगते रहे। बड़ा मंगलवार होने के वजह से हनुमान मंदिर को सजाया गया और हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया गया।

भगवान को 56 भोग लगाकर आरती की गई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित है। ज्येष्ठ माह के मंगलवार का विशेष महत्व होता है। इसे बड़ा मंगल भी कहा जाता है।

हिंदू कैलेंडर के अनुसार इस बार ज्येष्ठ माह में चार बड़े मंगल में ये चौथा मंगला हैं। इस पावन दिन हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना करना चाहिए। बड़ा मंगल के दिन हनुमान जी की व्रत-पूजा अचूक मानी जाती है। मान्यता के अनुसार इस दिन बजरंगबली को चोला चढ़ाने, दान-पुण्य करने से हर तरह की बाधा दूर होती है। मंदिर के महंत वीरेंद्र कुमार पांडेय ने महाआरती की। साथ ही महाप्रसाद का भोग लगाकर भक्तों में वितरित किया गया। गर्मी को देखते हुए शर्बत का भंडारा चलाया गया। जिसे पीकर लोगों ने राहत की सांस ली।


बड़े मंगल पर धनीरामपुर के बालाजी मंदिर में पूजन करते श्रद्धालु। अमृत विचार


भक्तों को भंडारे का प्रसाद वितरित करतीं बीएसए रिद्धी पांडेय। अमृत विचार

### बीएसए ने बालाजी मंदिर में वितरित कराया प्रसाद

**रूरा।** क्षेत्र के धनीरामपुर स्थित बालाजी मंदिर में मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पांडेय की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दूर से आए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान सीओ अकबरपुर तनु उपाध्याय, प्रिया सिंह, एसओ रूरा एसएन सिंह, गोविंद सिंह, नीरज अवस्थी, शिवा पांडेय आदि मौजूद रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से वेंडर हुआ घायल

**पुखरायां।** रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक पार करते समय वेंडर ट्रेन की चपेट में आने से घायल हो गया। आरपीएफ ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

औरैया जिले के डोरी का पुरवा गांव के रहने वाले भूपेंद्र ने बताया कि उसका चचेरा भाई अनुपम उर्फ कल्लू (30) रेलवे स्टेशन पर वेंडर के रूप में पानी बेचता था। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर राप्ती सागर ट्रेन के आने पर वेंडर उल्टी साइड में ट्रेन से उतरकर ट्रैक पार करने लगा, तभी मालगाड़ी की चपेट में आने से घायल हो गया। आरपीएफ को सूचना मिलने पर कांस्टेबल सतेन्द्र ने घायल वेंडर को सीएचसी पहुंचाया, जहां ड्यूटी में तैनात डॉ. राजवीर ने घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# मानसून नजदीक, गांवों में दवा छिड़काव नहीं

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- यमुना नदी के तटवर्ती इलाकों में पनपतीं मच्छरजनित बीमारियां

**अमृत विचार।** गर्मी के तेवर के साथ ही मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ मच्छरजनित बीमारियों की बातें वॉल पेंटिंग और पोस्टर में ही सिमट कर रह गई है। ग्राम पंचायतों में दवाओं का छिड़काव बारिश शुरू होने से पहले हो जाना चाहिए, लेकिन अभी इसकी शुरूआत नहीं हो सकी है।

जनपद में कुल 218 ग्राम पंचायतें हैं। करीब एक सप्ताह बाद मानसून के दस्तक देने की उम्मीद की जा रही है। ग्राम पंचायतों में बारिश शुरू होने से पहले दवा का छिड़काव कराया जाता था। ताकि गांवों में मच्छरजनित बीमारियां न होने पाएं। लेकिन इस बार अभी तक किसी ग्राम पंचायत में मच्छररोधी दवा का छिड़काव शुरू नहीं हो सका है। यह हाल तब है, जब जिले के कई गांव संवेदनशील की श्रेंणी में रखे गए हैं। सबसे ज्यादा यमुना नदी के तटवर्ती मूसानगर, अमराहट आदि क्षेत्र के गांवों में मच्छरजनित बीमारियां होती हैं। इसके बावजूद ग्राम पंचायतों में मच्छररोधी दवा का छिड़काव शुरू नहीं कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पंचायत राज वभाग की ग्रामीण क्षेत्रों में दवा छिड़काव कराने की जिम्मेदारी है। वहीं पंचायत राज विभाग के अफसरों की मानें तो मच्छररोधी दवा स्वास्थ्य विभाग की तरफ से दी जाती है। ग्राम पंचायतें अपने स्तर पर मच्छररोधी दवा का छिड़काव शुरू करा सकती हैं। जिले स्तर से अभी तक कोई विशेष अभियान नहीं चलाया जा रहा है।

## एक नजर

### 12 जुलाई को होगा विधान परिषद का चुनाव

**अमृत विचार,लखनऊ :** चार राज्यों में विधान परिषद की पांच रिक्त सीटों पर 12 जुलाई को चुनाव होंगे। उसमें से एक उत्तर प्रदेश की वह रिक्त सीट भी जो स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे के बाद बनी है। पांच में से तीन सीट पर विधान परिषद के सदस्यों के इस्तीफे और शेष दो सीट पर सदस्यों को अयोग्य ठहराए जाने के कारण उपचुनाव आवश्यक हो गया था। उप्र. में स्वामी प्रसाद मौर्य के सपा छोड़ने और फरवरी में सदन से इस्तीफा देने के बाद उत्तर प्रदेश विधान परिषद में एक पद रिक्त हो गया था।

### 15 जिलों में 44 गो संरक्षण केंद्रों का होगा निर्माण

**अमृत विचार,लखनऊ :** गोवंश संरक्षण के लिए उप्र. के तमाम जिलों में 44 गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण व विकास का रास्ता साफ कर दिया गया है। इस कड़ी में पशुधन विभाग की ओर से 5.28 लाख रुपए की धनराशि से 15 जिलों में गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण व विकास किया जाएगा। प्रत्येक गौ संरक्षण केंद्रों के हिस्से में 12 हजार रुपए की धनराशि आएगी। इस क्रम में बरेली, उन्नाव, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, अमेठी, मुरादाबाद के गौ संरक्षण केंद्र शामिल हैं।

### 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**अमृत विचार,लखनऊ :** गाजीपुर पुलिस ने करीमुद्दीन थाने से 25 हजार के इनामी अपराधी को वाराणसी से गिरफ्तार किया है। वाराणसी के नगवा निवासी सूरज पर गाजीपुर के करीमुद्दीन थाने में कई मुकदमें दर्ज है। इस दौरान पुलिस ने सूरज पर 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा था।

### एकेटीयू में मौखिक परीक्षा शुरू

**अमृत विचार , लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में एमटेक पाठ्यक्रम के सत्र 2023-24 की मौखिक परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गयी। पहले दिन एमटेक के सिविल, इलेक्ट्रिकल, बायोटेक्नोलॉजी और रिमोट सेंसिंग के 24 छात्रों में से 22 ने मौखिक परीक्षा दी। एमटेक और एमफार्म की मौखिक परीक्षा 21 जून तक चलेगी।

# ग्रामीण फीडर का मामला पहुंचा नियामक आयोग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उपभोक्ता परिषद ने फीडर को शहरी करने को लेकर दाखिल की अवमानना याचिका
- कहा, कॉरपोरेशन के अध्यक्ष समेत पूरे निदेशक मंडल पर हो कार्रवाई

**अधिक वसूली की नहीं रिपोर्ट**

उपभोक्ता परिषद ने कहा कि सप्लाई टाइप बदलकर बिजली आपूर्ति बढाए जाने के मामले में प्रदेश के कई जिलों में की गई अधिक वसूली पर नियामक आयोग ने 29 अगस्त 2023 को 10 दिन में रिपोर्ट मांगी गई थी, पर 10 महीने बीत जाने के बाद भी कॉरपोरेशन ने रिपोर्ट तो नहीं दाखिल किया है।

**अमृत विचारः** प्रदेश में शहरों से सटे ग्रामीण फीडरों को शहरी घोषित करने का मामला राज्य विद्युत नियामक आयोग पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने मंगलवार को आयोग में अवमानना याचिका दाखिल की। परिषद ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष समेत पूरे निदेशक मंडल पर कठोर कार्रवाई करने व निदेशकों को बर्खास्त कर उनकी सम्पत्तियों की जांच कराने की मांग की है।

परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार से मुलाकात के दौरान कहा कि पावर कॉरपोरेशन का निदेशक मंडल उपभोक्ता विरोधी कार्रवाई में लगा है, इस पर सख्त कार्रवाई कर नजीर स्थापित करने की जरूरत है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कॉरपोरेशन के पूरे निदेशक मंडल के कार्यकाल की समीक्षा करने व उपभोक्ता विरोधी कार्रवाई कर सरकार की छवि धूमिल करने में लगे निदेशकों को तत्काल बर्खास्त उनकी संपत्ति की जांच की मांग की।

उन्होंने कहा कि कुछ निदेशक अपना कार्यकाल 65 वर्ष कराने में लगे हैं, यह गंभीर मामला है। मालूम हो कि पावर कॉरपोरेशन निदेशक मंडल ने ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के नाम पर ग्रामीण फीडर को शहरी फीडर घोषित कर शहरी बिलिंग के लिए बिजली कंपनियों को निर्देश जारी किया है।

# हड़ताल पर स्टांप वेंडर, समर्थन में वकील

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वेंडरों का आरोप, नहीं पूरी हो रहीं मांगें
- रजिस्ट्री कराने में हो सकती है समस्या

**अमृत विचारः** आने वाले दिनों में उप्र. में रजिस्ट्री कराने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। विभिन्न मांगों को लेकर स्टांप वेंडर मंगलवार को प्रदेश व्यापी हड़ताल पर चले गए हैं। इसके चलते मंगलवार को प्रदेश भर के तहसीलों में निबंधन और न्यायिक कार्य बाधित रहा। वकीलों ने भी स्टांप वेंडर के हड़ताल का समर्थन किया है।

स्टांप वेंडरों का कहना है कि वह प्रदेश सरकार को हर साल करीब 22 हजार करोड़ का राजस्व दे रहे हैं। बावजूद इसके उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। स्टांप वेंडरों की मांगों में फिजिकल स्टांप पेपर खत्म होने पर ई-स्टांप में एक फीसदी कमीशन, स्टॉक होल्डिंग कारपोरेशन में ई-स्टांपिंग व्यवसाय संभाल पाने में नाकामी, ई स्टांपिंग का क्रियान्वयन राज्य सरकार के अधीन विभाग से कराने, ई-स्टांपिंग बिक्री की जटिल व्यवस्था को सरल करने, वेंडर का उत्पीड़न बंद करने, स्टांप वेंडर का आईकार्ड बनाने और स्टांप वेंडर कल्याण अधिनियम पारित करना शामिल है। प्रदेश भर में चल रहे हड़ताल का वकीलों ने भी समर्थन दिया है। वकीलों का कहना स्टांप वेंडर की मांगें पूरी की जाए। बता दें कि अभी तक निबंधन कार्यालयों में सर्वर की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। इसके चलते बैनामा नहीं हो पा रहा था। अब स्टांप वेंडर्स के हड़ताल पर जाने से बैनामा कराना और मुश्किल हो गया है।

# स्टाम्प शुल्क चोरी करते पकड़े गए 39 वेयर हाउस

## 100 से 500 रुपये किरायानामा पर संचालित, लाखों देते किराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** निबंधन विभाग ने सरोजनी नगर में छापेमारी कर 39 वेयर हाउस (गोदाम) लाखों रुपये की स्टाम्प शुल्क चोरी करते पकड़े हैं। जो बिना पंजीयन कराये 100 से 500 रुपये के किरायानामा पर संचालित थे। स्टाम्प भी कम शुल्क के लगाए हैं। जबकि किराया लाखों रुपये है। चार वेयर हाउस संचालक पर स्टाम्प वाद दायर किया है।

जिले में उपनिबंधक की टीम ने वेयर हाउस के खिलाफ अभियान चलाया तो एक सप्ताह में सरोजनी नगर में 40 वेयर हाउस में 39 अनिबंधित व अस्टाम्पित पकड़े हैं। अनिबंधित यानी वेयर हाउस का एक वर्ष से अधिक संचालन करने के लिए निबंधन विभाग में रजिस्ट्री नहीं कराई गई। सभी वेयर हाउस 25-30 हजार वर्गफीट के हैं। भवन स्वामी और संचालक के बीच सिर्फ एक वर्ष का 100 से 500 रुपये के स्टाम्प पर किरायानामा बनवाया गया है। जबकि किराया प्रति वर्ष 12 से 30 लाख रुपये तक है। जिस पर चार फीसद स्टाम्प देयता बनती है। इनमें चंदानी वेयर हाउस में 10,70,140 स्टाम्प शुल्क की कमी, फर्स्ट वायस एक्सप्रेस 72 हजार, चंदानी वेयर हाउस 7,40,140 , परवर पूरब में चंदानी वेयर हाउस में 7,88,960 स्टाम्प शुल्क की कमी मिली।

**जीएसटी की मांगी रिपोर्ट खुलेगी पोल**

मुख्य सचिव के साफ निर्देश हैं सरकारी व निजी व्यवसायिक भवन किसी व्यक्ति को अनिबंधित या अस्टाम्पित किरायानाम के आधार पर न दिया जाए। फिर भी उल्लंघन कर बड़े पैमाने पर स्टाम्प शुल्क चोरी किया जा रहा है। जांच में यह भी पता चला कि वेयर हाउस संचालकों ने किरायानामा के आधार पर जीएसटी पंजीयन कराया है और शुल्क जमा कर रहे हैं। चिह्नित सभी वेयर हाउस की जीएसटी की संबंधित विभाग से रिपोर्ट मांगी है।

**कार्रवाई के लिए ये वेयर हाउस चिह्नित**

क्विक सप्लाई चेन, पैनासोनिक लाइफ सेल्यूशन, कमाल संस, दयाल इंटरप्राइजेज, यूिसेर लाजिस्टिक्स (1) वी गार्ड इंडस्ट्रीज, फिलपकार्ट, राहुल चंदानी, केजी इंटरप्राइजेज, यूनाइटेड वर्ल्ड वेयर हाउसिंग, ब्लूस्टार, अग्रवाल लॉजिस्टक्स

> देशसभी को एक माह का समय पंजीयन कराने के लिए दिया है। यदि तय समय पर नहीं कराया तो चार गुना जुर्माना वसूलेंगे। प्रतिमाह डेढ़ प्रतिशत ब्याज भी लगाएंगे। स्टाम्प वाद भी दायर करेंगे। **-सतीश कुमार त्रिपाठी,** सहायक महानिरीक्षक निबंधन, लखनऊ

# चंपा-कुरुक्षेत्र लाइन ठप, नहीं मिल पाई 2800 मेगावाट बिजली

**अमृत विचार, लखनऊः** पावर ग्रिड कॉरपोरेशन की 800 केवी चंपा-कुरुक्षेत्र एचवीडीसी बाई-पोल लाइन ठप होने से उत्तर प्रदेश समेत आठ राज्यों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई थी। प्रदेश को 2800 मेगावाट बिजली नहीं मिल पाई थी। ग्रिड कंट्रोलर आफ इंडिया के नार्दन रीजन लोड डिस्पैच सेंटर की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार लाइन में खराबी के दौरान करीब डेढ़ घंटे तक पंजाब में 3780 मेगावाट, हरियाणा में 4095 मेगावाट, राजस्थान में 2858 मेगावाट, दिल्ली 2152 मेगावाट, उत्तराखंड 350 मेगावाट, हिमाचल प्रदेश 240 मेगावाट व चंडीगढ़ में 220 मेगावाट बिजली आपूर्ति नहीं मिल सकी। इस दौरान सभी राज्य बिजली संकट से जूझते रहे।

मालूम हो कि पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन की चंपा-कुरुक्षेत्र लाइन में 17 मई की दोपहर में खराबी के कारण प्रदेश समेत उत्तर भारत के राज्यों में बिजली संकट गहरा गया था। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से ली जा रही बिजली बंद हो गई थी।

# आईआरसीटीसी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन से कराएगा दक्षिण की यात्रा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- यात्रा 13 से 25 जुलाई तक 12 रात्रि एवं 13 दिन के लिए होगी

**अमृत विचार :** भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) श्रद्धालुओं के लिए गोरखपुर रेलवे स्टेशन से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन दक्षिण भारत यात्रा के लिए करेगा। यह यात्रा 13 से 25 जुलाई तक 12 रात्रि एवं 13 दिन के लिए होगी।

आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा के अनुसार, इस टूर में यात्रियों को सफर के दौरान रामेश्वरम-मीनाक्षी मंदिर (मदुरै), कन्याकुमारी, तिरुपति बालाजी और मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराए जाएंगे। गोरखपुर, कप्तानगंज, थावे, सिवान, छपरा, वाराणसी, प्रयागराज, प्रतापगढ़, रायबरेली, लखनऊ, कानपुर, उरई, झांसी, ललितपुर, बीना से भी यात्री इस ट्रेन को पकड़ सकेंगे। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को द्वितीय, तृतीय श्रेणी के साथ स्लीपर क्लास में सफर की सुविधा मिलेगी। यात्रा के दौरान यात्रियों के लिए नाश्ता व दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन शामिल हैं। वातानुकूलित बसों से यात्रियों को स्थानीय भ्रमण की सुविधा मिलेगी। द्वितीय, तृतीय और स्लीपर श्रेणी को मिला कर कुल 767 बर्थ उपलब्ध हैं। स्लीपर क्लास में एक, दो या तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य 24,450 रुपये प्रति व्यक्ति निर्धारित किया गया है। तृतीय श्रेणी में तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य 40,850 रुपये प्रति व्यक्ति तय किया गया है। द्वितीय श्रेणी में तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य 54,200 रुपये प्रति व्यक्ति तय किया गया है।

# पीएम श्री स्कूलों में मिलेगी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा

**अमृत विचार,लखनऊः** पीएम श्री योजना के तहत चयनित हुए बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित प्रदेश के 1707 विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। इसके लिए राजधानी में 75 जनपदों से 135 खंड शिक्षा अधिकारी-मुख्यालय, विकास खंड, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक और जीआईसी व जीजीआईसी स्तर के प्रधानाचार्यों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण कार्यशाला का संचालन करते हुए वरिष्ठ विशेषज्ञ, एडी बेसिक व स्टेट नोडल श्याम किशोर तिवारी ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एज्युकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन (एनआईईपीए), लेंड अ हैन्ड, मुक्का मार, शिक्षा लोकम और खान अकेडमी जिन्हें भारत सरकार ने चयन किया है उनकी ओर से विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महत्वपूर्ण विषयों पर बच्चों को शिक्षा प्रदान की जायेगी।

# नीट-2024 : कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर दाखिल की याचिका

विधि संवाददाता, लखनऊ

- उच्च न्यायालय ने मूल दस्तावेज तलब किए तो हुआ खुलासा

**अमृत विचार :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ बेंच में नीट-2024 की परीक्षा में एक छात्रा की ओएमआर शीट फटी हुई मिलने के कारण परिणाम घोषित न करने के मामले में मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) की ओर से छात्रा के मूल दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। दस्तावेजों को देखने के बाद न्यायालय ने माना कि छात्रा ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर याचिका दाखिल की है। न्यायालय ने इसे अफसोस जनक बताते हुए कहा कि मामले में एनटीए विधिक कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है। वहीं, याची के अधिवक्ता ने याचिका को वापस लेने की अनुमति देने का अनुरोध किया जिसे न्यायालय ने स्वीकार करते हुए, याचिका को खारिज कर दिया।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की अवकाश कालीन पीठ ने छात्रा आयुषी पटेल की याचिका पर पारित किया। याचिका में मांग की गई थी कि याची की ओएमआर शीट का मैनुअल मूल्यांकन कराया जाए, एनटीए के विरुद्ध केंद्र सरकार को जांच का आदेश दिया जाए व वर्तमान याचिका के विचाराधीन रहते, काउंसलिंग पर रोक लगाई जाए। वहीं, एनटीए की ओर से याची का ओरिजिनल ओएमआर शीट, स्कोर कार्ड और अटेंडेंस शीट प्रस्तुत करते हुए कहा गया था कि उक्त दस्तावेजों में याची का एप्लीकेशन नम्बर 240411340741 जिसे स्वयं याची द्वारा हस्ताक्षरित किया गया है। कहा गया कि यह समझना मुश्किल है कि इसके बावजूद याची क्यों 240411840741 एप्लीकेशन नम्बर से ई-मेल भेज रही थी। इस पर न्यायालय ने दोनों पक्षों को ओरिजिनल दस्तावेज प्रस्तुत करने का आदेश दिया था।

आदेश के अनुपालन में एनटीए के डिप्टी डायरेक्टर संदीप शर्मा ने शपथ पत्र के साथ छात्रा के मूल दस्तावेज प्रस्तुत किए जिसे देखने के पश्चात स्वयं याची के अधिवक्ता ने कहा कि अब इस मामले में उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं है लिहाजा याचिका को वापस लिए जाने की अनुमति दी जाए। जबकि एनटीए ने बताया कि छात्रा के कार्रवाई का निर्णय जा चुका है।

# नशे के खिलाफ कार्रवाई में प्रदेश चौथे स्थान पर



एनकॉर्ड की राज्य स्तरीय समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वर्ष 2024 में मई तक 3657 अभियोग पंजीकृत, 4548 गिरफ्तार

**अमृत विचारः** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में एनकॉर्ड की राज्य स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी जनपदों को नशा मुक्त बनाने के लिये विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हॉट-स्पॉट चिन्हित कर जनपद में अवैध मादक पदार्थों के सेवन व क्रय-विक्रय करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि नशे के विरुद्ध स्कूल, कॉलेज एवं शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। सार्वजनिक स्थानों पर नशे के दुष्परिणामें पर आधारित वॉल पेंटिंग्स करायी जाये और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जाये। एनकॉर्ड की बैठक जिलाधिकारी के स्तर पर हर महीने एक बैठक निश्चित तौर पर अवश्य होनी चाहिए।

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023 में देश में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध सर्वाधिक कार्रवाई वाले राज्यों में उत्तर प्रदेश का चौथा स्थान रहा है। वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश में मई तक 3657 अभियोग पंजीकृत, 4548 व्यक्तियों की गिरफ्तारी तथा 24,529.24 किग्रा मादक पदार्थों की बरामदगी की गई है। इसी प्रकार एएनटीएफ द्वारा 159 अभियोग पंजीकृत, 413 अभियुक्तों को गिरफ्तार, 17714.99 किग्रा मादक पदार्थों की बरामदगी की गई है। कोडिन युक्त कप सिरप की बिक्री पर रोक लगाते हुए निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही है। एफएसडीए द्वारा 04 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं और 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 12 से 26 जून, 2024 तक नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

**बैठक में ये रहे मौजूद**

बैठक में प्रमुख सचिव समाज कल्याण डॉ हरिओम, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा महेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव गृह डॉ संजीव गुप्ता, एडीजी एसके भगत, आईजी एएनटीएफ अब्दुल हमीद, आईजी एसएसबी रतन संजय, डीआईजी एसएसबी महेश कुमार सहित सम्बन्धित विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

## वर्ग पहेली-105

**बाएं से दाएं**

1. मकान की सीमा में आने वाला वह खुला स्थान जिसे घर के कामों के लिए उपयोग में लाया जाता है, अंगना।
3. अपमान, बेइज़्ज़ती, तिरस्कार, अनादर, अप्रतिष्ठा।
4. गुंडागर्दी, गुंडाराज।
5. दुनिया की समस्त बातों और घटनाओं के होने में ईश्वर की प्रेरणा को मानने का सिद्धांत, नियतिवाद।
6. सतर्कता, चौकसी, होशियारी, सचेतता।
7. 1. पशु होने की अवस्था या भाव, पशुत्व, जानवरपन, पाशविकता 2. पशुवत स्वभाव, पशुओं जैसा आचरण 3. बुद्धिहीनता, मूर्खता, जड़ता।
8. चंद्र मास की ग्यारहवीं तिथि, पूर्णिमा या अमावस्या के बाद ग्यारहवीं तिथि 2. इस तिथि को रखा जाने वाला व्रत।
9. 1. जिसे कोई उपाधि या पदवी मिली हो 2. ख़िताब संबंधी।

**ऊपर से नीचे**

1. दे. अंगुल।
2. चांडालिन, चांडाल जाति की स्त्री।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | ■ | 4 | | | |
| | ■ | 5 | ■ | | ■ | |
| ■ | 6 | | | | ■ | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 7 | ■ |
| 8 | | | | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 9 | | |

### वर्ग पहेली -104 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 फ़ा | 2 र | सी | ■ | 3 ला | हो | ल |
| ■ | दी | ■ | 4 कु | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 5 फ़ | त | ह | ■ | 6 मू | ■ |
| ■ | ■ | ■ | रा | ■ | ढ़ | ■ |
| 7 ल | ■ | 8 ढ | म | ढ | म | ■ |
| गा | ■ | ■ | ■ | ■ | ति | ■ |
| 9 म | ख़ | सू | स | ■ | ■ | ■ |

## सुडोकू -18

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | | | 8 | | | | 6 |
| | 8 | 7 | | | 1 | | 4 | |
| | 2 | | 4 | 3 | | | 8 | |
| 1 | | 4 | | | 7 | | | 8 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | | 9 | | | 5 | | 3 |
| | 4 | | | 6 | 8 | | 3 | |
| | 3 | | 5 | | | 2 | 6 | |
| 7 | | | | 4 | | | 9 | 1 |

### सुडोकू - 17 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 |
| 7 | 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 1 | 5 | 3 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 3 | 2 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 8 | 5 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 4 | 3 | 7 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 7 | 1 |
| 9 | 2 | 7 | 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 5 |
| 8 | 1 | 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जून बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी-07.28 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**मेष** – आज कार्यक्षेत्र में आपको काफी सावधान रहना चाहिए। मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। दूसरों की कमियों में ध्यान देने के बजाय अपने ऊपर ध्यान दें। आप अध्यात्म में काफी रुचि लेंगे। वैवाहिक जीवन में अशांति होने की संभावना है।

**वृष** – आज लंबे समय से रुका हुआ कार्य बन सकता है। जीवनसाथी को करियर में सफलता मिल सकती है। सोचे हुए काम समय पर पूर्ण हो जाएंगे। आपकी कार्यशैली में सुधार होगा। वैवाहिक जीवन में आनंद का भाव बढ़ेगा।

**मिथुन** – आज व्यवसाय को बढ़ाने के लिए लोन आदि लेने का विचार कर सकते हैं। विवादित विषयों में आपको सम्मिलित होना पड़ सकता है। अपने शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। अपने विचारों को लेकर दुराग्रही न बनें।

**कर्क** – आज अपनी कमियों को लोगों के सामने व्यक्त न होने दें। लोग आपसे कुछ गलत अपेक्षा रख सकते हैं। संतान के व्यवहार से कुछ अप्रसन्नता रहेगी। आपका मन कुछ उदास हो सकता है। परिस्थितियां कुछ प्रतिकूल हो सकती हैं।

**सिंह** – आज राजनीतिक लोगों को अपने विरोधियों के साथ मेलजोल बढ़ाना पड़ सकता है। लोगों की मदद करने से पीछे न हटें। वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण हो सकता है। आपको आय के नए स्रोत मिल सकते हैं। घर का माहौल अच्छा रहेगा।

**कन्या** – आज नए उत्पादों में आप निवेश कर सकते हैं। अधीनस्थ कर्मचारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को दूरस्थ क्षेत्रों की यात्रा करनी पड़ेगी। साझेदारी में किए गए व्यवसाय में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

**तुला** – आज आय के नए विकल्पों पर आप काम कर सकते हैं। दूसरों पर पूरी तरह निर्भर रहना उचित नहीं होगा। अपनी स्किल्स और क्षमताओं पर विश्वास रखें। जीवनसाथी से सलाह लेकर काम करना हितकर होगा। धन से जुड़ी परेशानियों का निवारण होगा।

**वृश्चिक** – आज आप अपने कौशल विकास में विशेष ध्यान देंगे। परिवार की परेशानियों का निवारण होगा। विद्वान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। नई संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। अध्यापन कार्यों से जुड़े लोगों को पदोन्नति मिल सकती है।


**धनु** – आज स्वास्थ्य कष्ट होने की आशंका है। गर्मी से आपको सावधान रहना चाहिए। अधिकारियों से बहस न करें। जहां आवश्यक न हो वहां आपको बोलने से बचना चाहिए। आपके शत्रु आपके ऊपर आक्रामक हो सकते हैं।

**मकर** – आज संभव है की आपको किसी बड़े पद पर पदोन्नति मिल जाए। शाम के समय कहीं घूमने जा सकते हैं। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। व्यवसाय में बड़ा धन लाभ हो सकता है। अधिकारी आपसे बेहद प्रसन्न रहेंगे।

**कुंभ** – आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। व्यवसाय में आपको कर्मचारियों से काफी अच्छा समर्थन व सहयोग मिलेगा। धर्म-कर्म को लेकर आप भावुक रहेंगे। आप उदार भाव से लोगों की मदद को तत्पर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा।

**मीन** – आज खर्चों को लेकर ज्यादा उदार होना ठीक नहीं है। अधिकारियों से सावधान रहें। सरकारी कार्य रुक कर ही पूर्ण होंगे। आप किसी समस्या के निवारण को लेकर निष्कर्ष में पहुंच सकते हैं। कारोबार में आपका दायित्व बढ़ने वाला है।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 17.23 तक तत्पश्चात अनुराधा।

## आज की फिल्में

**जुआरी**
सुबह : 09.00

**जो बोले सो निहाल**
रात : 09.00

**चेन्नई वर्सेज चाइना**
सुबह : 11.07

**बच्चन पांडे**
शाम : 04.35

**रेड टू**
सुबह : 10.52

**मॉन्स्टर हंटर**
रात : 09.00

**वलीमाई**
सुबह : 08.35

**ड्रीम गर्ल**
रात : 08.00

**सुहाग**
सुबह : 11.30

**मजबूर**
रात : 08.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चोर- हम घर लूटने आए हैं, मगर बंदूक घर पर भूल आए हैं।
चिंटू- कोई बात नहीं, आप लोग शरीफ आदमी लगते हो, आज घर लूट लो कल आकर बंदूक जरूर दिखा जाना।
चिंटू का दिमाग देखकर चोर सन्न रह गया।

शिक्षक पप्पू से- बस इरादे बुलंद होने चाहिए, पत्थर से भी पानी निकाला जा सकता है।
पप्पू- मैं तो लोहे से भी पानी निकाल सकता हूं सर।
शिक्षक- कैसे ?
पप्पू- हैंड पंप से

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1050 बोल्ड 1100 डीएमओ 800।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2400-2450 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000 -2100 |
| ज्वार | 2000 -4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200 -2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6500 -6600 |
| अरहर | 9000 -10000 |
| मसूर | 5500 -5600 |
| मटर | 3700 -4000 |
| उड़दहरा | 10000 -11000 |
| उड़दकाला | 6000 -8000 |
| मूंग | 7800 -8000 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 17000-17100 |
| अरहरस्पेशल1 | 14500-14600 |
| चनादाल | 8000-8100 |
| मटरदाल | 4800-4900 |
| मसूरमलका | 7250-7300 |
| मसूरदाल | 7450-7500 |
| उड़ददाल | 9000- 13300 |
| उड़द धोवा | 10000- 13000 |
| मूँगदाल | 8100 -9700 |
| मूँग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1380-1430 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5600-5800 |
| अलसी | 4500 -4600 रुपये। |

# अयोध्या, वाराणसी तेजी से रियल एस्टेट विकास के लिए 17 उच्च क्षमता वाले शहरों में शामिल

## कोलियर्स इंडिया ने 100 से अधिक शहरों के अध्ययन के आधार जारी की रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



अयोध्या, वाराणसी, पुरी, द्वारका, शिरडी, तिरुपति और अमृतसर उन 17 उच्च संभावना वाले शहरों में शामिल हैं, जहां आने वाले वर्षों में तेजी से रियल एस्टेट विकास होने की संभावना है। इसकी मुख्य वजह आध्यात्मिक पर्यटन, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और डिजिटलीकरण होगी। रियल एस्टेट परामर्शदाता कोलियर्स इंडिया ने 100 से अधिक शहरों में से 30 संभावित उच्च विकास वाले शहरों की पहचान की है, जहां मध्यम से दीर्घावधि में रियल एस्टेट विकास मजबूत होने वाला है।

इन 30 शहरों में से 17 उच्च-संभावना वाले शहरों में तीन या अधिक परिसंपत्ति वर्गों में रियल एस्टेट विकास में तेजी आने की उम्मीद है। इन 17 उच्च प्रभाव वाले उभरते रियल एस्टेट मुख्य भौगोलिक विस्तार देश के उत्तरी, दक्षिणी, पश्चिमी, पूर्वी और मध्य क्षेत्रों में समान विकास को उजागर करता है। परामर्शदाता द्वारा उत्तर भारत में चिन्हित शहर अमृतसर, अयोध्या, जयपुर, कानपुर, लखनऊ तथा वाराणसी; पूर्वी भारत में पटना तथा पुरी; पश्चिम भारत में द्वारका, नागपुर, शिरडी तथा सूरत; दक्षिण भारत में कोयम्बटूर, कोच्चि, तिरुपति तथा विशाखापत्तनम और मध्य भारत में इंदौर हैं। सलाहकार ने कहा कि आध्यात्मिक पर्यटन से प्रेरित विकास के मामले में अमृतसर, अयोध्या, द्वारका, पुरी, शिरडी, तिरुपति और वाराणसी ध्यान देने योग्य शहर बनकर उभरे हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में मार्च तिमाही में 60 प्रतिशत फ्लैट एक करोड़ रुपये से अधिक में बिके

इस साल जनवरी-मार्च के दौरान दिल्ली-एनसीआर में बेचे गए कुल 10,060 फ्लैट में लगभग 60 प्रतिशत की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक थी। आवासीय ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर ने यह जानकारी दी। इस साल जनवरी-मार्च में दिल्ली-एनसीआर में 10,060 इकाइयों की बिक्री हुई, जिनमें 59 प्रतिशत की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक थी। इसके अलावा 19 प्रतिशत इकाइयों की कीमत 75 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये के बीच थी। आठ प्रतिशत इकाइयों की कीमत 45-75 लाख रुपये के बीच, 11 प्रतिशत इकाइयों की कीमत 25-45 लाख रुपये के बीच और तीन प्रतिशत इकाइयों की कीमत 25 लाख रुपये से कम थी।

### प्रत्यक्ष कर संग्रह 21 प्रतिशत बढ़कर 4.62 लाख करोड़ रुपये हुआ

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में अबतक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 21 प्रतिशत बढ़कर 4.62 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसमें अग्रिम कर संग्रह में हुई वृद्धि का विशेष योगदान रहा। अग्रिम कर की पहली किस्त 15 जून को देय थी।

यह संग्रह 27.34 प्रतिशत बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपये रहा है। इसमें 1.14 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट कर (सीआईटी) और 34,470 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) शामिल है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक बयान में कहा कि 4,62,664 करोड़ रुपये (17 जून, 2024 तक) के शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में 1,80,949 करोड़ रुपये का सीआईटी और 2,81,013 करोड़ रुपये का पीआईटी (प्रतिभूति लेनदेन कर सहित) शामिल हैं।

# फिच ने भारत के लिए वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 7.2% किया

नई दिल्ली, एजेंसी

- रेटिंग एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष के लिए किया संशोधन




फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। मार्च में उसने इसके सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

रेटिंग एजेंसी ने उपभोक्ता खर्च में सुधार और निवेश में वृद्धि का हवाला देते हुए मंगलवार को अनुमान में संशोधन किया। फिच ने जून में अपनी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि इस वर्ष के अंत तक मुद्रास्फीति घटकर 4.5 प्रतिशत पर आ जाएगी और भारतीय रिजर्व बैंक नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करके इसे 6.25 प्रतिशत पर ले आएगा। रिपोर्ट में कहा गया, हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की मजबूत दर से बढ़ेगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि निवेश में वृद्धि जारी रहेगी, लेकिन हाल की तिमाहियों की तुलना में इसकी रफ्तार धीमी रहेगी, जबकि उपभोक्ता भरोसा बढ़ने के साथ उपभोक्ता खर्च में सुधार होगा। फिच ने वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 के लिए क्रमशः 6.5 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। फिच का अनुमान आरबीआई के अनुमान के अनुरूप है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,400 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,700 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,900-55,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,200 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,200 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,650 |
| चांदी आभूषण | 89,000। |

# अगले तीन महीने एफपीओ को मजबूत करने को चलेगा अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य में क्रियाशील हैं 3240 किसान उत्पादक संगठन

**अमृत विचार:** राज्य सरकार उत्तर प्रदेश में किसानों की आय को बढ़ाने और राज्य को फूड बास्केट ऑफ इंडिया बनाने के उद्देश्य से एफपीओ सेल गठित करेगी। इसे अभियान के तौर पर आगे बढ़ाकर राज्य में सक्रिय किसानों के किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) को वित्तीय ताकत दी जाएगी। ताकि उन्हें ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स यानी ओएनडीसी और ई-नाम से जोड़ने की प्रक्रिया को गति प्रदान की जा सकेगी। इसके लिए सरकार ने विस्तृत कार्ययोजना बना ली है। अगले तीन माह में अभियान के रूप में लागू कर दिया जाएगा।

शासन से मिली जानकारी के अनुसार अभियान के तहत एफपीओ को इक्विटी ग्रांट के अलावा इनपुट लाइसेंस, बीज लाइसेंस समेत तमाम लाइसेंसिंग प्रक्रिया से जोड़ने में मदद मिलेगी। उप्र. में इस समय आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना के अंतर्गत 3,240 एफपीओ यूपी शक्ति पोर्टल पर पंजीकृत हैं। सरकार का दावा है कि इसके माध्यम से किसानों को सीधा फायदा मिलेगा।


### सेबी ने कार्यकारी निदेशक की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने कार्यकारी निदेशक की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है और रिक्त पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 18 जुलाई तक इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। नियामक ने पिछले सप्ताह नोटिस में कहा था कि कार्यकारी निदेशक की नियुक्ति तीन साल के लिए प्रतिनियुक्ति या अनुबंध के आधार पर होगी। इस पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार के पास बाजार से संबंधित समस्याओं को निपटाने का कम से कम 20 साल का अनुभव होना चाहिए।

# भारतीय रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति के रुख में बदलाव करना होगा जल्दबाजी : दास

मुंबई, एजेंसी

- आरबीआई के गवर्नर ने कार्यक्रम को किया संबोधित



आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मंगलवार को कहा कि मौद्रिक नीति के रुख में बदलाव करना बहुत जल्दबाजी होगा और शीर्ष बैंक को दरों के मोर्चे पर दुस्साहस के दृष्टिकोण से बचना होगा।

मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि रिजर्व बैंक सेबी के साथ मिलकर वायदा और विकल्प खंड में उच्च कारोबार आकार की निगरानी कर रहा है, लेकिन इसपर कोई भी कार्रवाई बाजार नियामक द्वारा की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी संभावना है कि मार्च तिमाही के लिए चालू खाते घाटा (कैड), जिसकी घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी, वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीनों के लिए 1.2 प्रतिशत के आंकड़े से नीचे आ जाएगा। वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कैड सकल घरेलू उत्पाद के 1.2 प्रतिशत पर रहेगा, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 2.6 प्रतिशत के स्तर पर था। ऐसा वस्तुओं का व्यापार घाटा कम होने की वजह से होगा। वैश्विक बॉन्ड सूचकांकों में देश के शामिल होने के बाद बढ़ते प्रवाह की चर्चाओं के बीच गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक भविष्य में अस्थिरता को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक माध्यम के रूप में कार्य करने के लिए भंडार बनाना जारी रखेगा।

## राष्ट्रीय

# मालगाड़ी के लोको पायलट की लापरवाही से हुआ हादसा

## रेलवे के सूत्रों ने बताया-ट्रेन चालक ने लाल सिग्नल से पहले रुकने के लिए निर्धारित शर्तों का नहीं किया पालन

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग जिले के रानीडांगा में जीएफसीजे कंटेनर मालगाड़ी के लोको पायलट ने सिग्नल को पार करते समय ट्रेनों के लिए निर्धारित गति के नियमों का पालन नहीं किया, जिसके कारण रेल हादसा हुआ। रेलवे के सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि ऐसा लगता है कि जीएफसीजे कंटेनर मालगाड़ी के लोको पायलट (ट्रेन चालक) ने लाल सिग्नल से पहले रुकने के लिए निर्धारित शर्तों और 15 किलोमीटर प्रति घंटे की गति सीमा का पालन नहीं किया और बहुत अधिक गति से आगे बढ़ रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ।



**न्यू जलपाईगुड़ी :** कंचनजंगा एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी के बीच टक्कर के एक दिन बाद सेवाओं की बहाली के बाद दुर्घटना क्षेत्र से निकलती एक ट्रेन। • एजेंसी

सूत्रों ने बताया कि संयोग से जीएफसीजे कंटेनर मालगाड़ी से पहले छह अन्य ट्रेनें भी रंगापानी स्टेशन से गुजरीं और इन सभी ट्रेनों के ट्रेन चालकों ने सुरक्षा नियमों का पालन किया। जीएफसीजे कंटेनर मालगाड़ी से टक्कर होने के समय कंचनजंघा एक्सप्रेस ट्रेन लाल सिग्नल से पहले रूक गयी थी। सूत्रों के मुताबिक स्वचालित सिग्नलिंग की विफलता के दौरान ट्रेन की आवाजाही हो रही थी। ऐसे मामलों में ट्रेन को प्रत्येक सिग्नल के नीचे दिन में 01 मिनट और रात में 02 मिनट के लिए रोका जाता है। इसके बाद ट्रेन बहुत सावधानी बरतते हुए अगले स्टॉप सिग्नल की ओर आगे बढ़ सकती है।

### कंचनजंघा एक्सप्रेस करीब 850 यात्रियों को लेकर सियालदह पहुंची

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी के निकट एक मालगाड़ी से टकराने वाली कंचनजंघा एक्सप्रेस के अप्रभावित डिब्बे करीब 850 यात्रियों के साथ मंगलवार सुबह यहां सियालदह स्टेशन पहुंचे। सोमवार को हुए इस हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई थी और 60 लोग घायल हो गए थे। पूर्वी रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सोमवार सुबह न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से लगभग 10 किलोमीटर दूर रंगापानी में हादसा हुआ था।

### खरगे ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के इस्तीफे की मांग की

**नई दिल्ली।** सरकार पर भारतीय रेलवे को नष्ट करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कंचनजंघा एक्सप्रेस दुर्घटना के मद्देनजर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के इस्तीफे की मांग की और कहा कि उन्हें पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। विपक्षी दल ने मोटरसाइकिल पर पीछे बैठकर दुर्घटना स्थल पर पहुंचने के लिए वैष्णव पर भी कटाक्ष करते हुए पूछा कि वह रेल मंत्री हैं या रील मंत्री।



सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी के साथ नई दिल्ली में साइबरस्पेस संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांत जारी किया। • एजेंसी

## एक नजर

### प्रज्वल रेवन्ना को 24 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**बेंगलुरु।** जनता दल (सेक्युलर) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को यहां की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को 24 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्रज्वल बलात्कार और यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हैं। इसके पहले, अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने 12 जून को उन्हें 18 जून तक विशेष जांच दल (एसआईटी) की हिरासत में भेजा था, जो उनके खिलाफ मामलों की जांच कर रही है। प्रज्वल (33) हाल ही में लोकसभा चुनाव में हार के कारण हासन सीट बरकरार रखने में विफल रहे।

### मालीवाल ने इंडिया के नेताओं को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार द्वारा उनके साथ की गई मारपीट के मामले पर बातचीत के लिए मंगलवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के नेताओं से समय मांगा। विपक्षी गठबंधन के, राहुल गांधी और शरद पवार जैसे नेताओं को लिखे पत्र में आम आदमी पार्टी की सदस्य ने शिकायत की कि दुर्व्यवहार के खिलाफ बोलने पर उन्हें शर्मिंदा किया गया और उनका चरित्र हनन हुआ।

# मन की बात कार्यक्रम 30 से फिर होगा शुरू, मोदी ने मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण 30 जून से फिर से शुरू होगा। उन्होंने लोगों से इसके लिए अपने विचार और सुझाव साझा करने का आग्रह किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यह बताते हुए खुशी हो रही है कि चुनाव के कारण कुछ महीनों के अंतराल के बाद मन की बात वापस आ गया है! इस महीने का कार्यक्रम रविवार, 30 जून को होगा। उन्होंने कहा-मैं आप सभी से इसके लिए अपने विचार और सुझाव साझा करने का आह्वान करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी का यह मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' आखिरी बार 25 फरवरी को प्रसारित किया गया था और फिर लोकसभा चुनाव संपन्न होने तक इसके प्रसारण पर विराम लगा दिया गया था।

# एनसीडब्ल्यू को उत्तर प्रदेश से मिलीं सबसे ज्यादा शिकायतें

नई दिल्ली, एजेंसी

### वर्ष 2024 में अब तक 12,600 शिकायतें मिलीं

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) को इस साल अब तक 12,600 शिकायत प्राप्त हुई हैं, जिनमें से सबसे अधिक शिकायतें उत्तर प्रदेश की ओर से दर्ज कराई गईं हैं। एनसीडब्ल्यू के आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है।

एनसीडब्ल्यू की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक सबसे अधिक शिकायत गरिमा का अधिकार श्रेणी में प्राप्त हुईं, जिसमें घरेलू हिंसा के अलावा अन्य उत्पीड़न शामिल हैं। इस श्रेणी में एनसीडब्ल्यू को कुल 3,107 शिकायत प्राप्त हुईं। एनसीडब्ल्यू की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार इसके बाद घरेलू हिंसा की 3,544 शिकायत दर्ज की गईं। आंकड़ों के अनुसार इसके बाद दहेज उत्पीड़न की 1,957 शिकायत, छेड़छाड़ की 817 शिकायत, महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता की 518 शिकायत और दुष्कर्म तथा दुष्कर्म के प्रयास की 657 शिकायत प्राप्त हुईं। एनसीडब्ल्यू ने बताया कि यौन उत्पीड़न की 493 शिकायत, साइबर अपराध की 339 शिकायते दर्ज की गईं। जिसमें सबसे ज्यादा 6,470 शिकायत उत्तर प्रदेश में, इसके बाद दिल्ली (1,113) और महाराष्ट्र (762 शिकायत) का स्थान रहा।

# सिक्किम में 200 से अधिक पर्यटक सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए गए

- पुलिस अधीक्षक ने बताया-करीब एक हजार पर्यटक अब भी फंसे मंगन जिले में स्कूल बंद

गंगटोक, एजेंसी

सिक्किम के भूस्खलन प्रभावित मंगन जिले के लाचुंग में 200 से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया और करीब एक हजार पर्यटक अब भी फंसे हुए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) सोनम देचू भूटिया ने बताया कि पर्यटकों को चुंगथांग के रास्ते मंगन शहर तक पहुंचाया गया, जहां से परिवहन विभाग ने उन्हें वाहनों में गंगटोक ले जाने की व्यवस्था की है। अधिकारी ने बताया कि उत्तरी सिक्किम के लाचुंग में फंसे करीब 150 पर्यटकों को मंगलवार को और 64 पर्यटकों को सोमवार को मंगन कस्बे में सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि बचाव कार्य के लिए जिला प्रशासन सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अन्य स्वयंसेवकों की मदद ले रहा है। उन्होंने बताया कि दिन में और भी पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा दिया जाएगा। इसके साथ ही मंगन जिला प्रशासन ने संपत्ति को हुए नुकसान और सड़क अवरुद्ध होने के मद्देनजर छात्रों की सुरक्षा को लेकर मंगलवार को जिले के सभी सरकारी स्कूलों को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश दिया। जिलाधिकारी हेम कुमार छेत्री द्वारा जारी आदेश में कहा गया कि मंगन प्रखंड के मानुल, सिंघिक, मंगन तथा मांगशिला क्षेत्र और लिंगदोंग प्रखंड के ही ग्याथांग, पासिंगदोंग, लिंग्ज़्या, तिंगवोंग और गोर क्षेत्र में सरकारी स्कूल अगले आदेश तक बंद रहेंगे।



सिक्किम के मंगन जिले में भूस्खलन के कारण फंसे पर्यटकों को निकालते कर्मी। •

### विशेष लोक अदालत का आयोजन करेगा उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय कुछ लंबित मामलों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए 29 जुलाई से तीन अगस्त तक एक विशेष लोक अदालत का आयोजन करेगा।

शीर्ष अदालत की स्थापना के 75वें वर्ष में विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। संविधान के लागू होने के साथ ही 26 जनवरी, 1950 को उच्चतम न्यायालय की स्थापना हुई थी। शीर्ष न्यायालय ने एक बयान में कहा कि लोक अदालतें देश में न्याय प्रणाली का अभिन्न हिस्सा हैं जो सौहार्दपूर्ण समाधान की प्रक्रिया तेज करके वैकल्पिक तरीके से विवाद निवारण करती हैं।

# महाराष्ट्र में धोखा खाए प्रेमी ने महिला को पीट-पीटकर मार डाला

पालघर (महाराष्ट्र), एजेंसी

- हमले के दौरान लोग इस भयावह तमाशे को देखते रहे

महाराष्ट्र के वसई में शुक्रवार को एक ठुकराए प्रेमी ने बीच सड़क पर अपनी प्रेमिका के सिर पर 18 वार किए, जबकि बड़ी संख्या में लोग इस भयावह तमाशे को देख रहे थे। पुलिस ने यह जानकारी दी।

वालिव पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक जयराज रानावरे ने बताया, आरोपी ने महिला पर पाना (नट बोल्ट खोलने वाला एक उपकरण) से हमला किया। उसके शरीर पर 18 घाव थे। पुलिस ने बताया कि रोहित यादव (32) और आरती यादव (22) पड़ोसी थे और पिछले कुछ सालों से उनके बीच प्रेम संबंध थे। पिछले कुछ समय से आरती यादव ने उससे संपर्क करना बंद कर दिया था, जिससे उसे शक हो गया था कि उसका किसी और के साथ संबंध है। क्यों किया ऐसा मेरे साथ, प्रेमी यही कहता रहा और पाना से महिला के सिर पर वार करता रहा। बीच-बचाव करने के लिए मात्र एक व्यक्ति बाहर आया, बाकि सभी मूकदर्शक बने इस अमानवीय व्यवहार को देखते रहे। पुलिस ने बताया कि सामने आये वीडियो में बड़ी संख्या में लोग इस हमले को देखते हुए नजर आए, लेकिन युवक महिला पर हमला करता रहा और कोई उसकी मदद के लिए नहीं आया। वालिव पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस इस घटना की आगे की जांच कर ही है।

वसई के चिंचपाड़ा इलाके में सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता और आरोपी नाला सोपारा के एक मोहल्ले में रहते थे और एक औद्योगिक सेक्टर में काम करते थे। एक अधिकारी ने बताया कि वह हमलावर के साथ काम पर जा रही थी, तभी बीच रास्ते में उनका झगड़ा हो गया। अधिकारी ने बताया कि युवती के बेहोश होकर गिर जाने के बाद भी आरोपी उस पर हमला करता रहा। वह घटनास्थल से फरार नहीं हुआ, बल्कि शव के पास ही सीढ़ी पर बैठा रहा।वालिव पुलिस थाने से एक टीम जल्दी से घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने एक पुरुष और एक अन्य महिला को हिरासत में लिया है जिसने हमले का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया था।

## युद्ध का समर्थन करने पर की उत्तर कोरिया की प्रशंसा

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में मॉस्को के युद्ध का 'दृढ़ता से समर्थन' करने के लिए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन की प्रशंसा की है। पुतिन मंगलवार को जोंग-उन से मिलने प्योंगयांग पहुंचे। यह उनकी साल 2000 के बाद से पहली प्योंगयांग यात्रा है।

उत्तर कोरिया की सत्तारूढ़ पार्टी के मुखपत्र रोडोंग सिनमुन में छपे एक लेख में राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि उन्होंने अमेरिकी दबाव, ब्लैकमेल और सैन्य धमकियों के बावजूद अपने हितों की रक्षा के लिए प्योंगयांग के प्रयासों का समर्थन करने का प्रण लिया है। पिछले साल पुतिन ने कहा था कि उत्तर कोरिया के साथ सैन्य सहयोग की संभावनाएं दिखाई देती हैं।

# लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर एनडीए की बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **बैठक में संसद के आगामी सत्र की रणनीति पर भी चर्चा किए जाने की संभावना**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेताओं की 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार के नामों पर चर्चा करने के लिए मंगलवार शाम यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर एक बैठक हुई। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, भूपेंद्र यादव, मनोहर लाल, धर्मेंद्र प्रधान, किरेन रीजीजू, एस जयशंकर, वीरेंद्र कुमार और अन्नपूर्णा देवी शामिल हुए। जदयू के राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान सहित एनडीए के घटक दलों के कुछ नेता भी मौजूद थे। सिंह और पासवान केंद्र सरकार में मंत्री भी हैं।

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा। इस दौरान निचले सदन के नए सदस्य शपथ लेंगे और फिर 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। सूत्रों ने बताया कि बैठक में संसद के आगामी सत्र की रणनीति पर भी चर्चा किए जाने की संभावना है। इस बीच, सूत्रों ने बताया कि इस साल के अंत में राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति पर चर्चा करने के लिए महाराष्ट्र भाजपा कोर समूह की एक अलग बैठक पार्टी मुख्यालय में होगी।



# लोकसभा अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होना है। इस पद की शक्तियां और गरिमा को देखते हुए एनडीए गठबंधन के अन्य दल भी इसकी मांग कर रहे हैं। वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन की ताकत बढ़ने से वह भी इस पद पर अपना उम्मीदवार उतारने को लेकर तैयारी कर रहे हैं। आइए जानते हैं कि देश में लोकसभा अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया कैसी होती है।

### अब तक के निर्वाचित लोकसभा अध्यक्ष

जी.वी. मावलंकर, एम. ए. अय्यंगर, सरदार हुकम सिंह, एन संजीव रेड्डी, जी एस ढिल्लों, बाली राम भगत, के. एस. हेगड़े, बलराम जाखड़, रवि राय, शिवराज वी पाटिल, पी. ए. संगमा, जी.एम बालयोगी, मनोहर जोशी, सोमनाथ चटर्जी, मीरा कुमार, सुमित्रा महाजन, ओम बिरला।

### कैसे होता है चुनाव

सत्ताधारी दल के सदस्य ही स्पीकर पद के लिए चुने जाते हैं। लोकसभा अध्यक्ष के लिए स्पीकर को सदन का सदस्य होना आवश्यक है। परंपरा के अनुसार सत्ताधारी पार्टी अन्य दलों के नेताओं के साथ विचार-विमर्श के बाद अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार की घोषणा करती है। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री या प्रधानमंत्री अध्यक्ष पद के लिए नाम का प्रस्ताव रखते हैं। फिर सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिए जाते हैं।

### कैसे हटाया जा सकता है

स्पीकर का कार्यकाल लगभग 5 साल का होता है। लोकसभा के भंग होने के बाद भी वह अपने पद पर बना रहता है। नियमों के मुताबिक, लोकसभा के भंग होने के बाद से अगली लोकसभा की पहली बैठक तक स्पीकर अपना पद खाली नहीं करेगा। हालांकि, स्पीकर के 5 साल से पहले ही हट जाने या हटाए जाने का प्रावधान संविधान में दिया हुआ है।

### क्या होती हैं शक्तियां

लोकसभा अध्यक्ष सदन की बैठकों की अध्यक्षता करते हैं। उन पर सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित करने की जिम्मेदारी होती है। सदन के अध्यक्ष ही सदस्यों को बोलने की अनुमति देते हैं और उनके वक्तव्य का समय निर्धारित करते हैं। इसके अलावा अगर कोई सदस्य सदन की कार्यवाही में बाधा उत्पन्न करता है तो अध्यक्ष उसकी सदस्यता भी निलंबित कर सकते हैं। किसी प्रस्ताव पर वोटिंग के समय भी स्पीकर की भूमिका बेहद अहम हो जाती है। अगर किसी विधेयक पर पक्ष और विपक्ष, दोनों ओर से समान संख्या में मत पड़ते हैं तो ऐसी स्थिति में लोकसभा स्पीकर के पास वोट करने का अधिकार होता है।

## एक नजर

### इक्वाडोर में बाढ़ के कारण 126 लोग बेघर

**क्विटो।** इक्वाडोर में खराब मौसम और बाढ़ के कारण मध्य जून से लगभग 126 लोग बेघर हो गए हैं। राष्ट्रीय जोखिम प्रबंधन सचिवालय ने यह जानकारी दी। एजेंसी की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को देश के 24 प्रांतों में से 10 में लगभग 54 मौसम संबंधी आपदाएं दर्ज की गयीं। रिपोर्ट के अनुसार, सबसे ज्यादा होने वाली घटनाओं में भूस्खलन की 44 .44 प्रतिशत और बाढ़ की 22 .22 प्रतिशत घटनाएं हैं। इसमें कहा गया है कि अन्य बुनियादी ढांचों के अलावा तीन पुल नष्ट हो गए हैं और चार अन्य क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक मध्यवर्ती प्रांत तुंगुराहुआ के रिसॉर्ट शहर बानोस डी अगुआ सांता में रविवार को भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद आठ लोगों की मौत हो गयी और 18 अन्य लापता हैं।

### वियतनाम में भूस्खलन से चार की मौत

**हनोई, एजेंसी।** वियतनाम के उत्तरी प्रांत बाक कान में एक पहाड़ी ढलान पर भूस्खलन होने से मंगलवार को तड़के चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार एक परिवार के पांच लोग पैक नाम जिले में एक पहाड़ी पर स्थित अपने घर में सो रहे थे। इस दौरान तड़के करीब 0 :30 बजे यह घटना घटित हुई। भूस्खलन ने उनके घर को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। दुर्घटना में एक महीने के बच्चे सहित चार लोग दब गए, जबकि एक व्यक्ति बच गया। वियतनाम समाचार एजेंसी के अनुसार, सोमवार रात आठ बजे से मंगलवार सुबह 6 :30 बजे तक क्षेत्र में 90 मिमी बारिश हुई। सामान्य सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, जनवरी से मई तक प्राकृतिक आपदाओं के कारण 39 लोग मारे गए और कई लापता हुए हैं।

### ईरान में अस्पताल में लगी आग, नौ मरीजों की मौत

**तेहरान।** ईरान के उत्तरी हिस्से में स्थित एक अस्पताल में आग लग गई, जिसमें नौ मरीज़ों की मौत हो गई। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकारी टेलीविजन ने बताया कि राजधानी तेहरान से उत्तर-पश्चिम में लगभग 330 किलोमीटर (लगभग 205 मील) दूर रश्त शहर के कायम अस्पताल में स्थानीय समयानुसार कल देर रात एक बज कर करीब तीस मिनट पर आग लग गई, जिसमें छह महिलाओं और तीन पुरुषों की मौत हो गई। शहर के अग्निशमन विभाग के प्रमुख शाहराम मोमेनी ने सरकारी टीवी पर कहा कि बेसमेंट में बिजली का शॉर्ट सर्किट हुआ जिससे आग लग गई।

# दलाई लामा से मिलेंगी नैंसी पेलोसी

## अमेरिका के 6 सांसदों के डेलिगेशन के साथ दो दिवसीय भारत दौरे पर आईं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका की पूर्व हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी दो दिवसीय भारत दौरे पर दोपहर करीब साढ़े बारह बजे हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा एयरपोर्ट पर लैंड हुईं। भारत के दौरे पर वह धर्मशाला में तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात करेंगी। उनके साथ अमेरिका के 6 सांसदों का प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद है।

पेलोसी लंबे समय से तिब्बत की आजादी का समर्थन करती आई हैं। वह इससे पहले मई 2017 में भी दलाई लामा से मिलने भारत के दौरे पर आ चुकी हैं। तब चीन ने अमेरिका को तिब्बत मामले में दखल के खिलाफ चेतावनी दी थी। अमेरिका में 12 जून को तिब्बत से जुड़ा एक बिल पास किया गया था। इसमें कहा गया था कि अमेरिका दुनियाभर में तिब्बत को लेकर चीन के फैलाए गए झूठ का जवाब देगा। इस दौरान अमेरिकी अधिकारी चीन के तिब्बत को अपना हिस्सा बताने वाले दावों को भी खारिज करेंगे।

चीन और तिब्बत के बीच विवाद बरसों पुराना है। चीन कहता है कि तिब्बत तेरहवीं शताब्दी में चीन का हिस्सा रहा है इसलिए तिब्बत पर उसका हक है। तिब्बत चीन के इस दावे को खारिज करता है। 1912 में तिब्बत के धर्मगुरु और 13वें दलाई लामा ने तिब्बत को स्वतंत्र घोषित कर दिया था।

उस समय चीन ने कोई आपत्ति नहीं जताई, लेकिन करीब 40 सालों बाद चीन में कम्युनिस्ट सरकार आ गई। इस सरकार की विस्तारवादी नीतियों के चलते 1950 में चीन ने हजारों सैनिकों के साथ तिब्बत पर हमला कर दिया। करीब 8 महीनों तक तिब्बत पर चीन का कब्जा चलता रहा।

आखिरकार 1951 में तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने 17 बिंदुओं वाले एक समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। इस समझौते के बाद तिब्बत आधिकारिक तौर पर चीन का हिस्सा बन गया। हालांकि दलाई लामा इस संधि को नहीं मानते हैं। उनका कहना है कि ये संधि दबाव बनाकर करवाई गई थी।

इस बीच तिब्बती लोगों में चीन के खिलाफ गुस्सा बढ़ने लगा। 1955 के बाद पूरे तिब्बत में चीन के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन होने लगे। इसी दौरान पहला विद्रोह हुआ जिसमें हजारों लोगों की जान गई। मार्च 1959 में खबर फैली कि चीन दलाई लामा को बंधक बनाने वाला है। इसके बाद हजारों की संख्या में लोग दलाई लामा के महल के बाहर जमा हो गए। आखिरकार एक सैनिक के वेश में दलाई लामा तिब्बत की राजधानी ल्हासा से भागकर भारत पहुंचे। भारत सरकार ने उन्हें शरण दी। चीन को ये बात पसंद नहीं आई। कहा जाता है कि 1962 के भारत-चीन युद्ध की एक बड़ी वजह ये भी थी।



कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंचीं पूर्व हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी।

### पेलोसी के ताइवान जाने पर 24 लड़ाकू विमानों ने किया था एस्कॉर्ट

चीन हमेशा से ही तिब्बत का साथ देने के लिए अमेरिका का विरोध करता आया है। ऐसे में नैंसी पेलोसी का यह दौरा विवाद को और बढ़ा सकता है। पेलोसी वही अमेरिकी नेता हैं, जिनके 2022 में ताइवान जाने पर चीन ने जंग की धमकी दी थी। तब नैंसी के प्लेन को अमेरिकी नेवी और एयरफोर्स के 24 एडवांस्ड फाइटर जेट्स ने एस्कॉर्ट किया था। इस दौरान चीन ने ताइवान को चारों तरफ से घेरकर युद्धाभ्यास भी किया था। नैन्सी पेलोसी ने 2008 के अपनी धर्मशाला यात्रा के दौरान कहा था कि तिब्बत में मानवाधिकारों की रक्षा के लिए अमेरिका अपने अभियानों को जारी रखेगा। उन्होंने 2019 में संसद में द तिब्बत पॉलिसी एक्ट पास कराने में मदद की थी। इस एक्ट के जरिए अमेरिका तिब्बत की पहचान को बचाने के लिए आवाज उठाता है। पेलोसी की वजह से ही अमेरिका में दलाई लामा का कद बढ़ा है।

## श्रीलंका की नौसेना ने चार भारतीय मछुआरे पकड़े

**कोलंबो।** श्रीलंका की समुद्री सीमा में मंगलवार तड़के कथित रूप से मछली पकड़ने को लेकर श्रीलंकाई नौसेना ने चार भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी नौका जब्त कर ली। इस साल ऐसी गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 180 से अधिक हो गई है। श्रीलंकाई नौसेना ने कहा, भारतीयों द्वारा कथित रूप से मछली पकड़ने की हालिया घटना में मंगलवार तड़के जाफना प्रायद्वीप के उत्तरी डेल्फ्ट टापू के पास एक नौका जब्त कर ली तथा तथा चार मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# निखिल पर अमेरिका की अदालत में चलेगा मुकदमा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- **सिख अलगाववादी की हत्या कराने की सुपारी देने का आरोपी है भारतीय नागरिक**

अमेरिका में एक सिख अलगाववादी की सुपारी देकर हत्या कराने की साजिश में शामिल होने के आरोपी भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को अब अमेरिका की एक अदालत में मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। अटॉर्नी जनरल मेरिक गार्लैंड ने यह जानकारी देते हुए कहा कि देश अपने नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिशों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

गुप्ता (53) को न्यूयॉर्क में खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोप में अमेरिका सरकार के अनुरोध पर 30 जून, 2023 को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था। उसे गत 14 जून को अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया था। गुप्ता के अटॉर्नी जेफ्री चाबरोवे के अनुसार, सोमवार को उसे मैनहट्टन संघीय अदालत में मजिस्ट्रेट न्यायाधीश जेम्स कॉट के समक्ष पहली पेशी के तहत प्रस्तुत किया गया, जहां उसने खुद को बेगुनाह बताया।

# पांच लाख अप्रवासियों को मिलेगी राहत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- **अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन नागरिकता प्रदान करने को लेकर एक व्यापक कदम उठा रहे**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन चुनावी वर्ष में एक व्यापक कदम उठा रहे हैं। जिससे अब तक बिना किसी वैध स्थिति के देश में रह रहे लाखों अप्रवासियों को अमेरिकी नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो सकता है। इस कदम को महीने की शुरुआत में सीमा पर अपनायी गई आक्रामक नीति को संतुलित करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। उनके आक्रामक रुख ने कई डेमोक्रेटिक सांसदों को नाराज कर दिया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस ने मंगलवार को घोषणा की कि बाइडन प्रशासन आने वाले महीनों में कानूनी स्थिति के बिना रह रहे अमेरिकी नागरिकों के कुछ जीवनसाथियों को स्थायी निवास और अंततः नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति देगा। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, इस कदम से पांच लाख से अधिक अप्रवासी लाभान्वित हो सकते हैं। नागरिकता प्राप्त करने के लिए, एक अप्रवासी सोमवार को पूरी हुई अवधि तक कम से कम 10 वर्षों से अमेरिका में रह रहा हो तथा उसका किसी अमेरिकी नागरिक से विवाह होना चाहिए। यदि किसी अर्हता प्राप्त अप्रवासी का आवेदन स्वीकृत हो जाता है, तो उसके पास ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करने के लिए तीन वर्ष का समय होगा।

# इटली के तट पर नाव हादसों में 11 की मौत, 66 लापता

**रोम, एजेंसी**

- **व्यापारी जहाज़ ने 12 लोगों को बचाया और सहायता की**

इटली के तटों के पास सोमवार को दो नाव दुर्घटनाओं में कम से कम 11 प्रवासियों की मौत हो गई, जबकि 66 अन्य लापता हैं। इटली के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि इटली के तटों के पास प्रवासियों की दो नौकाओं के दुर्घटनाग्रस्त होने के कुछ घंटों बाद सोमवार को देर रात तक भूमध्य सागर में इटली के तट रक्षक द्वारा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।

दक्षिणी इटली में कैलाब्रिया के तट से लगभग 120 मील (193 किमी) दूर संकट में एक लकड़ी की नाव की खोज के बाद क्षेत्र में एक व्यापारी जहाज ने एसओएस कॉल किया, जिसके बाद प्रारंभिक बचाव कार्य शुरू किया गया। व्यापारी जहाज़ ने 12 लोगों को बचाया और इतालवी तट रक्षक जहाज़ के आने तक उनकी सहायता की। तट रक्षक के अनुसार, गंभीर चिकित्सा स्थितियों के कारण एक महिला की जहाज़ से उतरने के तुरंत बाद मृत्यु हो गई। तट रक्षक ने एक बयान में कहा, नौका दुर्घटना के बाद लापता लोगों की तलाश जारी है। तट रक्षक ने बताया कि कि दो इतालवी गश्ती नौकाएँ और एक एटीआर42 विमान वर्तमान में तलाश अभियान में शामिल हैं, और जल्द ही चिकित्सा टीमों के साथ एक और गश्ती जहाज़ क्षेत्र में उनके साथ शामिल हो जाएगा।

# थाईलैंड में समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाले विधेयक को मंजूरी

**बैंकॉक, एजेंसी**

थाईलैंड की नेशनल असेंबली (संसद) के उच्च सदन सीनेट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाले एक विधेयक को मंगलवार को भारी बहुमत के साथ मंजूरी प्रदान कर दी। इसके साथ ही थाईलैंड दक्षिण-पूर्वी एशिया में ऐसा कानून लागू करने वाला पहला देश बन गया है।

सीनेट में विधेयक पर हुए मतदान के दौरान 152 सदस्य मौजूद थे, जिनमें से 130 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में मतदान किया जबकि चार सदस्यों ने इसके खिलाफ मतदान किया। सीनेट के 18 सदस्यों ने मतदान की प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया। अब इस विधेयक को थाईलैंड के राजा महा वजिरालोंगकोर्न की औपचारिक स्वीकृति मिलने की आवश्यकता है, जिसके बाद इसे सरकारी राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा। सरकारी राजपत्र 120 दिनों के भीतर एक तिथि निर्धारित करेगा, जब विधेयक कानून के रूप में लागू हो जाएगा। ताइवान और नेपाल के बाद थाईलैंड, समलैंगिक विवाह को अनुमति देने वाला एशिया का तीसरा देश बन जाएगा।

### थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थकसिन पर चलेगा मुकदमा



**बैंकॉक, एजेंसी।** थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थकसिन शिनावात्रा पर राजतंत्र को बदनाम करने के आरोप में मंगलवार को औपचारिक रूप से अभियोग दर्ज किया गया। इसके साथ ही इस तरह के बढ़ते अदालती मामलों ने थाईलैंड की राजनीति में अस्थिरता पैदा कर दी है। अटॉर्नी जनरल कार्यालय के प्रवक्ता प्रयुथ बेजरागुना ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि थकसिन ने सुबह नौ बजे से कुछ मिनट पहले अभियोजकों के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अभियोग प्रक्रिया पूरी की गई। थकसिन 18 वर्ष पहले सत्ता से बेदखल होने के बावजूद एक प्रभावशाली राजनीतिक हस्ती हैं। माना जा रहा है कि थकसिन एक कार में सवार होकर बैंकॉक के अपराध न्यायालय पहुंचे। हालांकि, वह संवाददाताओं से नहीं मिले।

# पाकिस्तान में ऊंट का पैर काटा, छह लोग गिरफ्तार

**कराची, एजेंसी**

- **वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, बिलावल भुट्टो जरदारी दुबई से मंगवा रहे कृत्रिम पैर**

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में चारे की तलाश में एक खेत में घुसे ऊंट का पैर काटने के आरोप में जमींदार और उसके पांच नौकरों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना से स्तब्ध शीर्ष राजनेता ऊंट के लिए अब दुबई से कृत्रिम पैर की व्यवस्था कर रहे हैं।

पिछले सप्ताहांत संघर जिले के मुंड जमराव गांव में ऊंट का दाहिना पैर काटने के बाद कटे हुए पैर को हाथ में लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किये जाने के बाद रुस्तम शार और उसके पांच नौकरों को गिरफ्तार किया गया। पशु अधिकार संगठनों तथा लोगों ने इस क्रूर कृत्य के लिए कार्रवाई की मांग की। ऊंट के मालिक और किसान सूमर बेहान ने पुलिस को मामले की सूचना नहीं दी लेकिन मामला सामने आने के बाद अधिकारियों ने उनसे संपर्क किया।


सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह के निर्देश पर आश्रय स्थल का दौरा करने के बाद पशुधन सचिव काजिम जाटो ने कहा ऊंट को कराची स्थित व्यापक आपदा प्रतिक्रिया सेवा पशु आश्रय स्थल ले जाया गया। सचिव ने बताया कि सिंध सरकार ने ऊंट के इलाज का खर्च उठाने का वादा किया है और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी दुबई से ऊंट के लिए कृत्रिम पैर की व्यवस्था कर रहे हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### 28 जून से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी शर्माजी की बेटी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा कश्यप निर्देशित पहली फिल्म शर्माजी की बेटी 28 जून से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। शर्माजी की बेटी का प्रीमियर पिछले साल जियो मामी फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। अब इसके मेकर्स ने फिल्म के ग्लोबल प्रीमियर का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म के साथ आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा कश्यप ने निर्देशन में अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म में सैयामी खेर, साक्षी तंवर और दिव्या दत्त ने अहम भूमिका निभायी थी। इस फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला था। अब शर्माजी की बेटी को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है। 28 जून को प्राइम वीडियो पर शर्माजी की बेटी स्ट्रीम होने वाली है। अप्लॉस एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत और एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन में बनीं फिल्म शर्माजी की बेटी को ताहिरा कश्यप ने लिखा और निर्देशित किया है। शर्माजी की बेटी पांच महिलाओं की लाइफ पर आधारित है। अरिस्ता मेहता, शारिब हाशमी, परवीन और वंशिका तपारिया भी इस फिल्म में नजर आएंगी।

### जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर थाईलैंड में शूटिंग करेंगे



**मुंबई, एजेंसी।** मैन ऑफ मासेस जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर थाईलैंड में देवरा के लिए मेलोडी की शूटिंग करेंगे। इस साल की सबसे प्रतीक्षित भारतीय फिल्मों में से एक, देवरा : पार्ट 1 सिनेप्रेमियों के बीच उत्साह पैदा कर रही है। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर और जान्हवी कपूर थाईलैंड के सुरम्य स्थानों में एक मधुर गीत की शूटिंग करेंगे। हाल ही में, एनटीआर जूनियर को भारी बारिश सहित चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति में सैफ अली खान के साथ एक गहन एक्शन सीक्वेंस पूरा करने के बाद गोवा से लौटते हुए देखा गया था। यह एनटीआर जूनियर और जान्हवी कपूर के बीच पहली बार ऑन-स्क्रीन सहयोग है। देवरा 27 सितंबर 2024 को पांच भाषाओं में रिलीज होने वाली है। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, देवरा दो भागों में प्रदर्शित होगी। यह फिल्म युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा निर्मित है, और नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत की गई है।

### 6 दिसंबर को रिलीज होगी अल्लू अर्जुन की पुष्पा-2

**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा : द रूल 06 दिसंबर को रिलीज होगी। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा : द राइज ने बॉक्स-ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। अब इस फिल्म का सीक्वल पुष्पा : द रूल बनाया जा रहा है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा : द रूल पहले 15 अगस्त को रिलीज होने वाली थी। कई दिनों से ऐसी खबरें आ रही थी कि फिल्म का काफी काम अब तक पूरा नहीं हुआ है। अब फिल्म की नई रिलीज डेट आ गई है। अल्लू अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्टर शेयर कर पुष्पा : द रूल की नयी रिलीज डेट बतायी है। पुष्पा : द रूल 06 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## खगोल विज्ञान — एक तारे की मृत्यु का अवशेष है यह सुंदर निहारिका

# 1054 में हुई थी अद्भुत क्रैब नेबुला की उत्पत्ति

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** क्रैब नेबुला आसमान में नजर आने वाली सुंदर निहारिकाओं में निहायती खास जगह रखती है। अब इसके अतीत रहस्य छंटने शुरू हो गए हैं। यह मर चुके एक तारे का अवशेष है। इसकी उत्पत्ति 1054 में हुई थी।

क्रैब नेबुला वैज्ञानिकों व ब्रह्मांड में दिलचस्पी रखने वालों के आकर्षण के घेरे में रही है। इसके बारे में जानने को हर कोई जिज्ञासा रखता था, लेकिन अब यह कुहासा छटना शुरू हो गया है। नई जानकारी के मुताबिक इसके अतीत को समझने के लिए वैज्ञानिकों को जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का सहारा लेना पड़ा। जिससे क्रैब नेबुला की उत्पत्ति की नई जानकारी सामने आई है। वैज्ञानिकों के अनुसार 6,500 प्रकाश वर्ष दूर स्थित क्रैब नेबुला एक सुपरनोवा का अवशेष है। सुपरनोवा विस्फोट 1054 ईसवी में हुआ था। यह भयानक विस्फोट था। जिसका प्रकाश दिन के उजाले में भी पृथ्वी से देखा गया था। अब यह गैस और धूल का एक फैलता हुआ आवरण है, और एक पल्सर द्वारा संचालित बाहर की ओर बहने वाली हवा है। क्रैब नेबुला असामान्य निहारिका है। इसकी संरचना ने सूपरनोवा विस्फोट की ऊर्जा ने खगोलविदों को यह सोचने के लिए प्रेरित किया था कि यह एक इलेक्ट्रॉन-कैप्चर सुपरनोवा था, जो एक दुर्लभ प्रकार का विस्फोट होता है। इसमें ऑक्सीजन, नियॉन और मैग्नीशियम से बना कम विकसित कोर होता है। वेब टेलीस्कोप अपनी संवेदनशील अवरक्त क्षमताओं के साथ इसके रहस्य उजागर कर रहा है। बहुत जल्द क्रैब के कुछ अन्य राज सामने आने की संभावना जताई गई है।



वेब टेलिस्कोप द्वारा ली गई क्रैब नेबुला की आकर्षक तस्वीर।

### अद्भुत है क्रैब नेबुला

**नैनीताल :** क्रैब नेबुला वास्तव में अद्भुत निहारिका है, जो केकड़े की आकृति के समान नजर आती है। अपनेआप में कई रंगों को समेटे हुए है, जो वृषव राशि मे स्थित है। तारों की मृत्यु को लेकर शोध करने वाले वैज्ञानिकों का यह प्रमुख आकर्षण है। अभी तक सैंकड़ों शोध इसपर हो चुके हैं। अंतरिक्ष दूरबीन वेब इसके भविष्य पर प्रकाश डालेगी।